राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 25
लखनऊ, सोमवार 23 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नेताजी की जयंती पर वृद्धाश्रम में सपा नेताओं ने वितरित किये फल 11

सम्मान मिला, रोजगार नहीं... युवाओं के मुद्दे पर संजय सिंह का हमला 03

संक्षिप्त समाचार

राम मंदिर चढ़ावा चोरी कांग्रेस का बड़ा सवाल, कहा, क्या बड़े नामों को बचाया जा रहा है...

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में दाखिल आरोपपत्र पर आज सवाल उठाते हुए कहा कि क्या इसके जरिए बड़े नामों को बचाने और गंभीर सवालों को दरकिनार करने की कोशिश की गई है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि चढ़ावा चोरी, आस्था धोखा! राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी के मामले में 74,000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल हुआ है लेकिन सवाल यह है कि क्या इस आरोपपत्र में चोरी की घटनाओं का पूरा ब्योरा है या सिर्फ 8 कर्मचारियों को आरोपी बनाकर बड़े नामों को बचाया गया है। गंभीर सवालों को दरकिनार किया गया है? रमेश ने आरोपपत्र का हवाला देते हुए कहा कि चार जून 2026 की रात श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय के व्हाट्सऐप पर चोरी का वीडियो पहुंच गया था जिसमें स्नानघर में रखी 2.25 लाख रुपये के नोटों की गड्डियां दिख रही थीं और इसके साथ भेजे गए संदेश में कहा गया था कि कई दिनों से चोरी हो रही है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पांच जून को चंपत राय के आवास पर अनिल मिश्रा, गोपाल (राव) और नरेन्द्र (सिंह) ने लैपटॉप पर चोरी के वीडियो देखे यानी न्यास के शीर्ष पदाधिकारियों के सामने चोरी के सबूत आ चुके थे। रमेश ने कहा कि इसके बावजूद प्राथमिकी 25 जून को दर्ज हुई। उन्होंने सवाल किया कि वीडियो मिलने के बाद 21 दिन तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई और इस देरी की जिम्मेदारी किसकी है। रमेश ने आरोपपत्र का हवाला देते हुए कहा कि पकड़े जाने के बाद आरोपियों ने चोरी के रुपये और आभूषण चंपत राय, गोविंद और न्यास के कर्मचारियों की मौजूदगी में सौंपे। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव आरोपी नहीं, बल्कि गवाह बनाए गए।

मुंबईः चार मंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग

मुंबई । रविवार तड़के दक्षिण मुंबई की चार मंजिला रिहायशी इमारत में आग लग गई। इस घटना में दो बच्चों समेत आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि एक दमकलकर्मी घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आग आधी रात के आसपास गिल्डार लेन पर स्थित हीरा मंजिल (नवजीवन सोसाइटी के पास) की दूसरी मंजिल के एक कमरे में लगी थी। करीब पांच घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद सुबह 5.05 बजे आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार दमकलकर्मियों ने टर्नटेबल सीढ़ी (ऊंची सीढ़ी) का इस्तेमाल करके तीसरी मंजिल पर फंसे एक पुरुष और दो महिलाओं को बचाया, जबकि पहली मंजिल से एक बुजुर्ग महिला को सीढ़ियों के रास्ते बाहर निकाला गया।

अरुणाचल में अमित शाह ने 40 मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को दिखाई हरी झंडी

चीन सीमा से सटे अरुणाचल के 40 गांवों में पलायन थमा

एजेंसी ईटानगर



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि चीन सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश के 40 गांवों में आबादी बढ़ी है और वहां से पलायन रुक गया है।

केंद्र सरकार की ओर से बिजली, रोजगार, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी सुविधाएं पहुंचाने से लोग इन गांवों में लौटने लगे हैं। सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की ओर से स्थानीय सहकारी समितियों से उत्पादों की खरीद भी ग्रामीणों की आय बढ़ाने में मदद कर रही है। अरुणाचल प्रदेश में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने शनिवार को इस संबंध में समीक्षा की थी। गृह मंत्रालय ने आईटीबीपी और सेना को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जरूरत के उत्पाद तेजपुर या गुवाहाटी से खरीदने के बजाय सीमावर्ती गांवों की सहकारी समितियों से खरीदें। इससे गांवों और सुरक्षा बलों के बीच संबंध भी मजबूत हुए हैं। शाह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की महिलाएं अपनी सहकारी समितियों के माध्यम से दूध, अंडे, सब्जियां, मोटे अनाज और आटा उपलब्ध करा रही हैं। इससे ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ रही है और स्थानीय कृषि को भी बढ़ावा मिल रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमावर्ती गांवों को देश का आखिरी गांव मानने की पुरानी सोच बदलकर उन्हें देश का पहला गांव बताया है। उन्होंने कहा कि विकास का सबसे बड़ा अधिकार सीमावर्ती गांवों का है। शाह ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रत्येक परिवार की खुशहाली को अरुणाचल प्रदेश के विकास की चार प्रमुख प्राथमिकताएं बताया। उन्होंने सहकारी संस्थाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों से राज्य को जरूरी खाद्य उत्पादों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राज्य के विकास के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। शाह ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत राज्य के 11 सीमावर्ती जिलों के गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट भी भेजी गई हैं। अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश के 11 सीमावर्ती जिलों में 110.95 करोड़ रुपये की लागत वाली 199 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 'अरुणाचल प्रदेश सहकारिता विजन 2047' का भी अनावरण किया। इसमें सहकारी क्षेत्र के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इससे पहले शनिवार को शाह ने ईटानगर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी। इसमें कानून-व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल, स्थानीय खुफिया तंत्र मजबूत करने और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने पर जोर दिया। अरुणाचल प्रदेश की चीन के साथ करीब 1,126 किलोमीटर लंबी

पीएम की अपील से सोना कारोबारियों को राहत भाजपा बोली, व्यापारियों को नुकसान से बचाया

एजेंसी

नयी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोना नहीं खरीदने की अपील ने व्यापारियों को नुकसान से बचाया तथा इस अपील को डेथ वारंट और घबराहट पैदा करने वाला बताने के लिए विपक्षी कांग्रेस से माफी की मांग की। भाजपा की यह प्रतिक्रिया चौंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिखे जाने के बाद आई है। सीटीआई ने लोगों को सोना न खरीदने संबंधी प्रधानमंत्री की सलाह के लिए पत्र में उन्हें धन्यवाद दिया है। सीटीआई ने कहा कि प्रधानमंत्री की सलाह ने लाखों जौहरियों, व्यापारियों और निवेशकों को भारी नुकसान से बचाया, क्योंकि सोने की कीमत 1.90 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 1.25 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, यानी इसमें 65 लाख रुपये प्रति किग्रा की कमी आई। साथ ही, यह भी कहा गया कि सोने की कीमतों में आई इस गिरावट से मौजूदा शादी-ब्याह के सीजन में परिवारों को काफी राहत मिली है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट में कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के लोगों से सोना खरीदने को टालने की अपील की, तो कांग्रेस ने इसे डेथ वारंट करार दिया था। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में गिरावट आने से, प्रधानमंत्री मोदी की सलाह मानने वाले व्यापारियों को प्रति किग्रा सोना खरीदने पर 65 लाख रुपये की बचत हुई। व्यापारी संगठनों ने आज प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, कांग्रेस को व्यापारियों को गुमराह करने और दहशत फैलाने के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, गांधी-वाद्रा परिवार, जो तब आलीशान जीवन जीता था जब भारत की बहुसंख्यक आबादी गरीब थी, उसे प्रधानमंत्री मोदी से आर्थिक प्रबंधन और सादा जीवन जीने का तरीका सीखना चाहिए।



भारत का तेल और गैस आयात बिल अक्टूबर में 60 प्रतिशत बढ़ा, एलपीजी की खपत घटी

नयी दिल्ली एजेंसी। भारत का तेल एवं गैस आयात बिल अक्टूबर में 60 प्रतिशत बढ़कर 16 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत आने वाले पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत सालाना आधार पर लगभग दोगुनी होकर 124.77 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने के चलते आयात बिल बढ़ा। अक्टूबर 2025 में शुद्ध आयात बिल 10 अरब डॉलर था। हालांकि, मात्रा के हिसाब से कच्चे तेल का आयात केवल 11 प्रतिशत बढ़कर 2.33 करोड़ टन रहा। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर 1.3 अरब डॉलर खर्च हुए, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से 6.3 अरब डॉलर की कमाई हुई। ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत सितंबर में 116.77 डॉलर और अक्टूबर 2025 में 64.75 डॉलर प्रति बैरल थी। अक्टूबर में भारतीय बास्केट के कच्चे तेल की औसत कीमत 119.91 डॉलर प्रति बैरल रही, जो एक साल पहले 65.08 डॉलर थी। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान शुद्ध आयात बिल बढ़कर 97.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 70.3 अरब डॉलर था। इस दौरान मात्रा के हिसाब से कच्चे तेल का आयात 2.7 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन इस पर 111 अरब डॉलर खर्च हुए, जबकि एक साल पहले यह खर्च 72.3 अरब डॉलर था। पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की खपत अक्टूबर में 12.3 प्रतिशत और अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 15.1 प्रतिशत घट गई। एक नवंबर को सक्रिय घरेलू एलपीजी ग्राहकों की संख्या 32.6 करोड़ रही, जो एक अप्रैल के 33.4 करोड़ से कम है। सरकारी कंपनियों की घरेलू एलपीजी बिक्री अक्टूबर में 11.8 प्रतिशत और थोक एलपीजी बिक्री 49.1 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, ऑटो एलपीजी की बिक्री में 23.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

भारत में विस्तार के लिए एयरबीएनबी की नई रणनीति, पारंपरिक पर्यटन स्थलों से आगे बढ़ने की तैयारी

नयी दिल्ली। वैश्विक आतिथ्य मंच एयरबीएनबी देश के बढ़ते घरेलू यात्रा बाजार का लाभ उठाने के लिए पारंपरिक पर्यटन स्थलों से आगे बढ़कर भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने की योजना बना रही है। इसके तहत कंपनी होमस्टे खंड को मजबूत करने और अधिक स्थानीय उद्यमियों को अपने मंच से जोड़ने पर ध्यान दे रही है। एयरबीएनबी इंडिया के कंट्री मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने एक साक्षात्कार में कहा कि कंपनी की भारत में वृद्धि रणनीति गुणवत्तापूर्ण आवास बढ़ाने, अधिक समुदायों को पर्यटन में भागीदार बनाने और ठहरने की सुविधा से आगे बढ़कर अनुभवों तथा सेवाओं के जरिये अपनी पेशकश में विविधता लाने पर केंद्रित होगी। बजाज ने कहा, हम पारंपरिक अवकाश बाजारों तथा महानगरों के साथ-साथ आध्यात्मिक गलियारों और प्रकृति से जुड़े स्थानों जैसे उभरते गंतव्यों में भी गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति का विस्तार जारी रखेंगे। हम चाहते हैं कि यात्रियों के पास अधिक विकल्प हों और स्थानीय समुदायों को पर्यटन से लाभ मिले। उन्होंने बताया कि भारत वैश्विक स्तर पर एयरबीएनबी के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है, जिसमें घरेलू यात्रा वृद्धि का एक बड़ा आधार बनकर उभरी है। वर्ष 2026 की पहली छमाही में भारतीय मेहमानों द्वारा की गई 85 प्रतिशत से अधिक बुकिंग घरेलू थीं, जबकि इस दौरान पहली बार बुकिंग करने वाले लगभग 70 प्रतिशत लोग जेन जी (युवा पीढ़ी) से थे। बजाज ने कहा, हमारी मौजूदगी पूरे भारत में है और यात्रा का नक्शा लगातार बड़ा हो रहा है, क्योंकि यात्री प्रकृति, संस्कृति, विरासत और स्थानीय अनुभवों के लिए पारंपरिक पर्यटन केंद्रों से आगे बढ़कर विकल्प देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पर्वतीय स्थलों के साथ ही कांगड़ा, पूर्वी खासी हिल्स और श्रीनगर जैसे स्थान लोगों का ध्यान खींच रहे हैं, जबकि वाराणसी और अमृतसर प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों के रूप में उभर रहे हैं।

गुजरात में ट्रक और कार की भीषण टक्कर, सेना के परिवारों के 7 सदस्यों की मौके पर मौत

भुज। पुलिस ने रविवार को बताया कि गुजरात के कच्छ जिले में एक नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक के कार से टकरा जाने के कारण सेना के परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। कच्छ पश्चिम पुलिस कंट्रोल रूम के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे हुआ, जब ये परिवार रन ऑफ कच्छ (कच्छ के रण) से घूमकर भुज लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में तीन महीने की एक बच्ची भी शामिल थी। कार पूरी तरह से पिचक गई थी, जिससे शवों को बाहर निकालने में कई घंटे लग गए। अधिकारी ने बताया कि ये सभी लोग उत्तराखंड के गढ़वाल के रहने वाले थे और भुज में तैनात सेना के जवानों के परिवार के सदस्य थे। अधिकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सौरभ सिंह नेगी (30), उनकी पत्नी सविता (30), उनकी तीन महीने की बेटी सिविका, राजेश सिंह रावत (35), उनकी बेटी रक्षिता (7), रिंकी गोसाई (30) और उनकी चार साल की बेटी वामिका के रूप में हुई है।

ट्रक ने ऑटो-रिक्शा को मारी टक्कर, तीन महिलाओं समेत एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

(एजेंसी)

हैदराबाद । तेलंगाना के विकाराबाद जिले में रविवार को सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा ट्रक के ऑटो-रिक्शा में टक्कर मारने की वजह से हुआ है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बुग्गा रामेश्वरम के पास हुआ। ऑटो-रिक्शा के ड्राइवर और उसमें सवार तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। ऑटो-रिक्शा उसी जिले के पेंडलिमुडुगु गांव से केरेली की ओर जा रहा था। मरने वाले एक ही परिवार के थे। उनकी पहचान नागेश, चंद्रम्मा, पर्वतम्मा और सरिता के रूप में हुई है। वे पेंडलिमुडुगु गांव के रहने वाले थे और किसी काम से दूसरे गांव जा रहे थे, तभी ट्रक ने उनके ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए पास के सरकारी अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में एक और एक्सीडेंट में एक प्राइवेट ट्रैवल बस के चार पैसेंजर गंभीर रूप से घायल हो गए। गाड़ी का कंट्रोल खो गया था और वह खेत में जा गिरी। यह एक्सीडेंट नेल्लोर जिले में मनुबोलू चौराहे के पास हुआ। प्राइवेट बस का एक टायर फटने के बाद ड्राइवर ने बस पर से कंट्रोल खो दिया। बस सड़क से फिसलकर खेत में जा गिरी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। इस बीच, आंध्र प्रदेश में एक और एक्सीडेंट में एक पॉपुलर तेलुगु टेलीविजन शो के दो कॉमेडियन घायल हो गए। उनकी कार बिजली के खंभे से टकरा गई। यह एक्सीडेंट वेस्ट गोदावरी जिले के पलाकोडेरू मंडल में पेन्नाडा अग्रहारम के पास हुआ। कार काकीनाडा से भीमावरम जा रही थी। शो की टीम के सदस्य राइजिंग राजू और दोराबाबू एक्सीडेंट में घायल हो गए। उन्हें भीमावरम के एक हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के लिए हरिद्वार में 8 जोन और 30 सेक्टरों में होगी मजिस्ट्रेटों की तैनाती

हरिद्वार । कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 24 नवंबर को होने वाले स्नान पर्व पर देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत पूरे मेला क्षेत्र को 8 जोन और 30 सेक्टरों में विभाजित कर जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार 23 नवंबर को सुबह 10 बजे से 24 नवंबर को स्नान पर्व की समाप्ति तक सभी मजिस्ट्रेट अपने निर्धारित क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। हरकी पैड़ी, नाई सोता घाट, सुभाष घाट, बाईपास, खड़खड़ी, अपर रोड, सिंहद्वार और मनसा देवी मंदिर को जोन बनाया गया है। इनकी जिम्मेदारी क्रमशः हरि गिरि, मंजीत सिंह, आकाश जोशी, योगेश कुमार, गोपाल राम बिनवाल, अतुल प्रताप सिंह, खुशवंत सिंह चौहान और योगेश मेहरा को सौंपी गई है।स्नान पर्व के लिए बनाए गए 30 सेक्टरों में हरकी पैड़ी, मालवीय दीप, कांगड़ा पुल, नया संजय पुल, महिला घाट, सुभाष घाट, गौ घाट, मोती बाजार, बड़ा बाजार, कुशाघाट चौक, विष्णुघाट, पावन धाम, रोड़ी बेलवाला, पंतद्वीप, चंडी घाट, भीमगोड़ा, शिवमूर्ति, देवपुरा, ऋषिकुल, सिंहद्वार, बैरागी कैंप, रेलवे स्टेशन और मनसा देवी मंदिर सहित प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेटों को पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कानून व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण और यातायात सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं। आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने और 24 घंटे मोबाइल चालू रखने को कहा गया है।आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए रोशनाबाद स्थित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 23 नवंबर से 24 घंटे सक्रिय रहेगा। कंट्रोल रूम का नंबर 7351428593 जारी किया गया है।

श्रद्धांजलि | **मुलायम सिंह की जयंती पर बोले अखिलेश**

रिश्ते सुधारने आए तो हाथ बढ़ाने से पीछे मत हटना...

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजनीति में समीकरण बदलते रहते हैं, लेकिन रिश्तों को निभाने की सीख जिंदगी भर साथ रहती है। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर उनके बेटे अखिलेश यादव ने पिता की एक ऐसी सीख साझा की, जिसने राजनीतिक गलियारों में भी ध्यान खींचा है।

अखिलेश ने बताया कि नेताजी ने उन्हें सिखाया था कि कोई व्यक्ति आपके खिलाफ क्यों न चला जाए, अगर वह सच्चे मन से रिश्ते सुधारने आए तो हाथ बढ़ाने से पीछे नहीं हटना चाहिए। 22 नवंबर को मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर अपने पिता की पुरानी तस्वीर साझा की। नेताजी को नमन करते हुए उनके समाजवादी सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों को जीवन के हर क्षेत्र में अपनाने का संकल्प दोहराया। अखिलेश ने लिखा कि वह पिता के विचारों को और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अखिलेश यादव ने पिता से मिली सबसे सरल सीख का जिक्र करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मुश्किल समय में उसके साथ खड़े होना चाहिए। नेताजी हमेशा यह सिखाते थे कि अगर कोई मदद की उम्मीद लेकर आए तो क्षमतानुसार सहायता जरूर करनी चाहिए। यही मानवीय सोच मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन की पहचान थी।अखिलेश ने कहा कि कभी कोई व्यक्ति परिस्थितियों या दबाव के कारण आपके खिलाफ हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह हमेशा गलत ही रहेगा। उनके अनुसार, नेताजी की सीख थी कि अगर कोई निस्वार्थ भाव से संबंध सुधारने की पहल करे तो उसका स्वागत करना चाहिए। अखिलेश ने संदेश को किसी राजनीतिक दल या नेता से नहीं जोड़ा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलायम सिंह यादव को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और पद्म विभूषण से सम्मानित मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए सोशल मीडिया पर संदेश साझा किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने नेताजी को नमन किया।मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवंबर 1939 को इटावा जिले के सैफई गांव में हुआ था। उन्होंने 1967 में जसवंतनगर से पहली बार विधानसभा चुनाव जीता। अपने लंबे राजनीतिक करियर में वह 10 बार विधायक और सात बार सांसद रहे। मुलायम सिंह यादव तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली। 10 अक्टूबर 2022 को उनका निधन हो गया था। भारतीय राजनीति में उन्हें समाजवादी आंदोलन के प्रमुख चेहरों में गिना जाता है।



संक्षिप्त खबरें

सुजौली के घूरेपुरवा में तेंदुए का दिखा मुवमेंट, बकरी को बनाया शिकार

बहराइच समृद्धि न्यूज़ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज अंतर्गत घूरेपुरवा गांव में बीती शाम तेंदुए ने हमला कर बकरी को घायल कर मार डाला था। गांव निवासी रफीक के अहाते में बंधी बकरी पर गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने हमला कर दबोच लिया। ग्रामीणों व परिजनों के हाका लगाने पर तेंदुआ बकरी को छोड़कर खेतों की ओर भाग गया।परिजनों ने तत्काल वन क्षेत्राधिकारी सुजौली नीरज श्रीवास्तव को सूचना दी। उनके निर्देश पर वन दरोगा अनिल कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और हमले की पुष्टि की। ग्रामीणों को अलर्ट रहने को कहा गया। रेंजर नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। बीते एक हफ्ते से घूरेपुरवा में तेंदुए की मूवमेंट देखी जा रही है। एक हफ्ते में दो मवेशियों का शिकार हो चुका है। दो दिन पूर्व ही तेंदुए ने एक बछड़े को शिकार बनाया था।

रोडवेज बस की मनमानी से यात्री त्रस्त महिलाएं भी पैदल चलने को मजबूर

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जरवल रोड तिराहे तक रोडवेज बस न लाने से यात्रियों में भारी आक्रोश है। यात्रियों का आरोप है कि बहराइच से जरवल रोड आने वाली रोडवेज बसें तिराहे तक न आकर करीब 1 किलोमीटर पहले ही ओवरब्रिज पर जबरदस्ती सवारी उतार देती हैं। लेडीज, जेंट्स सभी सवारियों को वहां से पैदल चलकर तिराहे तक आना पड़ता है। यात्रियों के मुताबिक बस UP 78 LT 3362 में सवार अकित कुमार, प्रमोद कुमार, पिंकी, महक, दिलशाद, रोहित, राजकुमार, ओमकारेश व मोहिनी सहित अन्य यात्रियों को भी इसी तरह ओवरब्रिज पर उतार दिया गया। सवारियों ने तिराहे तक ले चलने को कहा तो बस कर्मियों से कहासुनी हो गई। बस ड्राइवर आग बबूला होकर यात्रियों को अपशब्द कहने पर उतारू हो गया काफी देर लड़ाई झगड़ा होने के बाद किसी तरीका से बस ओवरब्रिज से वापस उतार कर जरवलरोड में तिराहे पर आई। यात्रियों ने बताया कि यह कोई एक दिन की बात नहीं है। आए दिन यही होता है। तिराहे तक न ले जाने पर रोज सवारी से लड़ाई होती है। महिलाएं, बुजुर्ग और सामान लिए यात्री सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। ओवरब्रिज से तिराहे तक पैदल आने में उन्हें काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। आज 8-10 लोग थे तो किसी तरीके से ले आया एक दो यात्री होने पर जबरदस्ती नीचे उतार देते हैं। यात्रियों ने मांग की है कि रोडवेज की बसों को निर्धारित स्टॉप जरवल रोड तिराहे तक लाया जाए और मनमानी करने वाले बस कर्मियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों को रोज-रोज की परेशानी से राहत मिल सके।

दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

बहराइच समृद्धि न्यूज़ एक महिला का शव उसके कमरे में पड़ा मिला। मृतका के परिवारजन ने दहेज की मांग पूरी न होने के चलते महिला की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला की मौत के बाद ससुरालीजन घर से फरार हो गए हैं। रामगांव के तारापुर कला के धोबियाहार निवासी जगदीश प्रसाद पाल ने रानीपुर थाने में तहरीर देकर कहा है कि उन्होंने अपनी भतीजी 27 वर्षीय सुमन पाल का विवाह वर्ष 2020 में रानीपुर इलाके के धर्मपुर बेहड़ा निवासी इंद्रजीत के साथ किया था। विवाह के बाद से ही ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। इसकी जानकारी बेटी द्वारा फोन पर कई बार दी गई। कई बार समझाने के बाद भी ससुरालीजन नहीं माने। आरोप लगाया कि शुक्रवार को उसकी पिटाई की गई। इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बयान दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विशाल भंडारे के साथ रामचरितमानस सम्मेलन का भव्य समापन, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। कस्बे से सटी बाबा प्रेमदास की हनुमंत कुटी पर महंत लालतादास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित वार्षिक रामचरितमानस सम्मेलन का शुक्रवार को विधि-विधान के साथ समापन हुआ। इसके पश्चात शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र और दूर-दराज से आए हजारों शिष्यों व श्रद्धालुओं ने महाराज जी का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। सुबह 11:00 बजे शुरू हुआ भंडारे का यह सिलसिला देर रात तक अनवरत चलता रहा। परंपरा के अनुसार, सर्वप्रथम कार्यक्रम में पधारे हजारों साधु-संतों का सम्मान कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके बाद आम श्रद्धालुओं और भक्तों ने पंगत में बैठकर श्रद्धापूर्वक प्रसाद पाया। इस दौरान पूरा आश्रम परिसर 'जय श्री राम' के जयकारों और भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा। उल्लेखनीय है कि चातुर्मास के उपरांत प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस संत सम्मेलन में स्थानीय संत-विद्वानों के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ भाग लेते हैं। सम्मेलन के दौरान संतों द्वारा रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का विशद और भावपूर्ण वर्णन किया गया। इसके अतिरिक्त, धार्मिक अनुष्ठान के तहत नवाह्न पारायण की चौपाइयों के माध्यम से वैदिक यज्ञ भी संपन्न कराया गया, जिसमें भक्तों ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

खेरवा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भगवान के अवतारों का वर्णन



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र के खेरवा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति, उनके विभिन्न अवतारों और भक्ति की शक्ति का भावपूर्ण वर्णन सुनने का अवसर मिला। कथा व्यास पंडित गोविन्द शास्त्री जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान के चौबीस अवतारों का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। इसके साथ ही समुद्र मंथन के प्रसंग के माध्यम से जीवन में अच्छे और बुरे विचारों के संघर्ष को समझाया गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सात्विक विचारों को अपनाना चाहिए, क्योंकि सकारात्मक सोच ही सुख, शांति और सदाचार का मार्ग प्रशस्त करती है।

कथा में बाल भक्त ध्रुव की कठिन तपस्या, भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति विदुर जी के प्रेमपूर्ण आतिथ्य का भी सुंदर वर्णन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि सच्ची भक्ति में न धन का महत्व है और न ही पद का, भगवान तो केवल भक्त के निर्मल प्रेम और सच्चे भाव के वशीभूत होते हैं। कथा के दौरान भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन व सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवरेती का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

युवक युवतियों को आनलाइन सेवाएं प्राप्त करने के लिए किया जागरूक



समृद्धि न्यूज़

बहराइच भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय विशेष अभियान तिथि के दौरान संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार व मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच अन्तर्गत मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन-प्रथम तथा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवरेती का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन-प्रथम के निरीक्षण के दौरान सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार भी मौजूद थे। मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन-प्रथम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बूथ लेबिल अधिकारी रेणुबाला, रीता सिंह, भावेश द्विवेदी, घनश्याम व प्रवीण कुमार शुक्ला तथा मतदान केन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवरेती पर मौजूद बूथ लेबिल अधिकारी रजत कुमार सिंह व दीपिका पाठक से मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ से प्राप्त फॉर्म-6, 7 व 8 की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि गया वे घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अन्तिम निर्वाचक नामावली एवं उसके पश्चात की समस्त पूरक सूचियों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बीएजओ को निर्देश दिया कि डबलिंग न होने पाये तथा बर्ल्ड फोटो अपलोड करने से बचा जाय तथा प्रयास कर अधिकाधिक नवयुवकों नवयुवतियों के प्रपत्र-6 भरवाये जायें। डीएम ने कहा कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र युवाओं के प्रपत्र-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जुड़वाया जाए। साथ ही मृतक, स्थानान्तरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम फॉर्म-7 के माध्यम से सूची से हटाए जाएं तथा नाम, पता, फोटो आदि में त्रुटि होने पर फॉर्म-8 से सुधार कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि फॉर्म-6, 7 व 8 का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी बीएलओ को निर्देश दिया कि बूथ पर आने वालो को मोबाइल पर क्यू.आर. कोड को स्कैन करके वोटर हेल्पलाइन ऐप, सीईओ उत्तर प्रदेश तथा वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन वेबसाइट की सेवाएं आनलाईन प्राप्त करने हेतु जागरूक भी किया जाय। डीएम ने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान आमजन विशेषकर 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं, विशेषरूप से कमज़ोर जनजातीय समूह, अर्ह एवं छूटे हुए दिव्यांगजन, महिलाओं, बेघर के प्रपत्र 06 भरवाये जाने पर विशेष फोकस किया जाय।

होलिया घाट पर लगने वाले एक सप्ताह के मेले की हो रही तैयारी

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राप्ती नदी पर आयोजित होगा मेला



समृद्धि न्यूज़

बहराइच समृद्धि न्यूज़ कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राप्ती नदी के होलिया घाट पर लगने वाले मेले की तैयारी हो रही है । नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल सीमा पर स्थित होलिया गांव में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एक सप्ताह के मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भारत और नेपाल के श्रद्धालु राप्ती नदी के होलिया घाट पर स्नान कर मेले में पहुंच कर झूले,सर्कस डाँस पार्टीओ का आनंद उठाते हैं। एक सप्ताह के लगने वाले मेले में विभिन्न प्रकार की दुकान भी सजती है घर गृहस्ती के समान से लेकर कपड़े, बर्तन, काष्ठ खिलौने तथा विभिन्न प्रकार के उपकरण की दुकाने मेले में सजती हैं। एक सप्ताह के मेले का प्रबंध मेला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा की निगरानी में होता है। श्रद्धालुओं व मेलार्थीयों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस बार मेले का आकर्षण झूला डाँस पार्टी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे। एक सप्ताह के मेले का शुभारम्भ कार्तिक पूर्णिमा आगामी मंगलवार के दिन से शुरू होगा और दूसरे मंगलवार तक जारी रहेगा। यदुनंदन मिश्रा ने बताया कि राप्ती नदी के होलिया घर पर लगने वाले एक सप्ताह के मेले का काफी महत्व है। बड़ी संख्या में नेपाल के बेतहनी, खड़ैचा, नारायणपुर, जफर पुरवा,हलबल डोली, विरता, आदि क्षेत्रों से नेपाली श्रद्धालु और भारतीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के बाद मेले में खरीदारी करते हैं। मेले में मेलार्थियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अस्थाई रूप से पुलिस चौकी भी बनाई जाती है।

कार्तिक पूर्णिमा को लेकर कोटवाधाम में तैयारियां हुई तेज

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के श्री कोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है।मेला शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है।बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर परिसर में पहुंचकर श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर प्रसाद चढ़ा रहे हैं।मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को और मजबूत कर दिया है।रविवार को अग्रहण सरोवर को प्रशासन ने बैरिकेडिंग और जाली लगाकर सुरक्षित किया, जिससे श्रद्धालु स्नान करने के लिए गहरे पानी में न जाएं।श्रद्धालु किनारे ही प्रशासन द्वारा तय किए गए स्थान पर स्नान करें, इसके लिए पुलिस और वॉलिंटियर तैनात किए जा रहे हैं।वहीं तमाम श्रद्धालु लेटकर परिक्रमा करते हुए बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के दरबार पहुंच रहे हैं।

पिकप ई रिक्शा की टक्कर में तीन लोगों की मौत

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। देवा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में रविवार दोपहर करीब एक बजे इंडियन गैस एजेंसी के सामने पिकअप और ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसे में ई-रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि पांच लोग घायल हो गए।घायलों में तीन की हालत गंभीर है। हादसे के शिकार सभी लोग सीतापुर के रहने वाले थे और रोजगार के लिए मुंबई जा रहे थे।उनकी बाराबंकी से ट्रेन थी। वे फतेहपुर से ई-रिक्शा में सवार होकर स्टेशन जा रहे थे।टक्कर के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस से सभी को सीएचसी देवा पहुंचाया गया। यहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान राम विलास (34) निवासी देवरिया, सीतापुर और राजकुमार (28) पुत्र सुरजीत निवासी अभनपुर, रामपुर मथुरा, सीतापुर के रूप में हुई। गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजे गए घायलो मे सोनी पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी फैजाबाद की इलाज के दौरान मौत हो गई।हादसे मे घायल जितेंद्र कुमार (48), ई-रिक्शा चालक मैनुद्दीन निवासी कटरा, फतेहपुर और परवेज को जिला अस्पताल रेफर किया गया।वही रणधीर यादव (32) और रिंकू (21), दोनों निवासी अभनपुर,रामपुर मथुरा,सीतापुर का सीएचसी देवा में इलाज चल रहा है।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के विशेष अभियान दिवस पर मंडलायुक्त/रोल प्रेक्षक ने किया विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण

जनपद के सभी 2768 मतदेय स्थलों पर आयोजित हुआ विशेष अभियान दिवस, बीएलओ रहे उपस्थित

समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत आज जनपद के सभी 2768 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। अभियान के दौरान सभी निर्धारित बूथों पर संबंधित बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, नाम एवं विवरणों में संशोधन तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की कार्यवाही करते रहे। अभियान को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आयुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या/रोल प्रेक्षक श्री राजेश कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 268-बाराबंकी के विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेंट्रल एकेडमी स्कूल, आवास विकास कॉलोनी में स्थापित बूथ संख्या 249, 250 एवं 251, जय हिंद इंटर कॉलेज, आवास विकास में बूथ संख्या 252 एवं 253, रामसेवक इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग में बूथ संख्या 400, 401 एवं 402 तथा कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, बड़ेल में बूथ संख्या 384 एवं 385 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय, बड़ेल में बूथ संख्या 386, 387 एवं 388 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित बीएलओ से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, प्राप्त दावे एवं आपत्तियों तथा फार्म-6, 7 एवं 8 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही उपलब्ध अभिलेखों एवं बीएलओ रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बीएलओ अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए सक्रियता से कार्य करें। विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं एवं ऐसे पात्र नागरिकों, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, को जागरूक करते हुए उनका पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन तथा अपात्र एवं मृतक मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों के नियमानुसार परीक्षण की कार्यवाही भी पूरी गंभीरता से की जाए। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनपद में विशेष अभियान दिवस के सफल संचालन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निरंकार सिंह सहित संबंधित उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मतदेय स्थलों का सतत निरीक्षण किया गया।

21 साल पहले जेल से फरार हिस्ट्रीशीटर हुआ गिरफ्तार

देहात कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम को मिली सफलता



समृद्धि न्यूज़

बहराइच। जिले की पुलिस ने 21 साल पहले जिला कारागार से फरार हुए 50 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर शमीन को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मटेरा थाने का लापता हिस्ट्रीशीटर शमीन कोतवाली देहात क्षेत्र से पुलिस के हत्थे चढ़ा। उसकी गिरफ्तारी के लिए स्वाट टीम और कोतवाली देहात पुलिस पिछले छह महीने से लगातार प्रयास कर रही थी। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि शमीन वर्ष 2005 में चार अन्य बंदियों के साथ जेल से फरार हुआ था। हालांकि, फरार हुए अन्य बंदियों के साथ जेल से फरार हुआ था। हालांकि, फरार हुए अन्य चार आरोपियों को दो महीने के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन शमीन लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पूछताछ में शमीन ने बताया कि जेल से फरार होने के बाद वह पैदल ही नेपाल पहुंच गया था। वहां कई वर्षों तक रहकर सब्जियां बेचने का काम करता रहा। इस दौरान नेपाल में एक मामले में जेल भी गया। वहां से छूटने के बाद गुजरात और फिर दिल्ली चला गया।

श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 7.0 का शुभारंभ

22 व 23 नवंबर को सीमा क्षेत्र के 38 गांवों में आयोजित होगा स्वास्थ्य कैंप

24 नवंबर को मरी माता मंदिर परिसर में आयोजित होगा मेगा स्वास्थ्य शिविर

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। समृद्धि न्यूज़ श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तत्वावधान में आगामी 22 व 23 नवंबर को सीमा क्षेत्र के 38 गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा तथा 24 नवंबर को मरी माता मंदिर परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) बहराइच की अध्यक्ष डॉ. सारिका साहू एवं यात्रा संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज सहित 58 से अधिक चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सक एवं चिकित्सा छात्र उपस्थित होकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र वत्स जी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (अवध प्रांत) के प्रांत प्रचारक कौशल, मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहिया संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह, सीएमओ बहराइच डॉ. संजय कुमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय, मेडिकल कॉलेज बहराइच के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री, श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के उपाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार, सरदार पटेल ग्रुप लखनऊ के श्लोक सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेंद्र दुबे, लोहिया संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर विक्रम सिंह, बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष विराज सागर दास, एनएमओ कोषाध्यक्ष डॉ. रोहित अग्रवाल और दयाल ग्रुप लखनऊ के पार्थ सिंह उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच के जिला प्रचारक अजय, यात्रा के सह-संयोजक रमेश पाठक, एनएमओ उपाध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, सह-सचिव डॉ. अमिताभ मिश्रा, डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. शेफाली गुप्ता, डॉ. दिव्येश बरनवाल, डॉ. बृजेश शुक्ला, डॉ. रामकुमार, डॉ. दिवाकर दत्त त्रिपाठी, डॉ. यूके वर्मा, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, जिला प्रचार प्रमुख विपिन आदि उपस्थित रहे।

समाज के सबसे कमजोर वर्ग की आवाज थे हमारे नेता स्व मुलायम सिंह यादव-गोप

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। नेताजी मुलायम सिंह यादव सिर्फ एक नेता नहीं बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग की आवाज थे उन्होंने किसानों मजदूरों पिछड़ों अल्पसंख्यकों के साथ सर्व समाज को राजनीति की मुख्य धारा मे लाकर खड़ा किया है आज उनकी जयंती पर हम सबको उनके उसी संघर्ष और विचारों को आगे बढ़ने का संकल्प लेकर चलते हुए समाजवादी पार्टी को 2027 के विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत दिलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पुनः उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने के नेताजी के सपने का प्रण भी पूरा करना है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता की । एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की जयंती एवं समाजवादी पुरोधा स्वर्गीय रामसेवक यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव एवं स्वर्गीय रामसेवक यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाजवादी पुरोधाओं को नमन करने के उपरांत व्यक्त किए। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने स्वर्गीय रामसेवक यादव के संघर्ष कार्यों जन सेवा पर चर्चा करते हुए कहा कि बाराबंकी की धरती से डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारों को जन-जन तक पहुंचने वाले सच्चे जनसेवक थे राम सेवक यादव ऐसे जुझारू और कर्मठ नेता थे। मुलायम सिंह यादव का पूरा जीवन समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कभी संघर्ष से समझौता नहीं किया आज उनकी जयंती पर हम अखिलेश यादव के नेतृत्व में उसी मिशन को आगे बढ़ाने और 2027 में समाजवादी सरकार बनाकर नेताजी के अधूरे कामों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने मुलायम सिंह यादव जी को याद करते हुए कहा नेताजी हमेशा गरीबों किसानों और युवाओं के हित में काम करते थे। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जैदपुर विधायक गौरव रावत ने भी सम्बोधित किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव नेताजी दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों के सच्चे संरक्षक थे उनका व्यवहार हमेशा सबको साथ लेकर चलने वाला रहा हैं आज नेताजी की जयंती पर हम सभी को यह संकल्प लेते हुए आगे बढ़ाना है। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सरवर अली खां ने कहा स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी हमेशा मेहनत लगन ईमानदारी से पार्टी की सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करते थे पूरे प्रदेश में हर कार्यकर्ता पर उनकी नजर होती थी जो कार्यकर्ता पार्टी को विस्तार देने का काम करता था ऐसे कार्यकर्ताओं को नेताजी पार्टी के शीर्ष पदों पर समायोजित करके उसका उत्साहवर्धन करते थे। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राम मगन रावत ने कहा श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव के कार्यों से सदा मुझे प्रेरणा मिलती है आज नेताजी हमारे बीच में नहीं है उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती लेकिन हम लोगों को नेताजी के सपनों को साकार करने के लिए पूरे जोश जुनून के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम पूरी शिद्दत से करते रहना है। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब 2027 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करें। पार्टी कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक सरवर अली खां, पूर्व विधायक राममगन रावत, राम गोपाल रावत, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह हुमायूं नईम खान पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवाई उबेद चौधरी राष्ट्रीय प्रवक्ता फैजान किदवाई, अधिवक्ता सभा राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र वर्मा एडवोकेट, जितेंद्र पटेल, सतीश पांडे एडवोकेट, यूथ बिग्रेड अध्यक्ष शाफे जुबेरी, बाबा साहब वाहिनी जिला अध्यक्ष संदीप प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य सोनी यादव राम सजीवन रावत, राम बक्स आदि प्रमुख लोगों ने श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव एवं समाजवादी पुरोधा रामसेवक यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया।

अब गंभीर मरीजों का इलाज एक ही तरीके से नहीं होगा

केजीएमयू में राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान व्यक्तिगत चिकित्सा और आधुनिक तकनीकों पर मंथन, 900 से अधिक विशेषज्ञों ने लिया हिस्सा



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। गंभीर रूप से बीमार मरीजों के इलाज में अब एक जैसी चिकित्सा पद्धति के बजाय उनकी आनुवंशिक संरचना, शारीरिक स्थिति और बीमारी के अनुरूप उपचार की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन 'प्रिसिजन मेडिसिन इन क्रिटिकल केयर' (पीएमआईसी-2026) में चिकित्सा जगत की इसी नई सोच पर व्यापक मंथन हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के 900 से अधिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लेकर आधुनिक चिकित्सा की संभावनाओं पर विचार साझा किए। दो समानांतर सभागारों में आयोजित 12 वैज्ञानिक सत्रों में गंभीर मरीजों के व्यक्तिगत उपचार, सेप्सिस, दवाओं के दुष्प्रभाव कम करने, कैंसर के मल्टी-ओमिक्स आंकड़ों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल पर चर्चा हुई। इंटेंसिव केयर, फेफड़ा रोग, गुर्दा रोग, न्यूरोलॉजी, कैंसर चिकित्सा और नर्सिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भी अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन में अमेरिका की सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (एससीसीएम) की आईएमईए टीम की भागीदारी खास रही। एससीसीएम के पूर्व अध्यक्ष डॉ. क्रेग कूपरस्मिथ, क्लीवलैंड क्लिनिक अबू धाबी के डॉ. यासिर ताराबिची और मार्क रिची ने भी हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में पीएमआईसी और एससीसीएम आईएमईए के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया शुरू की गई। इसका उद्देश्य शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है। पीएमआईसी के तहत आठ अनुसंधान नेटवर्क बायोमार्कर, जीनोमिक्स, पोषण, माइक्रोबायोम, वृद्धावस्था और नशे से जुड़ी व्यक्तिगत चिकित्सा पर काम कर रहे हैं। इनमें केजीएमयू, एसजीपीजीआईएमएस, एम्स और पीजीआई चंडीगढ़ के शोधकर्ता शामिल हैं। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि प्रिसिजन मेडिसिन स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य है। उनके मुताबिक डेटा आधारित उपचार से चिकित्सा की गुणवत्ता और मरीजों के परिणामों में सुधार की संभावनाएं बढ़ेंगी। हालांकि, इस दिशा में तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल और उसे आम मरीजों तक पहुंचाना भी महत्वपूर्ण होगा।

144 पीपीएस अफसरों का ट्रांसफर

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में तबादलों का दौर शुरू हो गया है। आईएएस और पीसीएस के बाद अब पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। शासन ने कई जिलों के सीओ का ट्रांसफर करते हुए 144 पीपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। इतने बड़े स्तर पर हुए तबादले से विभाग में हड़कंप मचा है। ट्रांसफर को लेकर आदेश भी जारी हो गया। इसके अलावा दो अफसरों का तबादला निरस्त कर दिया गया है।

इसमें शोभित कुमार को पुलिस उपाधीक्षक, जनपद कानपुर देहात, दिलीप कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक, जनपद मीरजापुर, सुजीत कुमार दुबे पुलिस उपाधीक्षक जनपद अयोध्या, शुभम तोडी पुलिस उपाधीक्षक सम्भल, अतुल कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक महराजगंज, महेन्द्र कुमार शुक्ला पुलिस उपाधीक्षक महोबा, रवि कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक गोण्डा, आशुतोष तिवारी और राजेश सिंह को पुलिस उपाधीक्षक हरदोई, नीलेश मिश्रा पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर, प्रवीण कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक हापुड़, बृजमोहन राय पुलिस उपाधीक्षक एपीटीएस चुनार मीरजापुर, राजेश कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक शाहजहांपुर, ओंकार दत्त तिवारी सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद, कुलदीप कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक देवरिया, संजय कुमार रेड्डी पुलिस उपाधीक्षक गाजीपुर, सुधाकर पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक कौशाम्बी, अरुण कुमार चौरसिया पुलिस उपाधीक्षक संतकबीरनगर, संतोष कुमार सिंह-V पुलिस उपाधीक्षक उन्नाव, भास्कर वर्मा सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर, राधा रमण सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, हिमांशु माथुर पुलिस उपाधीक्षक मथुरा, परमानन्द कुशवाहा पुलिस उपाधीक्षक सहारनपुर, देवेश सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, संदीप सिंह पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर, गिरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर बनाए गए हैं।

दिनेश दत्त मिश्र बने बाराबंकी में 10वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक

इसके अलावा रामवीर सिंह सहायक सेनानायक 04वीं वाहिनी एसएसएफ मथुरा, शमशेर बहादुर सिंह पुलिस उपाधीक्षक सुलतानपुर, राजीव सिरोही पुलिस उपाधीक्षक मथुरा, रत्नेश सिंह पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ, सुनील कुमार सिंह-II पुलिस उपाधीक्षक अम्बेडकरनगर, अजय कुमार-IV पुलिस उपाधीक्षक झांसी, दिनेश दत्त मिश्र सहायक सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, इमरान अहमद सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद, आशीष प्रताप सिंह पुलिस उपाधीक्षक आजमगढ़, दीपक दुबे पुलिस उपाधीक्षक बरेली, भूषण वर्मा पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर, रविकान्त गौड़ सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, यादवेन्द्र यादव पुलिस उपाधीक्षक बरेली, अनिल कुमार शाही पुलिस उपाधीक्षक मुजफ्फरनगर, मंजय सिंह पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या, राजेश कुमार-V पुलिस उपाधीक्षक ललितपुर, अजय सिंह चौहान पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र, पियूष पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर, अरुण कुमार सिंह-VI पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या, गौरव सिंह-II पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर, आशुतोष कुमार पुलिस उपाधीक्षक रायबरेली बनाया गया है।

मुनेन्द्र पाल सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज

इसी तरह गजेन्द्र पाल सिंह पुलिस उपाधीक्षक अमरोहा, रविकान्त पारासर सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी, धर्मेन्द्र सिंह पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद, शकील अहमद सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, मुनेन्द्र पाल सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, शिव नारायन वैश्य सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, विधि भूषण मौर्य पुलिस उपाधीक्षक महोबा, विवेक यादव सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, यादवेन्द्र बहादुर पाल पुलिस उपाधीक्षक मीरजापुर, सुमन कनौजिया, सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, राजवीर सिंह परिहार पुलिस उपाधीक्षक अमेठी, देव नारायण यादव सहायक सेनानायक 04वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, हर्ष पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर, अंजली कटारिया, पुलिस उपाधीक्षक बुलन्दशहर, किरन पाल सिंह पुलिस उपाधीक्षक फिरोजाबाद, अनिल कुमार सिंह-IV पुलिस उपाधीक्षक बदायूं बनाया गया है।

दीपांशी सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट नोएडा

वहीं प्रतिभा सिंह पुलिस उपाधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, विजय कुमार सिंह तोमर पुलिस उपाधीक्षक गाजीपुर, आनन्द कुमार राय, पुलिस उपाधीक्षक फतेहपुर, श्रीयश त्रिपाठी पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर, प्रतिमा वर्मा पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद, अरविन्द कुमार-I सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, प्रदीप कुमार-II पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र, रोहित यादव पुलिस उपाधीक्षक पीटीसी सीतापुर, दीपांशी राठौर सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, ज्योति यादव सहायक सेनानायक 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, अभिषेक कुमार राहुल पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़, प्रखर पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक मऊ, अन्निद्य विक्रम सिंह पुलिस उपाधीक्षक बहराइच, श्याम सिंह पुलिस उपाधीक्षक उन्नाव, सुनीता दहिया पुलिस उपाधीक्षक बरेली, शशि प्रकाश शर्मा पुलिस उपाधीक्षक बस्ती, दीक्षा सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौरव कुमार पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर, प्रियाश्री पाल पुलिस उपाधीक्षक मेरठ, अजय कुमार यादव पुलिस उपाधीक्षक पीटीएस सुलतानपुर, विनय कुमार गौतम पुलिस उपाधीक्षक खीरी, मोनिका यादव-II पुलिस उपाधीक्षक पीटीएस मुरादाबाद, राज सोनकर पुलिस उपाधीक्षक एपीटीएस चुनार मीरजापुर, रूपाली राव सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद बनाया गया है।

कुलदीप कुमार पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद

इसी तरह हर्षिता तिवारी पुलिस उपाधीक्षक गाजीपुर, अमोद कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक भदोही, प्रज्ञा पाठक सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, अनिल कुमार पुलिस उपाधीक्षक पुलिस अकादमी मुरादाबाद, महेश कुमार सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर, अनीता चौहान पुलिस उपाधीक्षक मथुरा, कुलदीप कुमार पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद, शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी पुलिस उपाधीक्षक एपीटीसी सीतापुर, श्यामजीत प्रमिला सिंह पुलिस उपाधीक्षक पुलिस अकादमी मुरादाबाद, शशांक शेखर त्रिपाठी पुलिस उपाधीक्षक यूपी पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र लखनऊ, राजू कुमार साव पुलिस उपाधीक्षक बाराबंकी, जसवीर सिंह सिरोही पुलिस उपाधीक्षक बाराबंकी, अखिलेश राजन पुलिस उपाधीक्षक यूपी-112 मुख्यालय लखनऊ, अजेन्द्र यादव पुलिस उपाधीक्षक बुलन्दशहर, धीरेन्द्र सिंह पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू गोरखपुर, प्रेम प्रकाश सिंह पुलिस उपाधीक्षक यूपीपीसीएल प्रयागराज, अनिल कुमार पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक बुलन्दशहर, देवी दयाल पुलिस उपाधीक्षक, पीटीसी सीतापुर, रितिक कपूर पुलिस उपाधीक्षक एसीओ मुख्यालय लखनऊ, अनुराग कुमार सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, जियाउद्दीन अहमद सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर, अनूप कुमार पुलिस उपाधीक्षक बांदा नियुक्त किया गया है।

दो अफसरों का तबादला निरस्त

इसके अलावा अनूप कुमार सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, अशोक कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक, बाराबंकी, अमर बहादुर पुलिस उपाधीक्षक प्रतापगढ़, चन्द्र प्रकाश मिश्र पुलिस उपाधीक्षक पीटीएस उन्नाव, समीर कुमार सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, विकान्त द्विवेदी सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, विनीता पुलिस उपाधीक्षक रायबरेली, सुश्री अनुष्का पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद, प्रद्युम्न कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक देवरिया, नीलम विष्ट पुलिस उपाधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ, इन्द्र मोहन बडौला पुलिस उपाधीक्षक मुजफ्फरनगर, रंजीत कुमार पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ, प्रदीप कुमार मौर्या पुलिस उपाधीक्षक ललितपुर, शुभेन्दु सिंह पुलिस उपाधीक्षक बस्ती, प्रियम राजशेखर पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक सिद्धार्थनगर और विवेक रंजन राय पुलिस उपाधीक्षक बुलन्दशहर बनाया है। इसके साथ ही धर्मेन्द्र सिंह यादव और अरुण कुमार का तबादला दूसरे जिले में कर दिया गया था, जिसे निरस्त कर दिया गया है।

राजनाथ सिंह की छात्रों को नसीहत, डिग्री नहीं, कौशल से बनेगी पहचान, रुचि के अनुसार चुनें करियर

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर चुनने का सुझाव देते हुये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि डिग्री उन्हें पहली नौकरी दिलाने में मदद कर सकती है, लेकिन उनकी पहचान और करियर में तरक्की उनके कौशल, पेशेवर ज्ञान और क्षमता से तय होती है। सिंह ने यहां बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को खुद को केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए, जिसमें उन्होंने डिग्री हासिल की है। उन्होंने कहा, आपकी डिग्री आपकी योग्यता है, न कि आपकी पहचान। छात्रों को अपनी रुचि पहचानकर अपना रास्ता खुद बनाने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में नए रास्ते बनाने और उन पर अकेले चलने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। फिल्म निर्माता रंजीत और भारत की श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन का उदाहरण देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उनकी जीवन यात्रा बताती है कि लोग अपनी पढ़ाई के क्षेत्र से अलग काम करके भी बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि रंजीत ने अर्थशास्त्र की पढ़ाई की थी, जबकि कुरियन ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। बाद में कुरियन ने भारत में श्वेत क्रांति का नेतृत्व किया और अमूल जैसी संस्थाओं के माध्यम से सहकारी आंदोलन को मजबूत किया। सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई तकनीकें काम करने के तरीकों को तेजी से बदल रही हैं, जिन कामों को पूरा करने में पहले कई घंटे लगते थे, वे अब कुछ मिनटों या सेकंडों में किए जा सकते हैं। संसद के निचले सदन में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करने वाले सिंह ने कहा कि इससे नए अवसर पैदा होंगे, लेकिन साथ ही नए कौशल सीखने की जरूरत भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि क्षमता से आत्मविश्वास बढ़ता है और युवाओं को चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है। सिंह ने कहा, आपकी परिस्थितियां आपका भविष्य तय नहीं करतीं, बल्कि आपके प्रयास आपका भविष्य तय करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के विकास और दुनिया का मार्गदर्शन करने की उसकी क्षमता के लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा जरूरी है।

सर्वजन सनातन पार्टी ने जारी किया 2027 का विजन, समान अवसर और समृद्धि का संकल्प

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। सर्वजन सनातन पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के दृष्टिगत प्रदेश के समग्र पुनर्निर्माण, समान अवसर, सामाजिक न्याय एवं समृद्धि के लिए अपना व्यापक विजन और संकल्प प्रस्तुत किया है। पार्टी का मानना है कि उत्तर प्रदेश केवल देश का सबसे बड़ा राज्य नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और उद्यमशीलता का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। यह जानकारी लखनऊ में आयोजित पार्टी के सम्मलेन के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सीबीआई के पूर्व निदेशक एम नागेश्वर राव तथा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व आईपीएस जुगुल किशोर बुन्देला की ओर से जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

नेता द्वय ने कहा है कि पार्टी का मूल विचार सनातन सभ्यतागत विरासत, संवैधानिक लोकतंत्र, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान, उद्यमशीलता तथा न्याय, गरिमा, अवसर और समृद्धि के समान अधिकार पर आधारित है। विजन में सभी बच्चों और युवाओं के लिए निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सरकारी विद्यालयों का स्तर निजी संस्थानों के समकक्ष लाने, कौशल विकास और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया है। यूजीसी के ऐसे प्रावधानों के निरस्तीकरण की मांग की जाएगी जो प्राकृतिक न्याय और समान अवसर के विपरीत हैं। स्वास्थ्य को नागरिक का बुनियादी अधिकार बनाते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक डॉक्टर, दवा और जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही गई है। रोजगार के लिए युवाओं के पलायन को रोकने, रिक्त पदों पर पारदर्शी भर्ती, पेपर लीक पर कठोर कार्रवाई, लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन और स्टार्टअप के लिए सरल ऋण की घोषणा की गई है। जरूरतमंद परिवारों के लिए न्यूनतम सुनिश्चित आय की व्यवहार्य व्यवस्था विकसित की जाएगी। सामाजिक न्याय के तहत जाति या जन्म के आधार पर भेदभाव समाप्त करने, आरक्षण व कल्याण नीतियों की समीक्षा कर उन्हें अधिक न्यायसंगत बनाने और कानून के दुरुपयोग को रोकने की बात कही गई है। किसानों को लाभकारी मूल्य, सिंचाई, फसल बीमा और गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य व इंटरनेट की सुविधा का संकल्प है। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, महिलाओं की सुरक्षा व आत्मनिर्भरता, युवाओं की भागीदारी, सनातन संस्कृति के संरक्षण, उद्योग व निवेश को प्रोत्साहन, गंगा-यमुना सहित नदियों के संरक्षण और चुनावी पारदर्शिता भी विजन में शामिल है। पार्टी ने किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं और सभी वर्गों से अभियान में भागीदारी की अपील की है।

सम्मान मिला, रोजगार नहीं... युवाओं के मुद्दे पर संजय सिंह का हमला

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मंच पर सम्मान की चमक थी, लेकिन रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे युवाओं के हिस्से क्या आया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखनऊ दौरे और कौशल दीक्षांत समारोह को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि देशभर के आईटीआई के 52 युवाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें उत्तर प्रदेश के महज छह नौजवान शामिल थे, लेकिन किसी को भी नौकरी नहीं मिली। संजय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री करोड़ों नौकरियां देने के दावे करते हैं, जबकि युवाओं को रोजगार के बजाय सम्मान समारोह से संतोष करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते पांच वर्षों में युवाओं को नौकरियों की जगह लाठियां, मुकदमे और पेपर लीक की परेशानियां मिलीं। शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं और परीक्षाओं में पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे नौजवानों में निराशा बढ़ी है। सिंह ने योगी सरकार पर शिक्षा व्यवस्था की अनदेखी का आरोप लगाते हुए दावा किया कि प्रदेश में 27 हजार सरकारी स्कूल बंद किए गए और इतनी ही मधुशालाएं खोली गईं। हालांकि, इन आंकड़ों के समर्थन में उन्होंने कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान हिंदू-मुसलमान और जातिगत मुद्दों के जरिए रोजगार तथा विकास से ध्यान भटकाने की कोशिश होगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे राजनीतिक नारों के बजाय सरकार से पांच वर्षों में दिए गए रोजगार का हिसाब मांगें।

कांग्रेस और समाजवादी कभी गरीबों का भला नहीं कर सकते- केशव

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गरीबों की दुश्मन हैं। ये पिछड़ों और दलितों की विरोधी हैं तथा इन दलों से गरीबों के कल्याण की उम्मीद नहीं की जा सकती। इनका इतिहास गरीबों, वंचितों और शोषितों को केवल वोट बैंक समझने का रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करने का काम किया है।श्री मौर्य ने कहा कि जब जय श्रीराम का उद्घोष होता है तो सपा प्रमुख घबराते हैं और अब राधे-राधे के उद्घोष से भी उन्हें परेशानी होने लगी है। राधे-राधे केवल नारा नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की भावना प्रकट करने का माध्यम है। हमने जब कहा कि श्राधे-राधे कमल खिला देश तो समाजवादी पार्टी को अपनी पंचर साइकिल दिखाई नहीं दे रही, बल्कि उसे कमल मुरझाया हुआ दिखाई दे रहा है।

देश के दिग्गज अस्पतालों में एसजीपीजीआई ने बनाई खास जगह

द वीक-हंसा रिसर्च सर्वेक्षण में सातवीं रैंक हासिल की, सरकारी अस्पतालों में तीसरे और लखनऊ में पहले पायदान पर रहा संस्थान

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। द वीक-हंसा रिसर्च बेस्ट हॉस्पिटल्स सर्वे 2026 में संस्थान ने देश के शीर्ष बहुविशेषज्ञता अस्पतालों में सातवां स्थान हासिल किया है। सरकारी और निजी अस्पतालों को मिलाकर तैयार की गई राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष दस में जगह बनाना संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। सरकारी बहुविशेषज्ञता अस्पतालों की श्रेणी में एसजीपीजीआई को देश में तीसरा स्थान मिला है। इस सूची में उससे आगे एम्स, नई दिल्ली और पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ रहे। वहीं लखनऊ के अस्पतालों में संस्थान ने पहला स्थान हासिल किया है। उत्तर भारत के बहुविशेषज्ञता अस्पतालों में पांचवीं और उत्तरी क्षेत्र के सरकारी बहुविशेषज्ञता अस्पतालों में तीसरी रैंक मिली है। चिकित्सा विशेषज्ञताओं के लिहाज से भी संस्थान का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। पल्मोनोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डायबिटीज केयर और कार्डियोलॉजी समेत पांच प्रमुख विभागों में बेहतर रैंकिंग मिली है। वर्ष 2026 का यह सर्वेक्षण देश के 19 प्रमुख शहरों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में किया गया। इसमें अस्पतालों की प्रतिष्ठा, चिकित्सकों की दक्षता, आधारभूत सुविधाओं, अनुसंधान एवं नवाचार और मरीजों की देखभाल को प्रमुख आधार बनाया गया।

24 नवंबर से सैयद मोदी बैडमिंटन चौंपियनशिप, एंट्री फ्री

लखनऊ। मोदी इंडिया बैडमिंटन चौंपियनशिप 24 से 29 नवंबर तक गोमतीनगर स्थित बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि विजेता खिलाड़ी को मिलेगी। चौंपियनशिप में भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, इंग्लैंड और फ्रांस समेत 22 देशों के 263 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें सबसे बड़ा दल मेजबान भारत का है, जिसके 146 खिलाड़ी कोर्ट में उतरेंगे। खिलाडियों के अभ्यास के लिए बीबीडी अकादमी के साथ ओमैक्स हाइट्स स्थित गौरव खन्ना एक्सीलिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भी व्यवस्था की गई है।

संविधान दिवस पर कांग्रेस निकालेगी मार्च, तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

प्रदेश मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं ने बनाई रणनीति, 26 नवंबर को आंबेडकर प्रतिमा तक पहुंचेगा संविधान रक्षा मार्च

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। संविधान दिवस के मौके पर कांग्रेस अपनी सियासी और सामाजिक प्रतिबद्धता को सड़क पर उतारने की तैयारी में है। 26 नवंबर को प्रस्तावित संविधान रक्षा मार्च को लेकर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। राज्यसभा में उपनेता एवं सांसद प्रमोद तिवारी की मौजूदगी में हुई बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना', पूर्व सांसद पीएल पुनिया और सांसद तनुज पुनिया समेत कई नेताओं ने शिरकत की। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में निकलने वाले मार्च की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। तय कार्यक्रम के मुताबिक मार्च प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर हजरतगंज स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंचेगा। नेताओं ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया के जरिए आयोजन को व्यापक बनाने की रणनीति तैयार की।

नेताजी के संघर्षों से सपा ने धरातल से उठकर बहुमत प्राप्त किया: तनवीर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक रहे धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव नेताजी का जन्मदिन समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाया गया।

पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। संगोष्ठी का आयोजन सपा के जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया। मुलायम सिंह यादव के विचारों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि सपा के संस्थापक स्व.मुलायम सिंह यादव को अपने छात्र जीवन से ही गरीब, बेसहारा किसानों,नौजवानों को इंसाफ दिलाने की तमन्ना थी, उन्होंने कहा नेताजी के संघर्षों से उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने धरातल से उठकर बहुमत की समाजवादी सरकार बनने तक की सफलता प्राप्त की है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की जमीनी राजनीति से शीर्ष तक उन्होंने बड़ा मुकाम बनाया था। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा मुलायम सिंह यादव को उनके चाहने वाले उन्हें धरतीपुत्र नेताजी,बाबूजी जैसे कई नाम से बुलाते है और उनके लिए सभी वर्गों के लोग दिल से चाहत रखते हैं।पूर्व विधायक दलसिंह यादव, प्रदीप पांडे, रंणजय सिंह यादव, रामसूरत यादव, विजय सिंह, अनवर उल्ला खान, सैयद रिजवान अहमद,नीरज मिश्रा, गायत्री वर्मा, करुणा शंकर दीक्षित, नत्थू लाल भोजवाल,राजपाल कठेरिया, इम्तियाज़ अली खान, अब्दुल समद,मोहम्मद तौसीफ खान, श्लोक मौर्य, शिवकुमार दीक्षित, मोनू कुरैशी, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से पिता-पुत्र घायल, बेटे की मौत

कांट, शाहजहांपुर। नगर के रावतपुर मोड़ के पास रविवार को तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में कांट निवासी फैजान (23) और उसके पिता शौकत अली गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने फैजान को मृत घोषित कर दिया। शौकत अली का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। फैजान पिता को दवा दिलाकर घर लौट रहा था। उसकी मौत से मां मीसा और भाइयों इमरान, सलीम व वसीम का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, कांट नगर की सर्विस रोड पर दुकानदारों के अतिक्रमण और सड़क पर दुकानें लगाने से आवागमन बाधित है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सर्विस रोड को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।



जदूनाथ सिंह स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

- 258 बच्चों ने लिया भाग, 28 नवंबर को घोषित होगा परीक्षा परिणाम, विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



रोजा में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं भारतीय युवा चेतना मंच के संयुक्त तत्वावधान में हरिकौशल त्यागी पब्लिक स्कूल के सौजन्य से दूसरी परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हरिकौशल त्यागी पब्लिक स्कूल, रोजा में किया गया। प्रतियोगिता में 258 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं भारतीय युवा चेतना मंच के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने आयोजकों और बच्चों के साथ परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रतियोगिता कार्यक्रम संयोजक प्रदीप मिश्रा, योगेंद्र त्यागी एवं रमेश चंद्र दीक्षित की देखरेख में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। प्रतिभागी बच्चों ने एक घंटा 40 मिनट में 100 प्रश्न हल कर अपनी उत्तर पुस्तिकाएं जमा कीं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का परीक्षा परिणाम 28 नवंबर को घोषित किया जाएगा। इसी दिन सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष रमेश दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह चौहान, महासचिव सुदेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी हरिओम सिंह, जिला संगठन मंत्री योगेंद्र त्यागी एवं पवन कुमार तिवारी मौजूद रहे। भारतीय युवा चेतना मंच की ओर से प्रदीप मिश्रा, अन्नू त्यागी, मयंक मिश्रा, सुमन, प्रज्ञा सक्सेना, सुगंधा मिश्रा, सृष्टि सक्सेना, दीक्षा बाजपेई, अनुराग त्यागी एवं रविंद्र उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

भगवान श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा के साथ दोदराजपुर रामलीला मेला सम्पन्न



तिलहर - शाहजहांपुर। नगर की प्राचीन दोदराजपुर श्रीरामलीला मेला भगवान श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा के साथ ही संपन्न हो गया। इस मौके पर मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान का राज तिलक कर आरती उतारी। शनिवार रात करीब आठ बजे मेला मैदान स्थित रामलीला मंच पर भगवान की शोभायात्रा के बाद राम दरबार के देव स्वरूपों का मेला संरक्षक कमलेश गुप्ता पप्पू , अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि , प्रबंधक सोनू खन्ना , आयोजक विपिन खन्ना, महासचिव पंडित शिवओम मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रशांत खन्ना, आशीष सक्सेना, कृष्ण कुमार सक्सेना आदि ने भगवान का तिलक कर आरती उतारी । इस दौरान भगवान श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। तदोपरांत देव स्वरूपों को उपहार भेंट किए गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से सिपाही गंभीर घायल

रोजा, शाहजहांपुर। छुट्टी से वापस ड्यूटी पर जा रहे एक सिपाही को रोजा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। लखीमपुर खीरी के थाना भीरा में तैनात कांस्टेबल ऋषभ निवासी जालौन रविवार को छुट्टी से वापस अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे रोजा थाना क्षेत्र के दिऊरिया मोड़ के पास वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सिपाही को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि घायल कांस्टेबल के थाना भीरा के प्रभारी निरीक्षक और परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। सिपाही का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

मिशन शक्ति टीम ने बिछड़ी मासूम को मां से मिलाया, खिल उठा चेहरा



शाहजहांपुर। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत थाना परशुरामपुरी पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश की। टीम ने ग्राम मछरियाई में अकेली रोती मिली चार वर्षीय बच्ची को उसके परिजनों से मिलाकर चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। रविवार को मिशन शक्ति टीम क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता अभियान पर निकली थी। तभी ग्राम मछरियाई में एक मासूम अकेली खड़ी रोती मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्ची काफी देर से रो रही है और अपना पता नहीं बता पा रही है। टीम बच्ची को मिशन शक्ति केंद्र, थाना परशुरामपुरी लेकर आई। बच्ची ने अपना नाम तो बताया, लेकिन माता-पिता का नाम व पता नहीं बता सकी। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परिजनों की तलाश शुरू की। अथक प्रयासों के बाद परिजनों की पहचान हुई और दूरभाष पर संपर्क कर बच्ची के सुरक्षित होने की जानकारी दी गई। सूचना पर बच्ची की मां थाना पहुंची, जहां पुलिस ने बच्ची को सकुशल उसके सुपुर्द कर दिया। मां-बेटी के मिलन से वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना परशुरामपुरी टीम महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के साथ बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक सकतावत सिंह, हेड कांस्टेबल अमरनाथ सिंह व महिला कांस्टेबल डोली चौहान शामिल रहीं।

यज्ञ करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं: आचार्य जितेंद्र



तिलहर - शाहजहांपुर। आचार्य जितेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि यज्ञ सर्व श्रेष्ठ कर्म है यज्ञ करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आर्य समाज मंदिर के यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री आर्य ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को दूर करने में यज्ञ सहायक है। भगवान राम और कृष्ण के समय में प्रतिदिन घर-घर यज्ञ हुआ करते थे जिससे वातावरण सुगंधित रहता था। हमें अपने पूर्वजों की भांति परिवार में यज्ञ करना चाहिए। कहा कि प्रत्येक अच्छा कार्य हमें आनंदित करता है गलत कार्य से भय और लज्जा उत्पन्न होती है इसलिए अच्छे कार्यों को हमें करते रहना चाहिए। इस अवसर पर आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य ने स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक को पढ़ते हुए गृहस्थाश्रम का वैदिक व्यवस्था अनुसार पालन करने तथा जीवन अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उदित आर्य ने ईश्वर भक्ति का भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रबंधक दासीराम आर्य, विष्णु मौर्य, अंकित कुमार सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

हरदेव राजा की पूजा-अर्चना के बाद हवन में आहुतियां देकर की गई सुख-समृद्धि की कामना

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।



कस्बा सिंधौली में पुल के समीप स्थित हरदेव राजा के स्थान पर रविवार को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जलाभिषेक के साथ हुई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हवन कुंड में आहुतियां देकर परिवार तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हवन-पूजन का कार्य पंडित मेवाराम ने विधि-विधान से संपन्न कराया। इसमें सहयोगी के रूप में सतपाल वर्मा, राधेश्याम वर्मा, दिनेश शर्मा, रामरतन शर्मा, वीरपाल, कालीचरन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। पूजा के दौरान धार्मिक माहौल बना रहा और भक्तों ने श्रद्धा भाव से हरदेव राजा के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर लालबाबा रोशनलाल ने बताया कि हवन-पूजन के उपरांत कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करना है। आयोजन में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

आत्महत्या के लिए उकसाने का वांछित आरोपी गिरफ्तार



परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को परशुरामपुरी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे, शाहजहाँपुर जाने वाले मार्ग से दबोचा और आगे की विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, 20 नवंबर को वादिनी ने थाना परशुरामपुरी में तहरीर दी थी। आरोप था कि आरोपी विकास पुत्र नौखे लाल, निवासी मोहल्ला रमजाननगर (हाल पता काशीराम कॉलोनी), कस्बा व थाना परशुरामपुरी उनकी पुत्री से जबरदस्ती बात करता था और अपनी हरकतों से उसे परेशान करता था। इसी से तंग आकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धारा (मु.अ0सं0 555/26, धारा 108 बीएनएस) में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी अभियान में निरीक्षक अपराध भानू सिंह, हेड कांस्टेबल उवैश और कांस्टेबल आनंद शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध और वांछित अभियुक्तों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया श्री खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव

रोजा, शाहजहांपुर। चर्च कॉलोनी स्थित तुरंतेश्वर नाथ परिसर में शुक्रवार शाम श्री खाटू श्याम जी महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर दोपहर से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। अजय कुमार गोलू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। देर शाम तक पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के महंत सुशील त्रिवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में केक काटकर जन्मोत्सव मनाया और शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली व शांति की कामना की। साथ ही क्षेत्र की उन्नति और मंगल की प्रार्थना की। जन्मोत्सव के दौरान महिलाओं ने ढोलक और मंजीरे की थाप पर सुंदर भजन प्रस्तुत किए। भजनों की धुन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। पूरे परिसर में बाबा श्याम के जयकारे और भजनों से भक्तिमय वातावरण बना रहा। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विनोद कुमार, अजीत कुमार, राहुल कश्यप, शोभित श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, अनूप सक्सेना, श्रीपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

- तुरंतेश्वर नाथ परिसर में देर शाम तक गूंजते रहे बाबा श्याम के भजन, श्रद्धालुओं ने केक काटकर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

गुनाहों की दुनिया से कुछ पल दूर हुए बंदी, हंसी के ठहाकों से गूंज उठी जेल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जिला जेल में रविवार को कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। आमतौर पर बंदियों की दिनचर्या और गंभीर माहौल के बीच जेल परिसर हंसी के ठहाकों से गूंज उठा। इंडियन लाफिंग बुद्धा नागेश्वर दास ने अपने अनूठे अंदाज से बंदियों को खूब हंसाया और उन्हें तनाव से दूर रहकर सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया। हास्य गतिविधियों और लाफिंग एक्सरसाइज के दौरान बंदी भी खुलकर हंसे और कुछ पल के लिए अपनी परेशानियों को भूल गए। जेल अधीक्षक जितेंद्र प्रताप तिवारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह, जेलर राम नरेश गौतम, पूनम तिवारी, बांके लाल, मयंक चतुरवेदी भी मौजूद रहे। नागेश्वर दास ने बंदियों को समझाया कि हंसना केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। खुलकर हंसने से तनाव कम होता है और मन में सकारात्मक विचार आते हैं। उन्होंने कहा कि इंसान जैसी सोच रखता है, धीरे-धीरे उसका व्यक्तित्व भी वैसा ही बनता जाता है। इसलिए जीवन में सकारात्मक विचारों को जगह देनी चाहिए। उन्होंने बंदियों को आत्मचिंतन का संदेश देते हुए कहा कि किसी को माफ कर दें और यदि स्वयं से कोई गलती हुई है तो उसके लिए माफी मांग लें। इससे मन का बोझ हल्का होता है और जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिलता है। उन्होंने गीता के श्लोक के माध्यम से भी सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। इस दौरान उन्होंने मुजरिम न कहना मुझे, लोगों मुजरिम तो सारा जमाना है गीत सुनाकर बंदियों को भावनात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम में नागेश्वर दास ने बंदियों को प्राणायाम भी कराया। इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना के साथ उन्हें जीवन में अच्छे कार्य करने और अपनी सोच बदलने का संकल्प दिलाया गया। जेल अधीक्षक जितेंद्र प्रताप तिवारी ने कहा कि हंसने से बौद्धिक विकास होता है। जहां चाह होती है वहां राह भी निकल आती है। हमारे भाव जैसे होंगे भविष्य भी वैसा ही बनेगा। उन्होंने बंदियों को प्रेरित किया कि जेल से बाहर निकलने के बाद अच्छी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ नई शुरुआत करें और समाज में बेहतर जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ें।

श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में तीन दिवसीय होप कार्यशाला

- आध्यात्मिक चेतना के विकास से व्यक्तिगत उत्कृष्टता की ओर बढ़ने का संदेश

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में तीन दिवसीय होप कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश की होप कोऑर्डिनेटर रश्मि अवस्थी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य मिशन के अभ्यासियों की आध्यात्मिक साधना को और अधिक गहन बनाना तथा उनके जीवन के आध्यात्मिक एवं भौतिक पक्षों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा किहोप यानी व्यक्तिगत उत्कृष्टता की ओर हार्टफुलनेस की आध्यात्मिक यात्रा' कार्यक्रम केवल हमारी आध्यात्मिक साधना को ही गहन नहीं करता, बल्कि हमारे भौतिक जीवन को भी बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आध्यात्मिकता और भौतिक जीवन के बीच संतुलन की आवश्यकता को समझाते हुए बताया कि आध्यात्मिक उन्नति और भौतिक जीवन एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि दोनों के बीच सामंजस्य स्थापित करना ही एक सार्थक, संतुलित और संतुष्ट जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि सच्ची आध्यात्मिक उन्नति वही है, जो हमारी आंतरिक चेतना को विकसित करने के साथ-साथ हमारे दैनिक जीवन, विचारों, व्यवहार और कर्मों में भी सकारात्मक परिवर्तन लेकर आए। मुरादाबाद से आए डा. अतुल विष्णोई ने विज्ञान और आध्यात्मिकता के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार विज्ञान और आध्यात्मिकता एक-दूसरे के पूरक बनकर हमारे शरीर, मन और संपूर्ण जीवन-प्रणाली को प्रभावित करते हैं। लखनऊ से आए प्रशिक्षक सुयश तिवारी ने हार्टफुलनेस प्राणाहुति योगिक ट्रांसमिशन के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि हार्टफुलनेस की प्राणाहुति हमारे आंतरिक अस्तित्व पर कार्य करती है और इसमें हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से परिवर्तित करने की क्षमता है।यह कार्यक्रम हार्टफुलनेस के सहज मार्ग दर्शन पर आधारित है। प्रयागराज से आईं कृष्णा सचदेवा ने गीतों, प्रेरक उपदेशों एवं श्रीमद्भगवद्गीता के स्थितप्रज्ञ संबंधी श्लोकों के माध्यम से होप कार्यशाला की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।कार्यशाला में प्रदेश के लखनऊ, कन्नौज, प्रयागराज,बांदा,बरेली, वाराणसी,बस्ती, कानपुर आदि जनपदों के 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में आश्रम प्रबंधक प्रयोग कुमार सिंह, श्रेया अग्रवाल, प्रशिक्षक ममता सिंह, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, डा. अभिनव सक्सेना, सुरेंद्र सिन्हा, व आश्रम प्रबंधन का का विशेष सहयोग रहा।

28 अगस्त से लापता है अनुराग, चार महीने बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

- हरिद्वार में भी कराई गई तलाश, भाई ने पुवायां कोतवाली में दी तहरीर, परिजनों ने लोगों से मदद की अपील की



पुवायां, शाहजहांपुर। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आनंद वाटिका निवासी 28 वर्षीय अनुराग कुमार बीते 28 अगस्त से लापता हैं। वह घर से काम के सिलसिले में बाहर गए थे, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क कर काफी तलाश की, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। लापता अनुराग के भाई अंशु ने 18 अक्टूबर को हरिद्वार के रोशनाबाद क्षेत्र में अनुराग की फोटो चस्पा कराकर तलाश की अपील की थी। इसके बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। भाई के लंबे समय से लापता होने के कारण परिवार के लोग परेशान हैं। अब भाई अंशु ने पुवायां कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी है और पुलिस से अनुराग को तलाश करने की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मुकदमा दर्ज कर लापता युवक की तलाश की जाएगी।

एक बार श्याम प्यारे गलियों में मेरी आजा...

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



कृष्णानगर के श्रीकृष्ण मन्दिर में कार्तिक मास की प्रभातफेरी का स्वागत हुआ। आज प्रातः काल में ही कृष्णानगर कॉलोनी के हरीश सचदेव अपने परिजनों के साथ श्रीकृष्ण मन्दिर पहुंचे और वहां से श्री लड्डू गोपाल एवं श्यामा जू को भजन कीर्तन करते हुए अपने निज आवास पर लेकर गये और लड्डू गोपाल व श्यामा जू का पूजन अर्चन व फूलों से भव्य स्वागत किया। फिर वापस मंदिर ले गए जहां श्री राधानाम संकीर्तन मण्डल के सदस्यों द्वारा बहुत ही सुमधुर भजनों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उप प्रधान हरीश बजाज ने गणपति की वन्दना से उनका आवाहन किया, फिर न जाने आज क्यों फिर से तुम्हारी याद आई है भजन सुनाया। गौरव कुमार ने तेरी कृपा में कमी नहीं है, मेरा भरोसा ही डगमगाए भजन गाया। फिर रविन्द्र मिश्रा एडवोकेट ने छोड़कर तेरे प्यार का दामन ये बता दे किधर जायें भजन सुनाया। फिर शिवांश गुप्ता ने जब लगता नहीं दिल जमाने में चले आते हैं हम बरसाने में भजन सुनाया। फिर गौरव अरोरा ने नन्द यशोदा की आँखों का तारा, बिहारी मेरा रंग रसिया भजन सुनाया। फिर देवेन्द्र खुराना ने तेरी गलियों का मैं हूं आशिक तू एक नगीना है भजन सुनाया। फिर तुषार सचदेव ने एक बार श्याम प्यारे गलियों में मेरी आजा भजन सुनाया। फिर अंकित सचदेव ने हम चरण कमल के अनुरागी, मोपे कृपा करो मोपे दया करो भजन सुनाया और नवीन सचदेव की बेटी तृप्ति सचदेवा ने मेरे सांवरिया बन गई जोगन तेरी भजन सुनाया तो उपस्थित भक्तों ने तालियां बजाकर बच्ची का उत्साहवर्धन किया। फिर तुषार सचदेव की छोटी सी बच्ची ने छोटी छोटी गइयां छोटे छोटे ग्वाल छोटो सो मेरो मदन गोपाल और अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम भजन सुनाकर लोगों का मन मोह लिया। फिर नवीन सचदेव ने मुझको ले लो किशोरी जी शरण, हे राधिके श्री राधिके भजन सुनाया जिसे सुनकर उपस्थित महिलाओं व पुरुषों ने जमकर नृत्य किया और अंत में चोरी चोरी माखन खाए गयो री मेरो प्यारो मोहन पर मटकी से टॉफी निकाल निकाल कर लोगों को बांटी गयीं और फूलों की होली खेली गई। फिर प्रीति-नवीन सचदेव की शादी की 17वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में ठाकुर जी के समक्ष केक काटा गया। अंत में आरती हुई एवं उपस्थित भक्तों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। मन्दिर कमेटी की तरफ से आशीर्वाद स्वरूप दी जाने वाली भेंट प्रधान सुशील नारंग, संरक्षक प्रेम नारंग द्वारा सचदेवा परिवार को प्रदान की गई। प्रीति-नवीन को शादी की वर्षगांठ पर पूरी भजन मण्डली द्वारा मंदिर की तरफ से दिया जाने वाला उपहार दिया गया। मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कल सोमवार की प्रभातफेरी का आयोजन सोनी कपूर के परिवार द्वारा रामनगर में माता के मंदिर के पास किया जाएगा। उक्त अवसर पर वीना सचदेवा, प्रीति सचदेवा, ज्योति सचदेवा, अंशुमा सचदेवा, मिथुन अरोरा, सुषमा सचदेवा, मनीष सचदेव, युवा सेवा समिति के प्रधान संजीव सचदेव, ममता सचदेव तथा कई रिश्तेदार एवं कृष्णानगर मन्दिर कमेटी के सदस्य एवं कॉलोनी के तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।

चाय पर चर्चा के साथ बूथ सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित



शाहजहांपुर। महानगर महिला मोर्चा की ओर से विस्तारक महिला पदाधिकारियों के साथ महानगर महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष आरती भोजवाल के बूथ पर लाभार्थी महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया गया। साथ ही बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने एवं नए मतदाताओं के वोट बनवाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। महानगर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अल्पना श्रीवास्तव, जिला महामंत्री विम्मी सैनी, उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, पार्षद अनूप गुप्ता,अनमोल आदि मौजूद रहे।

सांसद अरुण ने मतदाता जोड़ो अभियान के कैंप देखे

शाहजहांपुर में बूथ 317 से 321 तक कार्यकर्ताओं से नए मतदाता जोड़ने की अपील

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

भाजपा सांसद अरुण सागर ने रविवार दोपहर 12 बजे मतदाता जोड़ो अभियान के तहत नगर विधानसभा के चौक मंडल के अजीजगंज शक्ति केंद्र पर लगे कैंपों का निरीक्षण किया। ये कैंप बूथ संख्या 317, 318, 319, 320 और 321 पर लगाए गए थे।

सांसद ने कैंप में मौजूद कार्यकर्ताओं से चर्चा की और अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए मेहनत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता जोड़ो अभियान-2026 का उद्देश्य हर पात्र नागरिक की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके लिए जागरूकता और संपर्क



अभियान चलाया जा रहा है। अरुण सागर ने कहा कि चुनाव में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए एसआईआर का काम किया गया, ताकि निष्पक्ष चुनाव हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी को मतदान से वंचित नहीं रखा जाएगा। जिन पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची से कटे हैं और जिनके पास तय मानकों के अनुसार दस्तावेज हैं, उनके नाम सूची में जोड़ने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को परेशानी न हो, इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय हैं। सांसद ने कहा कि भाजपा लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर जनकल्याणकारी योजनाएं चलाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शाहजहांपुर में हजारों जरूरतमंदों को पक्के घर मिले हैं। शहर के लोगों को आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं, ताकि वे महंगे इलाज का खर्च उठा सकें। सांसद ने कहा कि जनता भाजपा की नीतियों से वाकिफ है और हर बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री तथा योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री देखना चाहती है।

भाजपा महानगर महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक संपन्न

आगामी चुनावों को लेकर विस्तारकों ने दिया मार्गदर्शन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय में महानगर महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जोधपुर से विस्तारक विनीता सेठ,गुजरात से हेतल प्रजापति, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता और जिलाध्यक्ष महानगर महिला मोर्चा रुचि गुप्ता,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सोनल त्रिपाठी,महामंत्री विम्मी सैनी, पूर्णिमा सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, सभी जिलाध्यक्ष, महामंत्री, सोशल मीडिया प्रभारी, मीडिया प्रभारी , कोषाध्यक्ष , कार्य समिति की महिलाएं उपस्थित रही। बैठक के दौरान महिला मोर्चा की नवनिर्वाचित टीम की सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का माला एवं पटका पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विस्तारक महिलाओं ने आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर पूरी टीम को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के विषय में मार्गदर्शन दिया।बैठक के उपरांत मेहमान शाह क्षेत्र के बूथ संख्या 347 पर लक्ष्मी वाल्मीकिके आवास पर चाय पर चर्चा की गई। इसके पश्चात अहमदपुर रेती शक्ति केंद्र पर भी संगठनात्मक संपर्क एवं चर्चा की गई, जिसमें बूथ अध्यक्ष, पार्षद अनूप त्रिवेदी एवं मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति रही।

खबरें एक नजर में

गेहूं व सरसों के बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान हेतु बुकिंग एवं उठान शीघ्र करें किसान

लखीमपुर खीरी। जिला कृषि अधिकाह्द्ध सूर्य प्रताप सिंह ने जनपद के कृषकों को रबी अभियान के अंतर्गत गेहूँ एवं सरसों के अनुदानित बीज की बुकिंग अभी खुली है। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल https://upagriculture.gov.in पर



ऑनलाइन बुकिंग कर 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पूर्व में बुकिंग करा चुके कृषक संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से तीन दिवस के भीतर बीज का उठान अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें, अन्यथा बुकिंग निरस्त कर दी जाएगी। जनपद में बीज वितरण का कार्य तीव्र गति से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कृषकों से गेहूँ एवं सरसों की सहफसली खेती अपनाने की अपील करते हुए बताया कि एक एकड़ क्षेत्र में लगभग 40 किलोग्राम गेहूँ एवं 1.5 किलोग्राम सरसों के बीज का निर्धारित अनुपात में प्रयोग अतिरिक्त उत्पादन एवं आय में सहायक हो सकता है।

पूर्वांचल महासभा सेवा समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न, छठ महापर्व की सफलता पर जताया आभार

शाहजहांपुर। पूर्वांचल महासभा सेवा समिति (रजि.), शाहजहांपुर की एक समीक्षा बैठक रविवार को पुवायां रोड स्थित चिनौर पूर्वांचल महासभा कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता



समिति के संरक्षक वीरेंद्र नाथ राय ने की। बैठक में हाल ही में संपन्न हुए छठ महापर्व की व्यवस्थाओं एवं आयोजन की समीक्षा की गई। वक्ताओं ने कहा कि छठ महापर्व को सफल बनाने में पूर्वांचल महासभा के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। सभी के सामूहिक सहयोग और मेहनत से पर्व का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके लिए सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समिति का विस्तार करने पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव एवं विचार रखे और संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतीश चंद्र मिश्रा, आप मिश्रा, पशुपतिनाथ उपाध्याय, त्रिवेणी मिश्रा, वंशराज सिंह, कामेश्वर सिंह, ओमप्रकाश, डॉ. जी.एन. गुप्ता, अनिल मौर्य, श्रीराम बाबू एवं विपुल प्रसाद सिंह सहित पूर्वांचल महिला सभा की सरिता यादव, सुनीता यादव आदि उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर तीन साल तक यौन उत्पीड़न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

तिलहर - शाहजहांपुर। शादी करने का झांसा देकर तीन वर्ष तक यौन संबंध बनाते रहने के बाद शादी न करने और जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुख्य आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश



किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने गांव गुलाम खेड़ा निवासी चंद्रवीर पुत्र जयचन्द द्वारा उससे शादी करने का झांसा देकर पिछले तीन वर्ष से जगह जगह लेजाकर तथा घर बुलाकर संबंध बनाये । जब उसने शादी करने की बात कहीं तो उसने स्वयं को किसान जाति तथा नीची जाति धानुक कहकर शादी करने से मना कर दिया । यही नही विरोध करने पर जाति सूचक गन्दी गालिया और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत करने पर शादी करने का समझौता भी हुआ था। बाद में समझौते से मुक्त जाने पर पीड़िता ने चंद्रवीर , उसके भाई शेख बहादुर व पिता जयचन्द के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार दोपहर करीब एक बजे खानपुर चौराहे के पास से आरोपी चंद्रवीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल प्रभाष चंद्र, नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला, कांस्टेबिल अंकित व मयंक भाटी शामिल रहे।

कचहरी से लौट रहे ग्रामीण पर जानलेवा हमला

शाहजहांपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के बरेली मोड़ पर कचहरी से घर वापस लौट रहे एक व्यक्ति पर पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गुनारा निवासी विजय कुमार दीक्षित पुत्र स्वर्गीय अवध बिहारी दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 नवंबर को वह कचहरी के काम से शाहजहांपुर आए थे। शाम करीब सवा चार बजे जब वह घर जाने के लिए बरेली मोड़ पर एक ईको कार में बैठे, तभी पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोग अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ वहां आ धमके। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित को कार से बाहर खींच लिया और बुरी तरह बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर डंडे से प्रहार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश होकर गिर पड़े। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर उनकी जेब में रखे 5,780 रुपये भी निकाल ले गए। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने लगी, जिसके बाद आरोपी उन्हें मरा समझकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपी दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं तथा पूर्व में भी उन्हें व उनके चालक को जान से मारने की धमकी दे चुके हैं, जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है। फिलहाल पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

सीएमओ ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला यूपीएचसी जलीकोठी व यूपीएचसी जलालनगर का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-जलीकोठी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तक 29 मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका था। लैब में 4 मरीजों की 6 जांचें तथा स्टाफ नर्स शिल्पी द्वारा 20 मरीजों को एआरवी लगाई



जा चुकी थी। एएनएम मंजू द्वारा 7 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया और हेल्थ एटीएम से 5 जांचें की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एम ओ आईसी डॉ जितेन्द्रपाल को निर्देशित किया अपने कार्य और व्यवहार को अच्छा करें जिससे ओपीडी में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में अधिक से अधिक लोग आएं। तदोपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालनगर का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यहाँ भी अपने कार्य और व्यवहार से मरीजों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया।

लाउडस्पीकर के जरिये तीन दिन में अतिक्रमण हटाने की मुनादी

रोजा अड्डे से मालगोदाम तक निगम की कार्रवाई जल्द

सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने दी चेतावनी, नहीं हटाया तो सामान होगा जब्त

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



रोजा अड्डे से आदर्श नगर कालोनी होते हुए मालगोदाम तक सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य में बाधा बने अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम ने कार्रवाई की तैयारी तेज कर दी है। रविवार से नगर निगम की टीम ने संबंधित क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी शुरू कर दी। लोगों को तीन दिन के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जा रही है। निर्धारित समय में अतिक्रमण न हटाने पर निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी और जब्त किया गया सामान वापस नहीं किया जाएगा। नगर निगम की टीम रविवार को रोजा अड्डे से मालगोदाम तक पहुंची और लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए आगाह किया। मुनादी के दौरान स्पष्ट कहा गया कि लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया जा रहा है। इसके बाद पुलिस के सहयोग से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। निगम अधिकारियों के मुताबिक, जिन इलाकों में मुनादी की जा रही है, वहां कार्रवाई कभी भी शुरू हो सकती है। दरअसल, रोजा अड्डे से आदर्श नगर कालोनी होते हुए मालगोदाम तक सड़क चौड़ीकरण के साथ निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस परियोजना का विगत दिनों प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शिलान्यास भी किया था। सड़क निर्माण से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने और लोगों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन बल्लियां स्कूल और बल्लियां मोड़ पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के साथ सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।।नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण होने से आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है। अभियान के तहत पहले लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि कार्रवाई से पहले उन्हें पर्याप्त समय मिल सके। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो निगम की टीम पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करेगी। जब्त सामान वापस न किए जाने की चेतावनी भी दी गई है।।तीन दिन की मोहलत के बाद अभियान शुरू होने की संभावना से अतिक्रमणकारियों में हलचल मच गई है। अब देखना होगा कि चेतावनी के बाद लोग खुद अतिक्रमण हटाते हैं या नगर निगम को कार्रवाई करनी पड़ती है।

सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल में जोश स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित

1500 विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।



सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल फतेहपुर एवं मलवां परिसर में आज जोश स्कॉलरशिप परीक्षा के प्रथम प्रारंभिक चरण का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में दोनों परिसरों को मिलाकर लगभग 1500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिससे पूरे आयोजन में अभूतपूर्व उत्साह और शैक्षणिक वातावरण देखने को मिला। जोश स्कॉलरशिप परीक्षा का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। इस पहल के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को आकर्षक छात्रवृत्ति एवं अन्य शैक्षणिक प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी प्रतिभा को उचित मंच मिल सके। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जयपुरिया का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना भी है। जोश जैसी पहल इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य गायत्री प्रसाद मिश्रा, र्य, प्रबंधन, सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षकगण, प्रशासनिक टीम, परिवहन विभाग, सुरक्षा कर्मियों एवं सहयोगी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी टीमों के समन्वित प्रयासों और समर्पण से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका विश्वास और उत्साह ही विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की प्रेरणा देता है। सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, फतेहपुर का संकल्प है – हर प्रतिभा को अवसर, हर सपने को उड़ान और हर विद्यार्थी को उज्ज्वल भविष्य।

नेताजी के जन्मदिवस पर कांट में गोष्ठी नीरज मिश्रा ने दिलाई उनके संघर्षों की याद

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।





ददरौल विधानसभा क्षेत्र के कांट नगर में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा ने मुस्तकिम अली के प्रतिष्ठान पर नेताजी स्व. श्री मुलायम सिंह यादव जी के जन्मदिवस पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता की। गोष्ठी में नीरज मिश्रा ने नेताजी के गांव, गरीब, मजदूर, पीड़ितों, महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं देश की सीमा की रक्षा करने वाले जवानों के लिए किए गए अविस्मरणीय कार्यों को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में रोते व्यक्ति को मुस्कान और सम्मान देने वाले धरती पुत्र महापुरुष नेताजी ने उत्तर प्रदेश में जन्म लेकर पूरे भारत में मुहब्बत की रोशनी बिखेरी थी, यह हम सबके लिए गौरव की बात है। हम उनके पुत्र अखिलेश यादव को 2027 में सूबे का मुख्यमंत्री बनाकर नेताजी के सपनों को पूरा करेंगे। इसके बाद ग्राम उमराह में डॉ. शाहिद के यहां हुए कार्यक्रम में नीरज मिश्रा ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने बाल खिलाड़ियों को रात में अभ्यास हेतु एवं बरम बाबा ध्यान केंद्र के लिए स्ट्रीट लाइट भेंट की। उपस्थित जनों को मुस्तकिम अली ने मिष्ठान वितरित किया। नीरज मिश्रा ने फलों का वितरण भी कराया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन के पुत्र डॉ. शोएब खां बड़े मुन्ना, अरविंद पाल, विमलेश यादव, शिवम बाबू मिश्रा, आशुतोष तिवारी, पंडित रमाशंकर, रामवीर यादव, मुदस्सर भाई, राहुल पाल, पंकज शुक्ला आदि अनेक पार्टीजन एवं युवा बुजुर्ग उपस्थित रहे।

एक-एक वोट से मजबूत होता है लोकतंत्र, डीएम ने विद्यार्थियों को समझाई मतदान की ताकत

बेहजम में छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए डीएम, पात्र युवाओं से पूछा- मतदाता सूची में दर्ज है आपका नाम? फॉर्म-6 भरकर पंजीकरण कराने का किया आह्वान

छात्रा को मंच पर बुलाकर पूछा EPIC का फुल फॉर्म, बोले- अधिकारों के प्रति जागरूक युवा ही लोकतंत्र की असली ताकत

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

लोकतंत्र की ताकत केवल चुनाव कराने में नहीं, बल्कि हर पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने में है। एक-एक वोट की अहमियत समझाने और युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह रविवार को *राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बेहजम* पहुंचे। यहां उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। डीएम ने युवाओं को समझाया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतंत्र में अपनी आवाज और भागीदारी सुनिश्चित करने का पहला कदम है। कार्यक्रम का सफल संयोजन विद्यालय प्रमुख राजेश गुप्ता ने किया।

डीएम ने हाथ उठवाकर जानी युवाओं की भागीदारी: विद्यार्थियों के बीच पहुंचे डीएम ने संवाद की शुरुआत



सीधे सवाल से की। उन्होंने पूछा कि वर्ष 2008 या उससे पहले जन्मे कितने विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इसके लिए उन्होंने पात्र छात्र-छात्राओं से हाथ उठवाकर स्थिति जानी। जिनका नाम अभी मतदाता सूची में शामिल नहीं है, उन्हें फॉर्म-6 भरकर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि पात्रता पूरी होते ही मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं, ताकि मतदान का अवसर आने पर वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभा सकें।

छात्रा को मंच पर बुलाया, EPIC का फुल फॉर्म पूछकर समझाई अहमियत: मतदाता जागरूकता को केवल भाषण तक सीमित न रखते हुए डीएम ने इसे रोचक सवाल-जवाब का रूप दिया। उन्होंने एक छात्रा को मंच पर बुलाकर EPIC का पूरा नाम पूछा। इसके बाद विद्यार्थियों को बताया कि EPIC यानी Elector Photo Identity Card का अर्थ मतदाता फोटो पहचान पत्र है। इस सहज संवाद के जरिए उन्होंने छात्र-छात्राओं को निर्वाचन से जुड़े सामान्य ज्ञान और मतदाता पहचान पत्र के महत्व से परिचित कराया।उन्होंने युवाओं से पात्रता पूरी होने पर फॉर्म-6 भरकर नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने, परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

कतरा ही कल दरिया बनता है, युवाओं को दिया भागीदारी का मंत्र: डीएम ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी बड़े बदलाव की शुरुआत छोटे प्रयास से होती है। एक कतरा ही आगे चलकर दरिया और समुद्र बनता है। इसी तरह लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और भटकाव से बचने का आह्वान किया।

लक्ष्य 2.0: वार्षिक खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाया खेल प्रतिभा और उत्साह

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, लखीमपुर खीरी में 'लक्ष्य 2.0 - वार्षिक खेल उत्सव' का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय ट्रस्ट ओम फाउंडेशन की अध्यक्षा प्रियंका गुप्ता जी तथा विद्यालय की कार्यकारी निदेशक प्राप्ति गुप्ता, जयपुरिया कॉर्पोरेट ऑफिस दिल्ली की तरफ से सैयद सरफराज , विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डॉ प्रदीप गुप्ता ने अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थित दर्ज की । अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास्ट के साथ हुआ। विद्यालय के छात्र बैंड ने मार्च पास्ट की अगवानी की, जिसके पीछे विद्यालय की छात्र समिति के सदस्य अनुशासित कदमों के साथ आगे बढ़े। छात्र समिति के मार्च पास्ट का नेतृत्व अनन्य मिश्रा और आस्था अवस्थी ने किया। इसके बाद विद्यालय के चारों सदनों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अनुशासन, एकता और टीम भावना का परिचय दिया। मार्च पास्ट के बाद एलकेजी और यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों ने विशेष ड्रिल प्रस्तुत की। संगीत की लय और ताल के साथ बच्चों ने तालमेल और अनुशासन का सुंदर प्रदर्शन किया, जिसे देखकर सभी ने उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद बड़े विद्यार्थियों ने भी आकर्षक ड्रिल प्रस्तुत की और अपने बेहतरीन तालमेल एवं ऊर्जा से कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। इसके बाद विभिन्न आयु वर्गों के



विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, रिले रेस तथा सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बाधा दौड़ का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों के लिए विशेष बैलेंस रेस भी आयोजित की गई। मैदान में विद्यार्थियों का उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखते ही बनती थी। खेल उत्सव को और खास बनाने के लिए अभिभावकों के लिए भी विशेष मनोरंजक दौड़ों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के माता-पिता ने इसमें पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपने बच्चों के साथ इस आयोजन का आनंद उठाया। 'लक्ष्य 2.0' में पूरे वर्ष विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में सदनों द्वारा किए गए प्रदर्शन के आधार पर गो गेटर्स ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चारों सदनों में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गेम चेंजर दल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय ट्रस्ट ओम फाउंडेशन की अध्यक्षा प्रियंका गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पूरे उत्साह के साथ खेलों में भाग लेने और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के अवसर देना है। उन्होंने कहा कि मैदान में मिली जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, मेहनत और अनुशासन है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य गज़ाला कौशर ने कहा कि 'लक्ष्य 2.0' विद्यार्थियों की मेहनत, ऊर्जा और प्रतिभा को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी और आज उनके प्रदर्शन ने यह साबित किया कि हमारे विद्यार्थी हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता रखते हैं। विद्यालय की कार्यकारी निदेशक प्राप्ति गुप्ता ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल बच्चों को चुनौतियों का सामना करना और लगातार बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 'लक्ष्य 2.0' विद्यार्थियों के लिए केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अपनी प्रतिभा को पहचानने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अनुशासन एवं टीम भावना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर बना। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

टुन्नू सिंह कोठी में सजी शतरंज की बिसात, 150 खिलाड़ियों ने दिखाया दिमागी दम

लखीमपुर खीरी। मिश्राना स्थित टुन्नू सिंह कोठी में रविवार को बंकटा सिंह उर्फ टुन्नू सिंह मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला शतरंज एसोसिएशन के तत्वावधान एवं ब्रेन पावर चेस एकेडमी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में करीब 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी शतरंज प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राजीव अग्निहोत्री ने ठाकुर बंकटा सिंह उर्फ टुन्नू सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संरक्षक कुंवर रवि प्रताप सिंह रहे। आयोजन में आशीष सिंह, मनीष सिंह, संजय चंदेल, हाशिबुल रहमान एवं सलीम बेग का विशेष सहयोग रहा।

हाशिए पर बसपा, असमंजस में दलित समाज

'कांशी तेरी नेक कमाई, तूने सोई कौम जगाई'। इस नारे ने दलित चेतना को राजनीतिक जुबान दे दी। लेकिन कभी-कभी शोर से ज्यादा, किसी की खामोशी अखरती है। यही हाल बसपा की खामोशी को लेकर दलित समाज का है। वह पार्टी, जो कांशीराम के नेतृत्व में उनकी लड़ाई लड़ी, उन्हें अस्तित्व और अस्मिता का पाठ पढ़ाया, आज खामोशी से अपना पतन देख रही है। आज बसपा समर्थक सोच रहे होंगे, 'मायावती तेरी अगुवाई, तूने बसपा पार्टी डुबाई'। उत्तर प्रदेश में बसपा और दलित राजनीति को इस आलोक में देखना होगा। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर से चुनावी माहौल गर्म हो गया है। एक बार फिर से जाति आधारित गोलबंदी जोर पकड़ती जा रही है। पर इस बार की तस्वीर थोड़ी अलग है। सभी दलों के पारंपरिक मतदाता नैतिक और राजनीतिक पशोपेश में हैं। भाजपा अपने सवर्ण मतदाताओं को यू.जी.सी. एक्ट और उपेक्षा से हुई नाराजगी दूर करने में लगी है। सपा ओ.बी.सी. और मुस्लिम मतदाताओं को वापस लाने के लिए प्रयासरत है। कांग्रेस अपनी खोई जमीन तलाश रही है। अखाड़े में कुछ नए खिलाड़ी भी खम ठोंक रहे हैं। ओवैसी चुनावी पर्यटक बनकर आए हैं, तो टूरिस्ट गाइड की तरह चंद्रशेखर ने उन्हें लपक कर चुनावी गठबंधन बना लिया। एक 'नई' और 'न्यायपूर्ण' सामाजिक व्यवस्था का निर्माण बसपा की विचारधारा की आधारशिला है। एक राजनीतिक शक्ति के रूप में बसपा के गठन ने सामाजिक न्याय की अवधारणाओं को पुनर्परिभाषित करने में मदद की। बसपा का इतिहास कांशीराम से शुरू होता है। अंततरू 14 अप्रैल, 1984 को कांशीराम ने दलितों और पिछड़ों को एक मजबूत राजनीतिक मंच प्रदान करने के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की स्थापना की। यह उत्तर प्रदेश और भारत की जाति-आधारित पहचान की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ था। प्रारंभ में अधिकांश वामपंथी और प्रगतिशील शक्तियों ने बसपा की यह कहकर उपेक्षा की कि इसका राजनीतिक सत्ता जीतने के अलावा कोई अन्य लक्ष्य नहीं दिखता। वास्तव में, कांशीराम ने जानबूझकर कोई पारंपरिक आर्थिक कार्यक्रम अपनाने की बजाय स्पष्ट सामाजिक एजैंडा रखा। बसपा ने सभी दलितों और वंचितों को 'बहुजन' श्रेणी के तहत एकजुट कर 'हमें शासक वर्ग बनना है' के आंबेडकरवादी नारे को बुलंद किया। बसपा ने एक-सूत्री कार्यक्रम की वकालत की-'सरकार, नौकरशाही और शैक्षणिक संस्थानों में सभी समूहों के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व'। बसपा ने दलितों को 'कुचले और अपमानित जनसमूहों के समुदाय' के रूप में परिभाषित किया, जो केवल भौतिक लाभों से नहीं बल्कि 'स्वयं की' राजनीतिक सत्ता प्राप्त करके ही मुक्त हो सकते हैं। जहां गरीब दलित सामाजिक सम्मान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व दोनों से वंचित हैं, वहीं गरीब ब्राह्मण राजनीतिक रूप से हाशिए पर महसूस कर रहे हैं। यह स्पष्ट हो गया कि 'बहुजन' श्रेणी स्वयं आंतरिक विरोधाभासों से ग्रस्त है। विशेष रूप से, ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें यादव, कुर्मी और लोध शामिल हैं, समाजवादी पार्टी और भाजपा की ओर चला गया है। आज दलितों पर हिंसा और अत्याचार के मामले में ये समुदाय अग्रणी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि-स्वामी ओ.बी.सी. जातियों और भूमिहीन दलितों के बीच आध्यक और सामाजिक संघर्ष ने 'बहुजन एकता' की अवधारणा को कमजोर कर दिया है। ओ.बी.सी. के उभरते कृषक वर्ग ने शूद्रों के प्रभुत्व और दमन की संस्कृति को जारी रखा, क्योंकि वे भी सस्ते श्रम बल का लाभ उठाना चाहते थे। उत्तर-औपनिवेशिक भारत में दलितों को अभी भी उच्च जाति और भूमि मालिक किसान मध्यवर्ती जातियों की दया पर छोड़ दिया गया था। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के समाज ने एक नया 'उत्पीड़कों का वर्ग' देखा। इसके अलावा, दलितों के भीतर भी उप-जातीय विभाजन (जैसे जाटवध्चमार बनाम गैर-जाटव जैसे पासी, वाल्मीकि, धोबी आदि) उभरने लगे, जिससे दलित राजनीति में बिखराव आया है। उत्तर प्रदेश में पहचान की राजनीति के इस विकासवादी चरण के दौरान, बसपा में दीर्घकालिक दलित राजनीति के लिए रोडमैप तैयार करने में राजनीतिक परिपक्वता का अभाव है। नेतृत्व शैली के संदर्भ में, कांशीराम के बाद मायावती पार्टी की एकमात्र और निध्ववाद सर्वोच्च नेता के रूप में उभरी हैं। पार्टी के भीतर कोई भी निर्णय, चाहे वह टिकट वितरण हो, गठबंधन बनाना हो या मंत्रियों की नियुक्ति हो, अंतिम रूप से मायावती द्वारा ही लिया जाता है। आलोचक अक्सर उनकी इस कार्यशैली को 'तानाशाही' या 'व्यक्ति-पूजा' कहकर आलोचना करते हैं, क्योंकि पार्टी में दूसरी पंक्ति का कोई स्वतंत्र नेतृत्व विकसित नहीं होने दिया गया। तथापि, दलित समुदाय के दृष्टिकोण से मायावती का यह केंद्रीकृत और कठोर नेतृत्व उनके गौरव और सुरक्षा का प्रतीक है। लेकिन एक दशक से उनकी खामोशी ने दलित वोटरों को असमंजस में डाल दिया है।दलित प्रतीकात्मक और ठोस दोनों कारणों से अपनी जाति को वोट देते हैं। निश्चित रूप से, दलित मतदाता बसपा की ओर इसलिए आकर्षित होते हैं। लेकिन वर्तमान चुनावी परिस्थिति में मायावती कोई भौतिक लाभ देने में विफल हैं, तो वे उनका समर्थन करना बंद कर देंगे। इसका सीधा लाभ चंद्रशेखर को मिल सकता है। यहीं पहचान का प्रश्न उठता है और इसलिए, यह राजनीतिक दलों और कार्यकर्त्ताओं को 'पहचान की राजनीति' की नाजुक और अनिश्चित प्रकृति को भुनाने का अवसर भाजपा, सपा और कांग्रेस को प्रदान करता है।

महाशक्तियों का एक साथ आना क्या दिखावा है?

तमाम भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता, अस्थिरता, युद्ध और तरह-तरह के तनाव के बावजूद परमाणु जोखिम, क्षेत्रीय संघर्ष, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक व्यवस्था जैसे मुद्दों पर दुनिया की 3 बड़ी ताकतों का सीधा संवाद एक सकारात्मक पहल है। इस बैठक के नतीजों की इक्षचता से इतर, भविष्य के संकेतों को देखना होगा। क्या पता कल आगे का रास्ता भी खुल जाए! गत 19 नवम्बर को शेनझेन में डोनाल्ड ट्रम्प, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन यानी अमरीका, चीन और रूस के बीच पहली त्रिपक्षीय बैठक के मायने बहुत गहरे हैं। भले ही इसे लेकर दुनिया भर के निष्कर्ष अपने-अपने हों। बैठक को इसलिए भी असाधारण कहा जा सकता है क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद निर्मित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में इन तीनों देशों का अक्सर निर्णायक दखल देखा गया है। लगभग 90 मिनट की बैठक के बाद 4 प्रमुख बिंदुओं पर आधारित शांति घोषणा जारी हुई। पूर्व में शीतयुद्ध के बाद अमरीका एकमात्र महाशक्ति के रूप में उभरा था लेकिन पिछले 2 दशकों में चीन की आर्थिक एवं सैन्य शक्ति तथा रूस की सामरिक सक्रियता ने दुनिया की राजनीति को अमरीका से इतर बहुध्रुवीय बनाया है। अमरीका और चीन के बीच व्यापारिक, तकनीकी, ताइवान तथा इक्षहद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर जबरदस्त प्रतिस्पर्धा है, वहीं रूस और पश्चिमी देशों के संबंध निश्चित रूप से यूक्रेन युद्ध के चलते काफी कटु और तनावपूर्ण हुए हैं। इन हालात में ट्रम्प, जिनपिंग और पुतिन का एक मंच पर आना बताता है कि ये आपसी हितों को और कुर्बान नहीं कर सकते और इस पर बातचीत को राजी हैं। भले ही कूटनीति की दृष्टि से चीन को अपनी ताकत दिखाने का उचित मौका मिला हो लेकिन रूस के लिए पश्चिमी देशों की तमाम अड़ीबाजी के बावजूद यूक्रेन युद्ध के साए में अंतर्राष्ट्रीय अलगाव की धारणा को तोडने का बड़ा अवसर भी था। जबकि तरह-तरह के विवादों, बयानों और हाल में नवम्बर 2026 में हुए मिड-टर्म चुनावों में हार के बाद, हो सकता है ट्रम्प चीन और रूस के साथ सीधे संवाद का जरिया ढूंढ कहीं न कहीं अपनी गिरती साख को सुधारने की रणनीति में हों। इस बैठक में दिखावा और फोटोसैशन जरूर अच्छे रहे लेकिन दुनिया में इस बात की भी चर्चा है कि क्या यह परिणाम भी बदलेंगे? निश्चित रूप से किसी नतीजे पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी। अपने शुरुआती भाषण में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि उनके और अमरीका तथा रूस के समकक्षों के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक अभूतपूर्व महत्व की थी, इस बात पर जोर देते हुए कि शांति मानवता की शाश्वत यानी कभी न खत्म होने वाली आकांक्षा है। प्रमुख शक्तियों की विशेष जिम्मेदारियां हैं, ऐसे में इनके बीच सकारात्मक बातचीत एक विकल्प नहीं बल्कि बड़ी जरूरत है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि रूस, चीन और अमरीका वैश्विक स्थिरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए, तीनों देशों को आपसी सम्मान, समानता और संतुलित हितों के आधार पर सांझेदार बनकर परस्पर सहयोग की जरूरत है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि तीनों नेता इतिहास रच रहे हैं। परमाणु हथियारों को कम करने के लिए तीनों नेता अद्वितीय स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि तीनों नेता संयुक्त रूप से हथियार कटौती की संभावनाओं पर विचार करेंगे। अमरीका, चीन और रूस जैसी प्रमुख वैश्विक शक्तियों के मध्य बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच इस सम्मेलन की तुलना 1945 के याल्टा सम्मेलन से की जा रही है, जिसमें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक में मित्र राष्ट्रों के 3 प्रमुख नेताओं ने युद्धोत्तर विश्व व्यवस्था और यूरोप के पुनर्गठन पर चर्चा की थी। इसमें अमरीका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्च्चल और सोवियत संघ के नेता जोसेफस्टालिन शामिल थे। इस बैठक के बाद वैश्विक रूप से एक प्रश्न यह भी उठ रहा है कि क्या आज की प्रमुख शक्तियां दुनिया को अपने प्रभाव क्षेत्रों में बांटने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं और क्या कोई ऐसी नई वैश्विक व्यवस्था बन रही है, जिसमें बड़े देश, छोटे-छोटे देशों के भविष्य से जुड़े फैसले स्वयं लेने लगेंगे? भले ही तीन महाशक्तियां एक मंच पर थीं लेकिन इस बात से कैसे इंकार किया जा सकता है कि अमरीका अपना वैश्विक नेतृत्व बनाए रखने के मंसूबे से पीछे हटेगा? भले ही वह परमाणु हथियार नियंत्रण एवं रणनीतिक स्थिरता पर बल देने का स्वांग कर रहा हो लेकिन सच यह भी है कि वह चीन के साथ व्यापार और तकनीकी प्रतिस्पर्धा तो करता ही है। इसके अलावा यूक्रेन एवं पश्चिम एशिया के संघर्षों को लेकर कूटनीतिक समाधान खोजने का जब-तब ढिंढोरा भी पीटता है। चीन के बारे में सर्वविदित है कि वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने से वह कभी पीछे नहीं रहा, बल्कि अपना ध्यान बराबर लगाए है। चीन, ताइवान एवं दक्षिण चीन सागर में रणनीतिक हितों की रक्षा को लेकर भी सजग है। जबकि रूस की यूक्रेन के साथ युद्ध में अपने रणनीतिक हितों को सुरक्षित करने के अलावा यूरोप एवं आस-पास के क्षेत्रों में प्रभाव बनाए रखने की नीयत किसी से छुपी नहीं है। ऐसे में अमरीका के साथ परमाणु एवं सुरक्षा वार्ता में उसकी भूमिका महज दिखावा है या हकीकत, यह सामने आने में वक्त लगेगा। इन तीनों बड़ी ताकतों के आपसी हित जब-तब टकराते रहे हैं। बावजूद इसके एक साथ आना क्या स्थायी होगा या महज मौके की नजाकत को देखते हुए दिखावा? यदि ये तीनों शक्तियां सच में एक साथ हो जाएं तो दुनिया में शांति, व्यापारिक स्थिरता और खुशहाली की नई दस्तक जरूर होगी। काश, ऐसा ही होता।

खत्म होते प्राकृतिक स्रोत, किसका दोष!

सुरेंद्र बांसल

एक समय ऐसा भी था जब हमारे शहरों, कस्बों और गांवों में तालाब, पोखर एक पवित्र सार्वजनिक सम्पदा की तरह संभाल कर रखे जाते थे। प्रतिवर्ष इन जलकोषों की साफ-सफाई और गाद निकालने का काम समाज खुद करता था। इन जलस्रोतों से निकलने वाली चिकनी मिट्टी के अनेक उपयोगों के उपरान्त इसे खाद के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन जलनीतियों के किताबी झंडाबरदारों ने पोखर, तालाब, कुंओं जैसी बेहद किफायती प्रकृति सम्मत परियोजनाओं की भरपूर उपेक्षा कर इन्हें अनुपयोगी ही मान लिया। आजादी के बाद से अब तक बनी तमाम जलनीतियों की प्रमाणिकता का अंदाजा मात्र इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक किसी सरकार ने ऐसा कोई प्रामाणिक सर्वेक्षण नहीं करवाया कि देश में 'पानी' आखिर है कितना। प्रतिवर्ष बिगड़ते हालात के बावजूद हम कभी अपने प्राकृतिक जल संसाधनों की चिंता नहीं करते, बल्कि उनका उपभोग या दुरुपयोग इतनी लापरवाही से कर रहे हैं, मानो कोष रूपी ये स्रोत कभी समाप्त ही नहीं होंगे। मोटे हिसाब से देखें तो देश भर में घरेलू उपयोग और सिंचाई के लिए जितना पानी रोजाना खर्च होता है, उससे कई गुणा अधिक पानी तो प्रतिदिन हमारे-आपके वाहनों की धुलाई सफाई में व्यर्थ हो रहा है, वह भी पीने योग्य मीठा पानी। इसके लिए हम जब कोई नियम, कायदा, कानून, नीति वगैरह ढूंढेंगे तो बेशर्मी के ठेंगे के सिवा किसी भी दफ्तर या विभाग में कुछ नहीं मिलेगा। अगर हम सिर्फ हरियाणा, पंजाब और राजधानी दिल्ली की जलनीति समझें तो रोना आता है। जिस हरियाणा पंजाब में जंगल आज नाम मात्र बचे हों, वहां की धरती आज लगभग 30 लाख सबमध्सबलों की शर-शैय्या पर टिकी है। जिसमें से अकेले पंजाब में ही साढ़े 18 लाख सबमर्सिबल दिन रात भू-जल उलीच रहे हैं। इन दोनों राज्यों के लगभग 70 प्रतिशत भू-जल क्षेत्र डार्क जोन में हैं। राजधानी दिल्ली की हालत तो और अधिक दयनीय है। आज दिल्ली के पास कोई भी प्राकृतिक संसाधन अपना नहीं, जबकि अंग्रेजों के आने से पहले तक यहां 750 के लगभग तालाब थे। दिल्ली या पानी चोरी करती है या संसाधन खरीदती है। दिल्ली के शौचालयों के लिए नित्य-क्रम मेरठ से खींच कर लाई गई गंगा मैया निपटाती हैं। प्रतिवर्ष फरवरी-मार्च में दिल्ली में पानी की खूब किल्लत होने लगती है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में सरकारों के खिलाफ खूब घड़े-बाल्टियां फूटते हैं, लेकिन मजा देखिए कि दिल्ली में तालाब-बावडियां, पोखर भले निपटा दिए हों, लेकिन अधिकांश नेताओं के घरों में छोटे-बड़े 'स्विमिंग पूल' अवश्य मिल जाएंगे।

बारहनाजा कई मायनों में उपयोगी

बाबा मायाराम

उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल के जड़धार गांव के एक किसान हैं विजय जड़धारी, जो एक जमाने में चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रह चुके है। उन्होंने 80 के दशक में देसी बीज बचाने के लिए बीज बचाओ आंदोलन की शुरूआत की थी। जो पारंपरिक देसी बीज, हरित क्रांति के संकर बीज आने के बाद लुप्त हो रहे थे, उन्हें न केवल दूर-दूर गांवों में जाकर में तलाश किया, संग्रहीत किया, बल्कि खुद खेतों में उगाया, उनकी खेती की। आज के स्तंभ में इसी कहानी को बताना चाहूंगा। बारहनाजा का शाब्दिक अर्थ बारह अनाज है, पर इसके अंतर्गत बारह अनाज ही नहीं, बल्कि दलहन, तिलहन, शाक-भाजी, मसाले व रेशा शामिल हैं। इसमें 20-22 प्रकार के अनाज होते हैं। इन अनाजों में कोदा (मंडुवा), मारसा (रामदाना), ओगल (कुट्टू), जोन्याला (ज्वार), मक्का, राजमा, गहथ (कुलथ), भट्ट (पारंपरिक सोयाबीन), रैयास (नौरंगी), उड़द, सुंटा, रगड़वांस, तोर, मूंग, भगंजीर, तिल, जख्या, सण (सन), काखड़ी इत्यादि। विजय जड़धारी बताते हैं कि मंडुवा बारहनाजा परिवार का मुखिया कहलाता है। असिंचित व कम पानी में यह अच्छा होता है। पहले मडुंवा की रोटी ही लोग खाते थे, जब गेहूं नहीं था। पोषण की दृष्टि से यह भी बहुत पौष्टिक है। जड़धारी जी बताते हैं कि शुरूआत में हमें देसी बीज ढूंढने में दिक्कतें आई। दूर-दूर के गांवों में जाकर देसी बीज एकत्र किए। चूंकि खेती का अधिकांश काम महिलाएं करती हैं, इसलिए उन्हें इस काम से जोड़ा। इस पूरे आंदोलन में महिलाओं को प्राथमिकता दी। वे आगे बताते हैं कि बारहनाजा मिश्रित फसल पद्धति है, जिसमें खरीफ की फसलें होती हैं। इस पद्धति में मिट्टी के साथ रिश्ता है। इस पद्धति में मिट्टी की सेवा भी होती है। मंडुवा, रामदाना, कुट्टू मिट्टी से ज्यादा ताकत लेते हैं। इसलिए दलहन की फसलें लगाई जाती हैं। यह मिट्टी को उपजाऊ बनाने का काम करती हैं। दालों से नत्रजन मिलता है। यह सब किसानों ने अपने अनुभव से सीखा है। इसकी फसलें अलग-अलग होते हुए भी एक दूसरे की सहायक हैं। रामदाना, मंडुवा, ज्वार ऊपर की तरफ ऊंची बढ़ती हैं। बेलवाली दालें उससे लिपट जाती हैं। एक दूसरे को सहारा देती हैं। नियंत्रित करती हैं और उन्हें बढ़ाने में सहायक होती हैं। जड़धारी बताते हैं कि बारहनाजा की फसलें मई-जून में बोई जाती हैं और सितंबर-अक्टूबर में उनकी कटाई हो जाती है। इससे समय-समय पर लोगों को काम भी मिलता है। 4 महीने खेत खाली रहते हैं। यानी इस बीच खेतों की छुट्टी होती है, इससे खरपतवार का नियंत्रण होती है, मिट्टी फिर से उपजाऊ बनती है, यह जांचा परखा तरीका है। वे कहते हैं अब हमारे भोजन से विविधता गायब है। चावल और गेहूं में ही भोजन सिमट गया है। जबकि पहले बहुत अनाज होते थे। उन्होंने कहा भोजन पकाने के लिए चूल्हा कैसा होना चाहिए, पकाने के बर्तन कैसे होने चाहिए, यह भी गांव वाले तय करते हैं। उन्होंने पूछा क्या किसी कांदा (कंद) को गैस चूल्हे में भूना जा सकता है। यह खेती लगभग बिना लागतवाली है। बीज खुद किसानों का होता है, जिसे वे घर के बिजुड़े (पारंपरिक भंडार) से ले लेते हैं। पशुओं व फसलों के अवशेष से जैविक खाद मिल जाती है, जिसे वे अपने खेतों में डाल देते हैं। परिवार के सदस्यों की मेहनत से फसलों की बुआई, निंदाई-गुड़ाई, देखरेख व कटाई सब हो जाती है। इसके अलावा, निंदाई-गुड़ाई के लिए कुदाल, दरांती, गैंती, फावड़ा आदि की लकड़ी भी पास के जंगल से मिल जाती है। गांव के लोग ही खेती के औजार बनाते हैं। जड़धारी जी कहते हैं कि हमारी खेती समावेशी खेती है। उससे मनुष्य का भोजन भी मिलता है और पशुओं का भी। वे पालतू पशुओं को पशुधन कहते हैं। यह किसानी की रीढ़ है। लम्बे ठंडल वाली फसलों से जो भूसा तैयार होता था, उसे पशुओं को खिलाया जाता था। जंगल में भी चारा बहुतायत में मिलता था। पशुओं के गोबर व मूत्र से जैव खाद तैयार होती थी जिससे जमीन उपजाऊ बनी रहती थी। बारहनाजा के बीज सभी किसान रखते हैं। खाज खाणु अर बीज धरनु (खाने वाला अनाज खाओ किन्तु बीज जरूर रखो)। बिना बीज के अगली फसल नहीं होगी। बीजों को सुरक्षित रखने के लिए तोमड़ी (लौकी की तरह ही) का इस्तेमाल किया जाता था। जलवायु परिवर्तन हो रहा है, यह असलियत है। लेकिन बारहनाजा में इसका मुकाबला करने की क्षमता है, ऐसा अनुभव रहा है। जैसे अगर ज्यादा बारिश होती है, सूखा होता है या जंगली जानवर का आक्रमण होता है तो अगर कुछ फसलों का नुकसान होता है लेकिन उसकी पूर्ति दूसरी फसलों से हो जाती है। उन्होंने बताया कि जंगली भालू मंडुवा को बहुत पसंद करता है और खाता है पर दूसरी फसलों को नहीं खाता। इसी प्रकार, बंदर चौलाई को नहीं छेड़ते यानी नहीं खाते। बारहनाजा जैसी मिश्रित पद्धतियों का फायदा यह है कि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में किसान को कुछ न कुछ मिल जाता है। जबकि एकल फसलों में पूरी की पूरी फसल का नुकसान हो जाता है, और किसान के हाथ कुछ नहीं लगता है। जड़धार गांव के बीज बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता बताते हैं कि बारहनाजा खेती की पद्धति ही नहीं, एक जीवन पद्धति है। यह पर्वतीय क्षेत्र के लिए उपयुक्त पद्धति है। क्योंकि यहां पहाड़ी में छोटे-छोटे खेत हैं। ज्यादातर खेतों का काम खुद हाथ से करना होता है। हम खेती में एक दूसरे की मदद भी करते हैं। मोहल्ले की लोग बारी-बारी से एक दूसरे के खेतों में काम करते हैं,जिससे सबका काम हो जाए और ज्यादा बोझ भी किसी एक पर न पड़े। विजय जड़धारी, जिन्होंने बारहनाजा पद्धति को फिर से लोकप्रिय बनाया, कहते हैं कि अब किसानों को बारहनाजा की फसलों से अच्छी आमदनी भी हो रही है। डाक्टर कई बीमारियों के लिए मंडुवा व सांवा खाने की सलाह देते हैं। इससे इनके दाम बाजार से ज्यादा भी मिलते हैं। रामदाना तो सबसे अच्छा पहाड़ का ही होता है, इस कारण बाजार में इसके अच्छे दाम मिलते हैं। उत्तराखंड सरकार ने पौष्टिक अनाजों को खरीदने के लिए खरीद केन्द्र बनाएं हैं। मूल्य निर्धारण भी किया है, और उनकी खरीदी की जा रही है। बल्कि इन पर बोनस भी दिया जा रहा है। कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि बारहनाजा जैसी पद्धतियां सूखा में भी उपयोगी हैं और उसमें खाद्य सुरक्षा भी संभव है। अगर एक फसल मार खा जाती है तो उसकी पूर्ति दूसरी फसल से हो जाती है। ये सभी स्थानीय हवा,पानी, मिट्टी और जलवायु के अनुकूल हैं। जलवायु बदलाव के दौर में यह और उपयोगी हैं, क्योंकि देसी बीजों में प्रतिकूल मौसम को सहने की क्षमता होती है। यानी बारहनाजा की फसलों से प्रकृति को बिना नुकसान पहुचाएं पैदावार बढ़ाई जा सकती है, जो पर्यावरण व मित्र जीवों की रक्षा की जा सकती है, पशुपालन व कृषि का समन्वय किया जा सकता है, इसमें खेती का खर्च न्यूनतम है। इसके साथ पर्यावरण रक्षा करते हुए उत्पादन वृद्धि को टिकाऊ रूप दिया जाता है। गांवों में स्थायी, टिकाऊ खेती से आजीविका व भोजन सुरक्षा की जा सकती है। साथ ही दीर्घकालीन दृष्टि रखकर मिट्टी, पानी का संरक्षण भी किया जा सकता है।

अश्लीलता की लीला

इसमें दो राय नहीं कि सोशल मीडिया समाज में सहज-सरल संवाद व मुखर अभिव्यक्ति का माध्यम बना है। लेकिन इसमें संपादक नामक संस्था न होने के कारण यह माध्यम धीरे-धीरे अराजक सामग्री, हिंसक अभिव्यक्ति और अश्लीलता का प्रसारक व पोषक बनता जा रहा है। दरअसल, इन कंपनियों का प्रारूप कुछ इस तरह बनाया गया है कि सामाजिक मर्यादाओं का अतिक्रमण करने वाली और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर बुरा असर डालने वाली सामग्री दर्शकों का ध्यान ज्यादा खींचती है। कुछ समय पहले सोशल मीडिया माध्यमों पर बच्चों के यौन-शोषण से जुड़ी सामग्री के विज्ञापनों के प्रसारण को लेकर सरकार ने सख्त रवैया अपनाया था। बाकायदा मेटा को इस बाबत नोटिस भी दिया गया था। तब भी इन कंपनियों की जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगे थे। विडंबना ही है कि हिंसक, अश्लील व सनसनी फैलाने वाली सामग्री को दर्शकों की ज्यादा प्रतिक्रिया मिलती है, जो इन कंपनियों के अर्थशास्त्र का आधार भी है। विडंबना यह भी है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का एल्गोरिद्म उपयोगकर्ताओं की अभिरुचि और प्रतिक्रिया के चलते ऐसी सामग्री का अधिक प्रसार करने लगता है। अब सरकार की प्रतिक्रिया व कुछ प्रबुद्ध लोगों के प्रतिरोध के बाद इंस्टाग्राम ने अपने कंटेंट रिकमेंडेशन सिस्टम में बदलाव लाने की बात कही है। इसके अंतर्गत दावा किया जा रहा है कि एआई की मदद से अश्लील व हिंसक सामग्री की संस्तुति को उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने से पहले ही हटाने का प्रयास किया जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसी सामग्री को बढ़ावा देने में कंपनी की कोई भूमिका होती है? यदि नहीं, तो इसे कौन बढ़ावा देता है? सवाल यह भी है कि प्लेटफॉर्म पर सामग्री की निगरानी करने वाला एल्गोरिद्म भारतीय परिवेश में वर्जित सामग्री को लेकर अपेक्षित संवेदनशीलता दिखा पाएगा? बहुत संभव है कि सोशल मीडिया पर सूचनाओं व कार्यक्रमों का स्वरूप निर्धारित करने में पश्चिमी समाज का दृष्टिकोण प्रभावी होता हो।

देश के बाहर भारतीय चुनावी व्यवस्था को भ्रष्ट सिद्ध करने का अभियान क्यों

हृदयनारायण दीक्षित

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारतीय राजनीति से निराश हैं। जनता उनकी पार्टी को घास नहीं डालती। इसीलिए वे अब अमेरिका की शरण में हैं। वे अमेरिका में भारत की बदनामी में अतिरिक्त सक्रिय हैं। वे भारत में 2024 के चुनाव को अवैध सिद्ध करने का अभियान चला रहे हैं। दरअसल 2014, 2019 व 2024 के आम चुनाव के नतीजे राहुल की पार्टी के विपरीत रहे। लगातार हारते हुए राहुल गांधी लस्त-पस्त हैं। वे तय नहीं कर पा रहे हैं कि खुले मन से हार स्वीकार करें या कांग्रेस मजबूत करें या भारतीय चुनाव प्रणाली को निशाने पर लेते रहें।वे 19 नवंबर 2026 के दिन अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय में थे। राजनीति विज्ञान के छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए राहुल ने साल 2024 के आम चुनाव को पूरी तरह से अवैध ठहराया। वे भूल गए कि इसी विश्वविद्यालय में भारतीय धर्म दर्शन की श्रेष्ठता पर स्वामी विवेकानंद ने महत्वपूर्ण भाषण दिया था। अच्छा होता कि वे विवेकानंद से प्रेरणा लेते और यूनिवर्सिटी में भारतीय लोकतंत्र की प्रशंसा करते। वे भूल गए कि 2024 के जिस चुनाव को वे अवैध बता रहे हैं, वे स्वयं इसी चुनाव के परिणामों के आधार पर नेता प्रतिपक्ष निर्वाचित हुए हैं। वो ये भी भूल गए कि वे अमेरिका में हैं और भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना को कुठाराघात कर रहे हैं।राहुल ने यह भी कहा है कि कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव के समय से ही चुनावी ग?ब?ी का अंदेशा था। अब उनके पास सबूत आ गए हैं।मूलभूत प्रश्न है कि वे देश के बाहर भारतीय चुनाव को भ्रष्ट सिद्ध करने के अभियान को क्यों चला रहे हैं? क्या अमेरिका उनकी बेचैनी का कोई समाधान कर सकता है? क्या हजारों वर्ष प्राचीन संस्कृति वाले राष्ट्र भारत की चुनाव प्रणाली में कोई हस्तक्षेप करने की स्थिति में है? इसका उत्तर साफ है कि भारत संप्रभु राष्ट्र है। भारत दुनिया के किसी भी देश के दबाव या प्रभाव में काम नहीं करता। भारत स्वभाव से ही लोकतंत्र का उपासक है। भारत में वैदिककाल से ही सभा और समितियां हैं। भारतीय धर्म दर्शन में सहमति और असहमति की सांस्कृतिक निरंतरता है। भारत को दुनिया के किसी अन्य देश से प्रेरित होने की आवश्यकता



नहीं है। लोकतंत्र भारत की जीवनशैली है।राहुल पराजित मानसिकता के कारण वाणी और व्यवहार का समन्वय भी नहीं कर पाते। राहुल की पार्टी जहां-जहां हारती है वहां वहां ईवीएम पर आरोप लगाती है। चुनाव आयोग पर भी तथ्यहीन आरोप लगाती है।

भारत में संविधान की सत्ता है। संविधान को मानना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। राहुल जैसे नेता संविधान का सम्मान नहीं करते। संवैधानिक संस्थाओं पर हमला बोलना, संविधान से इनकार करना है। संविधान को न मानने वाले भारत के नागरिक नहीं हो सकते। राहुल की पार्टी संसद चलने नहीं देती। संसद ही सहमति और असहमति व्यक्त करने का सर्वोपरि संवैधानिक निकाय है। लोकतंत्र में संवैधानिक निष्ठा अनिवार्य है लेकिन वे न्यायालयों की गरिमा का ध्यान नहीं रखते।

भारतीय चुनाव आयोग की प्रशंसा सारी दुनिया में होती है। इसी अपने चुनाव आयोग की भर्त्सना निन्दा मर्यादाहीन आचरण को भी पार करती है। हालांकि अमेरिका में उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में यह भी कहा है कि भारतीय लोकतंत्र हमारे लिए पवित्र है। उनका बयान उचित है लेकिन इसी लोकतंत्र को वे लगातार अपमानित कर रहे हैं। चुनाव ल?कर संसद या विधान मण्डल में पहुंचना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। सरकार बनाने चुनाव के माध्यम से यथाविधि सत्ता प्राप्त करने की संवैधानिक व्यवस्था को चुनौती नहीं दी जा सकती। सत्ता अराजकता फैला कर नहीं मिलती है। संविधान का कोई विकल्प नहीं होता। उनकी पार्टी का जनाधार समाप्त हो गया है तो ये उनकी समस्या है।भारत भूमि से बाहर भारतीय अर्थव्यवस्था के भरभरा के गिर जाने की घोषणा भी राहुल ने की है। वे अर्थशास्त्र के जानकार नहीं हैं।ब्रिटेन में भी संसदीय व्यवस्था है। ब्रिटिश संसद में भी नेता विरोधी दल होते हैं। ऐसा अवसर कभी नहीं आया कि ब्रिटेन के नेता विरोधी दल दुनिया के किसी भी अन्य देश में अपनी व्यवस्था की निन्दा करते। ब्रिटेन के राजनैतिक दल लेबर और कंजरवेटिव आपस में अपने देश के भीतर ही खूब बहस करते हैं। नीतियों की आलोचना करते हैं। यूरोप के देशों में कोई विपक्षी दल या नेता देश के बाहर देश की निन्दा नहीं करते। संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय व्यवस्था राज्यों की राजनीति को तमाम अवसर देती है। वहां दो विपरीत विचारधारा के राजनैतिक दल हैं रिपब्लिकन और डेमोक्रेट। लेकिन अमेरिका के किसी विपक्षी नेता ने अपने देश के बाहर अपने देश की निन्दा नहीं की।भारत विशाल लोकतंत्र है। यहां के नेता प्रतिपक्ष को हल्की बातें नहीं करनी चाहिए। उन्हें उच्च सुशिक्षित अर्थशास्त्रियों की सही परामर्श देने वाली एक टीम अपने पास रखनी चाहिए। आयात और निर्यात के आंक? भी देखने चाहिए। उनका सम्यक विश्लेषण भी करते रहना चाहिए। वित्त मंत्री की तरफ से तमाम आंक? दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने भी समय-समय पर अर्थव्यवस्था पर विचार व्यक्त किए हैं। प्राचीन परम्परा के अनुसार राजा को अर्थशास्त्र का ज

खबरें एक नजर में

ई-रिक्शा की टक्कर से मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

सुमेरपुर। पड़ोसी गांव से मजदूरी कर पैदल घर लौट रहे युवक की ई-रिक्शा की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सिमनौड़ी गांव निवासी रामप्रकाश वर्मा (40) शनिवार को पड़ोसी गांव देवगांव में मजदूरी करने गया था। शाम करीब चार बजे वह पैदल घर लौट रहा था। सिमनौड़ी और देवगांव के बीच तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। सीने में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बड़े भाई ओमप्रकाश उसे निजी वाहन से सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। वह मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करता था। पत्योरा चौकी प्रभारी निशांत दुबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ट्रक से बचने में पलटा ऑटो, चार यात्री गंभीर घायल



सुमेरपुर। कस्बे से सिसोलर जा रहा सवारियों से भरा ऑटो रविवार शाम मिहुना गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार शाम करीब पांच बजे ऑटो सुमेरपुर से सवारियां लेकर सिसोलर जा रहा था। मिहुना गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में चालक ने ऑटो सड़क किनारे उतार दिया। संतुलन बिगड़ने से ऑटो खड्ड में पलट गया। हादसे के समय ऑटो में सात लोग सवार थे। घटना में बरदहा सहजना निवासी मीरा (58), हमीरपुर निवासी माया (45), कानपुर निवासी लीलावती (70) और बैजेमऊ निवासी वृंदावन (71) गंभीर रूप से घायल हो गए। अदिति सहित अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। एंबुलेंस से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चारों गंभीर घायलों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष राममोहन राय ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

हमीरपुर में खाद का पर्याप्त स्टॉक, निर्धारित दरों पर ही होगी बिक्री

हमीरपुर। रबी फसलों की बुवाई के बीच किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जिले में पर्याप्त उर्वरक स्टॉक उपलब्ध है। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सहकारी और निजी बिक्री केंद्रों पर यूरिया, डीएपी और एनपीके की पर्याप्त मात्रा मौजूद है। किसानों को निर्धारित दरों पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 13,290 मीट्रिक टन यूरिया, 3,275 मीट्रिक टन डीएपी और 1,578 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। यूरिया की बोरी 266.50 रुपये, डीएपी 1,350 रुपये और एनपीके 20-20-0-13 की बोरी 1,900 रुपये में मिलेगी। सहकारी और निजी केंद्रों पर खाद की गुणवत्ता एवं कीमत समान रखी गई है। जिलाधिकारी ने किसानों से जरूरत के अनुसार खाद खरीदने और अनावश्यक परेशान न होने की अपील की। निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली, कालाबाजारी या अनियमितता मिलने पर कंट्रोल रूम नंबर 05282-222330 और जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के नंबर 05282-298392 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि आगामी चार से पांच दिनों में महोबा रैक प्वाइंट से 1,150 मीट्रिक टन डीएपी और 250 मीट्रिक टन एनपीके की अतिरिक्त आपूर्ति होगी। संबंधित अधिकारियों को वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि की अर्पित

झांसी। बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के केन्द्रीय कार्यालय पर हुई शोक सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की माता श्री व बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के योद्धा कुंवर बहादुर आदिम को श्रृद्धांजलि अर्पित की गयी।शोक सभा में भानू सहाय, राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट, अशोक सक्सेना, रघुराज शर्मा, प्रदीप नाथ झा, हमीदा अंजुम, संतोष श्रृंगीऋषि, उत्कर्ष साहू, राम गुप्ता, प्रभुदयाल कुशवाहा,गिरजा शंकर राय,नरेश वर्मा, बृजेश राय,गोलू ठाकुर, अभिषेक तिवारी,अनिल कश्यप, राजेश लोहिया, विकास पुरी,अरूण रायकवार, विजय रायकवार, शंकर रायकवार,रशीद कुरैशी, दुलीचंद कुशवाहा, शाहजहां बेगम, सईदा बेगम, रजनी वर्मा आदि ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

खेत में सिंचाई करने गए युवक की मौत



महोबा। अजनर थाना क्षेत्र में खेत पर सिंचाई करने गए एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शनिवार शाम उसका शव खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने किसी जहरीले कीड़े के काटने से मौत होने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। लेवा गांव निवासी सतीश (23), मान सिंह यादव के बेटे थे। पोस्टमार्टम हाउस मौजूद उनके भाई दिलीप बेटे थे। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद उनके भाई दिलीप यादव ने बताया कि सतीश शनिवार सुबह रोज की तरह खेत पर सिंचाई करने गए थे। शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजन उन्हें देखने खेत पहुंचे। वहां सतीश मृत अवस्था में जमीन पर पड़े मिले। यह देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का मानना है कि खेत में काम करते समय किसी जहरीले कीड़े ने सतीश को काट लिया होगा, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर अजनर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर महोबा मुख्यालय स्थित मोर्चरी में रखवाया गया। रविवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। अजनर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। युवक की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा है।

वृद्धाश्रम के बुजुर्गों व बच्चों ने किया कानपुर चिड़ियाघर का भ्रमण



उरई। किसी के लिए यह बचपन की रोमांचक सैर थी, तो किसी के लिए अपनों के साथ बिताए खुशनुमा पलों को फिर से जीने का अवसर। बच्चों की खिलखिलाहट और बुजुर्गों के चेहरों पर झलकती खुशी ने एक ऐसा आत्मीय दृश्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। अवसर था वृद्धाश्रम में निवासरत दादा-दादियों और बच्चों के साथ कानपुर चिड़ियाघर भ्रमण का। जब बच्चे अपने दादा-दादियों के साथ एक ही वाहन में सैर के लिए निकले, तो उनके चेहरों पर उत्साह और उमंग देखते ही बन रही थी। डीएम समीर के निर्देशन में आयोजित इस विशेष भ्रमण कार्यक्रम को नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन के रवाना होते ही बच्चों की उत्सुकता और बुजुर्गों की प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। बच्चों के लिए यह चिड़ियाघर की सैर जहां मनोरंजन और रोमांच से भरपूर अनुभव बनने जा रही थी, वहीं वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए बच्चों के साथ समय बिताने, उनसे बातचीत करने और उनके स्नेह के बीच कुछ यादगार पल संजोने का अवसर था। इस पहल की खूबसूरती यही है कि इसमें उम्र का फासला कहीं नजर नहीं आया, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के बीच दादा-दादी और पोते-पोतियों जैसा अपनापन दिखाई दिया। बच्चों को बुजुर्गों का स्नेह, आशीर्वाद और जीवन के अनुभवों का साथ मिला, वहीं बुजुर्गों के जीवन में बच्चों की हंसी-खुशी ने नई उमंग भरने का काम किया। संदेश है कि बुजुर्गों को केवल देखभाल ही नहीं, बल्कि समय, सम्मान, अपनत्व और खुशियों की भी जरूरत होती है। उनके साथ बिताया गया हर खुशनुमा पल अनमोल होता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जीजीआईसी व जीआईसी इंटर कॉलेज में व्यवस्थाएं परखीं

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को जिले के विभिन्न मतदाता पंजीकरण बूथों का निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और इस्लामिया इंटर कॉलेज में स्थापित बूथों का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ से पंजीकरण कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अशोक कुमार ने पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा, महिलाएं और पहली बार मतदान के लिए पात्र बने नागरिक विशेष पुनरीक्षण अभियान का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिन मतदाताओं के नाम, पते या अन्य विवरणों में त्रुटि है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत संशोधन करा सकते हैं। सभी बीएलओ को प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से निस्तारण करने और पात्र नागरिकों को सहयोग देने के निर्देश दिए गए हैं।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



मौदहा (हमीरपुर)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती रविवार को कस्बे के उपरौस मोहल्ले में मनाई गई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके राजनीतिक जीवन को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा नगर अध्यक्ष मोहम्मद साबिर उर्फ हलीम ने की। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में समाज के कमजोर, पिछड़े और वंचित वर्गों की आवाज बुलंद की। प्रदेश की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता शादाब हुसैन बिट्टू, पूर्व मंत्री बादशाह सिंह के प्रतिनिधि घनश्याम साहू, नईम प्रवक्ता, करीम उल्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष व्यापार सभा हमीद उर्फ डब्बू, जगमोहन भुर्जी, बिंदा पाल, रोशन यादव, नदीम मुन्ना, शोएब, आरिफ, फत्तू, राजू कुशवाहा, साबिर, सरफुद्दीन, बच्चू, शनि कुरैशी और लाला सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दीपावली,दशहरा गौरखा मिलन समारोह में दिया एकजुटता पर जोर

झांसी। भारतीय गोरखा परिसंघ उ.प्र. की जिला शाखा द्वारा दीपावली, दशहरा गौरखा मिलन समारोह का आयोजन भारतीय गौरखा परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि थापा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने उपस्थितजनों को दीपावली एवं विजय दशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। झाँसी जिलाध्यक्ष मान सिंह ने भी समाज बन्धुओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश सिंह क्षेत्री सहित झाँसी जिला शाखा के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं उप्र के विभिन्न क्षेत्रों से आये समाज के गणमान्यजनों के साथ ही राज बहादुर सिंह (सचिव)गौरी शंकर श्रेष्ठ (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) मनीराम (उपाध्यक्ष), श्रीलाल सिंह (जिला महामंत्री) राजेश थापक (वरि. सलाहकार, अमित प्रधान (कोषाध्यक्ष) आदि उपस्थित रहे।

वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर किया प्रसाद वितरण



झांसी। वीरांगना झलकारी बाई की 196 वीं जयंती अवसर पर झलकारी बाई सेवा समिति द्वारा वीरांगना झलकारी बाई पार्क एसपीआई इंटर कालेज के सामने प्रतिमा पर पुष्पांजलि उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर पूर्व महापौर किरन राजू बुकसेलर पार्षद राजकुमारी वर्मा, वीरांगना झलकारी बाई सेवा समिति के अध्यक्ष राजू बुक सेलर, कोषाध्यक्ष टी डी वर्मा, के वर्मा, रवि आर्य, अनिल कुमार वर्मा, राजकुमार दसारिया, हरि कृष्ण वर्मा, श्यामलाल आर्य, संतोष कुमार आर्य, एलपी वर्मा, किशन लाल वर्मा, मिश्रीलाल, नेतराम वर्मा, दशरथ वर्मा, तुलसीदास चंदेरिया, सुनीता वर्मा, सुनील कुमार, कृष्ण बिहारी, लखन कुशवाहा पार्षद, दयाराम जठारिया, कमलेश आदि मौजूद रहे।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा ने 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प

- पूर्व मंत्री अच्छे लाल निषाद के आयोजन में जुटे सपाई, 20 से अधिक लोगों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।



समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर सपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और वर्ष 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में पूर्व राज्य मंत्री अच्छे लाल निषाद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव हसनुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि नेताजी लोकतंत्र और समाजवाद के सच्चे समर्थक थे। पीडीए की सोच भी उनकी विचारधारा से जुड़ी है। उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए 2027 में सपा की सरकार बनाना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय निषाद एकता मंच के संस्थापक तूफानी निषाद ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने दलितों, पिछड़ों, वंचितों, अल्पसंख्यकों, छात्रों और नौजवानों की आवाज उठाई। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष इदरीश खान, शुभकरण सिंह परिहार, पुष्पेंद्र सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजबहादुर पाल, संजय सिंह यादव और रामप्रकाश प्रजापति ने भी संबोधित किया। संचालन पूर्व प्रधान परशुराम प्रजापति ने किया। इस दौरान 20 से अधिक लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेसियों ने वीरांगना झलकारी बाई को जयंती पर किया नमन



झांसी। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में वीरांगना झलकारी बाई की 196 वीं जयंती शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता मनाई गई,जिसमें कांग्रेसजनों ने एसपीआई इंटर कॉलेज के सामने स्थित झलकारीबाई पार्क पहुँचकर झलकारी बाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष ने कहा कि सन 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में वीरांगना झलकारी बाई ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुये आजादी की बलि वेदी पर अपने प्राणो की आहुति दी। इस मौके पर डा. सुनील तिवारी, राजेंद्र सिंह यादव,घनश्याम दास वर्मा, अमीर चंद आर्य, हरिओम श्रीवास, जीतू श्रीवास, शैलेन्द्र कुमार शीलू, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, डा. काशीराम भिटौरिया, पार्वती चौधरी, प्रीति श्रीवास, पवन राज नगरा,सोहन तिवारी, इदरीश खान मुन्ना, सोम त्रिवेदी,रामकिशन कुशवाहा, सूरज प्रकाश राय, शाहरुख मंसूरी, कार्तिक पटैरिया, मनोज तिवारी,संकल्प अग्रवाल,एम सी वर्मा , जावेद बबुआ, इमरान खान, सिराज खान आदि मौजूद रहे।

15 लाख की लूट का खुलासा, मुठभेड़ में दो गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, गुरसराय, झांसी।



थाना गुरसराय क्षेत्र में हुई 15 लाख रुपये की लूट की बड़ी वारदात का गुरसराय पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में खुलासा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 10 नवंबर को अनुराग सिंह अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी (UP93BK7274) से एरच रोड स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाने गए थे। जब वह अपनी पत्नी के साथ बाथरूम गए, तभी चालक आशीष अवस्थी उनके 6 वर्षीय बेटे सार्थक सिंह को लेकर स्कॉर्पियो सहित फरार हो गया। बाद में मोठ क्षेत्र में कुम्हरार पुल के पास सर्विस रोड पर स्कॉर्पियो खड़ी मिली और बच्चा सकुशल बरामद हो गया, लेकिन चालक गाड़ी में रखे 15 लाख रुपये नकद और महिला का मोबाइल लेकर भाग निकला था। इस मामले में 11 नवंबर को थाना गुरसराय में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में मामले के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया था। 21-22 नवंबर की रात मुखबिर से सूचना मिली कि आशीष अपने साथी विशाल के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा है। ग्राम अड़जरा से आगे सोलर पावर प्लांट गैस गोदाम जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में पहला आशीष अवस्थी (उम्र 36 वर्ष) निवासी छतरपुर, हाल पता कमल सिंह कॉलोनी झांसी तथा दूसरा विशाल शर्मा (उम्र 38 वर्ष) निवासी साई सिटी, आईआईएम रोड, थाना मड़ियांव, लखनऊ है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 देशी तमंचे 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस, 50 हजार 270 रुपये नकद, सोने की 2 चेन और कान के 2 टॉप्स (कीमत करीब 1 लाख 60 हजार रुपये), 4 मोबाइल फोन और 1 मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक विशाल शर्मा के खिलाफ लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस के 24 मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जबकि आशीष अवस्थी पर कानपुर में भी एक गंभीर मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब लूटे गए शेष पैसों की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस सफल कार्रवाई में क्षेत्राधिकारी पीयूष पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार द्विवेदी, उ.नि. सूर्यकान्त त्रिपाठी, हे.का. अमृत सिंह, कां. अमन तिवारी, कां. अभिषेक सिंह, कां. नीतेश, मोहित यादव तथा स्वाट टीम से अर्पित चौहान, सत्यम मिश्रा और कां. कपिल चाहर शामिल रहे।

बुंदेलों ने मोदी को 55वीं बार खून से खत लिख बनाया इतिहास

- बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक शंकर लाल मेहरोत्रा की 25वीं पुण्यतिथि पर लिखे 25 खत व उठाई अलग राज्य की मांग

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक शंकरलाल मेहरोत्रा की 25वीं पुण्यतिथि पर आज बुंदेलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने खून से 55वीं बार खत लिखे एवं अलग बुंदेलखंड राज्य के उनके अधूरे मिशन को पूरा करने की मांग पुनः उठाई। बुंदेली समाज के लोगों ने स्व. मेहरोत्रा की 25वीं पुण्यतिथि पर 25 खत लिखे एवं स्पीड पोस्ट से उनको प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री को जितनी बार हम लोगों ने अपने खून से खत लिखकर भेजे हैं, दुनिया में कहीं पर कोई ऐसा नहीं कर पाया। हम ऐसा पूरी खोजबीन करने के बाद कह रहे हैं। अब तक बुंदेलखंड राज्य तो नहीं बन पाया लेकिन ये अनूठा रिकॉर्ड जरूर हम लोगों के नाम हो गया है, हम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसे दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। अलग राज्य की मांग को लेकर हमने आल्हा चौक में जो 635 दिन अनशन किया, वह भी बुंदेलखंड के इतिहास में अब तक का सबसे लंबा अनशन है। यदि कोरोना काल न आया होता तो संभव था वह अब भी चल रहा होता। उन्होंने कहा कि बुंदेली समाज के साथी अपने खून से अब तक करीब 2 हजार खत प्रधानमंत्री को भेज चुके हैं। इनमें अलग राज्य की मांग के साथ बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने, बुंदेलखंड में एम्स खोलने व पर्यटन हब बनाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। महामंत्री डा. अजय बरसैंया ने आज खून से खत लिखकर अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर पूर्व फौजी कैप्टन मोहन सिंह, देवीदीन यादव, इंद्रपाल, लाखन सिंह तोमर, कृष्णा शंकर जोशी, सुधीर दुबे, गया प्रसाद, हरीओम निषाद, इकबाल हुसैन, विपिन भाखरी, प्रेम चौरसिया व अन्नू पुरवार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान: बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

जालौन। रविवार को आयोजित पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत आज नगर में 31 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 86 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी गई। पोलियो बूथ पर आज नगर क्षेत्र में 4305 हजार बच्चों में से बच्चों को दवा पिलायी गई। एसडीएम राकेश कुमार सोनी ने दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत नगर में 12223 घरों में रहने वाले 0 से 5 वर्ष तक के 9537 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के 31 बूथ बनाये गये थे तथा यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए 4 ट्रांजेट बूथ बनाये गये थे, जिन्होंने देवनगर चौराहा, कोंच चौराहा, सहाव मोड़ पर बच्चों को दवा पिलाई गई। पोलियो रविवार के दिन नगर में 4305 बच्चों को दवा पिलाई



जा सकी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के 14930 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिए 88 बूथ बनाये गये थे। ग्रामीण क्षेत्र में दवा पीने वाले बच्चों का प्रतिशत 45 रहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. के.डी. गुप्ता व डॉ. सहन विहारी गुप्ता के दिशा निर्देशन में बच्चों को दवा पिलाई गई। कल से पांच दिनों तक नगर में 21 टीमें व 2 सेंटर तथा गांव में 44 टीमें तथा 4 सेंटर बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी। कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रह जाय, इसके लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों को जोनों में बांटा गया है।

सूचना

मेरे पुत्र रिंकू उर्फ मुकेश व पुत्रवधू रितु उर्फ रानी का आचरण अच्छा न होने पर उनसे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेर सहित मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।
राकेश चंद्र पुत्र स्व. मिट्ठू लाल निवासी ग्राम महमूदपुर खास, थाना विशुनगढ़ (कन्नौज)

अदालती सूचना

न्यायालय तहसीलदार (न्यायिक) छिबरामऊ
वाद संख्या-टी202603390105716
धारा-34 रा0सं02006
अवधेश सिंह
बनाम
गिरजा देवी
मौजा-गंगागंजगुरौली
परगना-तालग्राम तहसील-छिबरामऊ
महेन्द्र सिंह सोमवंशी पुत्र चेतशंकर निवासी गंगागंज गुरौली परगना तालग्राम हाल निवासी निराला नगर 42/1 सीतापुर रोड लखनऊ
चूंकि उपनामांकित वादी अवधेश सिंह पुत्र चेतशंकर सिंह निवासी गंगागंजगुरौली परगना तालग्राम तहसील छिबरामऊ एतदद्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय मे आवेदन किया है एतदद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप आवेदन के विरूद्ध संन्दर्भित के लिये दिनांक 11.12.2026 को 10 बजे पूर्वाहन स्वयं एवं अधिवक्ता सहित उपस्थित हो और यह करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय माना जायेगा और आदेश पारित कर दिया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 19.11. 2026 को जारी की गयी।
तहसीलदार (न्यायिक) छिबरामऊ।

अदालती सूचना

न्यायालय तहसीलदार (न्यायिक) छिबरामऊ
वाद संख्या-टी202603390105718
धारा-34 रा0स02006
अवधेश सिंह
बनाम
गिरजा देवी
मौजा-गंगागंजगुरौली परगना-तालग्राम तहसील-छिबरामऊ
महेन्द्र सिंह सोमवंशी पुत्र चेतशंकर निवासी गंगागंज गुरौली परगना तालग्राम हाल निवासी निराला नगर 42/1 सीतापुर रोड लखनऊ
चूंकि उपनामांकित वादी अवधेश सिंह पुत्र चेतशंकर निवासी गंगागंजगुरौली परगना तालग्राम तहसील छिबरामऊ एतदद्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आवेदन किया है एतदद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप आवेदन के विरूद्ध संन्दर्भित के लिये दिनांक 11.12.2026 को 10 बजे पूर्वाहन स्वयं एवं अधिवक्ता सहित उपस्थित हो और यह करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय माना जायेगा और आदेश पारित कर दिया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 19.11.2026 को जारी की गयी।
तहसीलदार (न्यायिक) छिबरामऊ।

खिचड़ी व फल वितरित कर समाजवादियों ने मनाई सपा संस्थापक की जयंती

- कार्यकर्ताओं ने नेताजी के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज़, बांदा।





समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री पद्मविभूषण मुलायम सिंह यादव को जयंती पर याद करते हुए समाजवादियों ने राहगीरों व आम लोगों को खिचड़ी और बबेरू स्थित सीएचसी, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फल वितरण किया। पदाधिकारियों व कार्यरर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पार्ट संस्थापक को नमन किया। कार्यकर्ताओं ने नेताजी के योगदान को याद किया। पार्टी संस्थापक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। बबेरू में सपा विधायक विशंभर सिंह यादव की अगुवाई में रविवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती धूमधाम और जोश के साथ मनाई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां वितरित कीं। इस दौरान पार्टी संस्थापक के सामाजिक कार्यों और उनके योगदान को याद किया और उनकी जीवन यात्रा पर चर्चा की। श्री यादव ने कहा कि नेताजी ने हमेशा धरतीपुत्र के रूप में काम किया। समाज के निचले तबकों के लिए संघर्ष किया। यही कारण है कि वह न केवल रक्षा मंत्री बल्कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी निभाते रहे। उन्होंने भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। पूरे प्रदेश की जनता 2027 के विधान सभा चुनाव में सबक सिखाएगी। उधर, सपा युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी विदित की अगुवाई में रविवार को पुराने आरटीओ कार्यालय के सामने स्थित हनुमान मंदिर के बगल में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। राहगीरों के साथ आम लोगों को खिचड़ी वितरित कर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर इमरान अली राजू, विजयकरन यादव, प्रियांशु गुप्ता, आत्माराम यादव, निलेश श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

मरीजों को बांटे फल, पार्टी की नीतियां बताईं

सपा जिलाध्यक्ष अगुवाई में पार्टी संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मनाते हुए जिला पुरुष व महिला अस्पताल समेत नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल वितरित किए। पार्टी संस्थापक को गरीबों मजलूमों का मसीहा बताते हुए पार्टी की नीतियां बताईं। युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने की नसीहत दी। कहा कि श्रद्धेय नेताजी का जीवन सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, समानता एवं जनसेवा के लिए समर्पित रहा। इस मौके पर सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष अर्चना पटेल, सपा महिला सभा राष्ट्रीय सचिव उर्मिला वर्मा, महेंद्र सिंह वर्मा, राजाभइया वर्मा आदि उपस्थित रहे।

जमीन पर गिर कर घायल हुए बुजुर्ग की मौत

नरैनी। कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव निवासी राजाराम (60) पुत्र लल्ली को एक सप्ताह पहले मामूली विवाद में गांव के युवक ने धक्का देकर गिरा दिया। उसके कूल्हे की हड्डी टूट गई। उसका नहरी में प्राइवेट डाक्टर के यहां इलाज कराया। हालत मे सुधार न होने पर उसे सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया। शनिवार को अस्पताल से छुट्टी के बाद परिजन उसे घर लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई बाबू ने बताया कि राजाराम नहरी गांव स्थित देशी शराब ठेके में चखना बेचने के काम करता था। शराब पिलाने से इनकार करने पर पड़ोसी युवक ने उसे धक्का देकर गिरा देने से वह घायल हो गया। मृतक के भाई बाबू ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद युवक के खिलाफ वह कोतवाली में तहरीर देगा।

संक्षिप्त खबरें

एसएसआर अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसएसआर)-2027 के तहत कंपोजिट विद्यालय मिठौरा में आयोजित विशेष अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ से नए मतदाताओं के पंजीकरण और फार्म-06 प्राप्ति की प्रगति जानी। डीएम ने बीएलओ को घर-घर संपर्क कर पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करने तथा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं, नवविवाहिताओं और छूटे हुए पात्र नागरिकों का नाम सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्म-06 भरने में सहायता, आवेदनों का समयबद्ध सत्यापन और ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही बीएलओ की नियमित उपस्थिति और सुपरवाइजरों को प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए। विद्यालय में बूथ संख्या 206 से 211 तक छह मतदेय स्थलों पर अभियान के दौरान कुल 36 फार्म-06 प्राप्त हुए। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ उपस्थित रहे।

कप्तानगंज पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, आभूषणों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

कुशीनगर । जिले के कप्तानगंज पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक वांछित शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए पीली धातु के एक जोड़ी झुमके और सफेद धातु का एक मंगलसूत्र बरामद किया है। पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कप्तान गंज पुलिस ने मुकामी थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 451/2026, धारा 305(ए) और 317(2) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना की जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक निषाद पुत्र अशोक निवासी ग्राम हरपुर, थाना पुरैना, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है। उसकी निशानदेही और कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद किया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर पुलिस ने अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

भूमि पूजन के साथ पुलिस ने शुरू की माघ मेले की तैयारी

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। संगम की रेती पर आगामी माघ मेला-2027 को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार से अपनी तैयारियों का शंखनाद कर दिया। संगम क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन और पुलिस ध्वज की स्थापना के साथ ही अस्थायी पुलिस लाइन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस बार मेले की सुरक्षा व्यवस्था में 50 वर्ष से कम आयु के शारीरिक रूप से फिट और शाकाहारी पुलिसकर्मियों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। रविवार दोपहर पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. अजय पाल शर्मा, विजय ढुल, डीसीपी माघ मेला विवेक चंद्र यादव, एडीसीपी विजय आनंद और एसीपी अरुण पाराशर प्रमुख रूप से मौजूद रहे अधिकारियों ने मेले की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की रूपरेखा पर मंथन किया। पूजन के साथ ही अब मेला क्षेत्र में अस्थायी थाने, पुलिस चौकियां, अग्निशमन केंद्र, वाच टॉवर और आधुनिक सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाने का काम तेज होगा। जल्द ही प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पुलिस बल की आमद शुरू हो जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य महाकुम्भ की तर्ज पर ही श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और पर्यटकों को एक सुगम और सुरक्षित माहौल प्रदान करना है, जिसके लिए भीड़ नियंत्रण और त्वरित सहायता पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

छह एसीपी का हुआ गैरजनपद तबादला

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत प्रयागराज में तैनात छह सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) का गैरजनपद तबादला कर दिया गया है। जारी तबादला सूची के अनुसार धूमनगंज, ट्रैफिक, कर्नलगंज, सोरांव और थरवई सर्किल समेत विभिन्न जिम्मेदारियों पर तैनात अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। तबादला सूची के मुताबिक रवि कुमार गुप्ता को एसीपी धूमनगंज से डीएसपी गोंडा, सुनील कुमार सिंह द्वितीय को एसीपी ट्रैफिक से डीएसपी अंबेडकरनगर, विवेक यादव को एसीपी कर्नलगंज से एसीपी लखनऊ भेजा गया है। इसी क्रम में श्यामजीत प्रमिला सिंह को एसीपी सोरांव से डीएसपी पुलिस अकादमी मुरादाबाद, अजेन्द्र यादव को एसीपी थरवई से डीएसपी बुलंदशहर तथा अनुष्का को सहायक सेनानायक, चौथी वाहिनी पीएसी प्रयागराज से डीएसपी मुरादाबाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस प्रशासनिक बदलाव के बाद प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के कई महत्वपूर्ण सर्किलों में नई तैनाती होगी। अधिकारियों के स्थानांतरण से स्थानीय पुलिस व्यवस्था में भी बदलाव देखने को मिलेगा। अब सभी की निगाहें नए अधिकारियों की तैनाती और उनके कार्यभार संभालने पर टिकी हैं।

माघ मेला तैयारी की गति धीमी, अधिकारियों की लगी एसआईआर में ड्यूटी

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। माघ मेला शुरू होने में लगभग पौने दो माह ही शेष हैं लेकिन तैयारियों की अपेक्षाकृत गति धीमी है। इसकी मुख्य वजह मेला में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में ड्यूटी लगा दी गई है। मेला कार्य प्रभावित होने के चलते मेलाधिकारी ऋषिराज ने डीएम मनीष कुमार वर्मा को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को अभियान तथा चुनाव की ड्यूटी से अवमुक्त किया जाए। माघ मेला में विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी, जल निगम, सिंचाई विभाग बाढ़ खंड के लगभग 100 अवर अभियंताओं, सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंताओं की ड्यूटी लगी है। इसके अलावा नगर निगम, पीडीए, जिला प्रशासन, सदर तहसील के साथ ही फूलपुर और करछना तहसील के 30 से ज्यादा अधिकारियों की भी मेला में ड्यूटी लगाई गई है।

जयंती पर याद किए गए मुलायम सिंह यादव

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई। श्रद्धांजलि सभाओं के साथ सेवा और सहायता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जार्जटाउन स्थित पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन और महानगर कार्यालय चौक में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में मुलायम सिंह के विचारों और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। अनिल यादव और सैयद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, विधायक हाकिम लाल बिंद, संदीप पटेल, पूर्व विधायक डॉ. बृजभान यादव, बासुदेव यादव, इंजीनियर जगदीश यादव, राममिलन और दान बहादुर मधुर ने विचार रखे। लोकनाथ चौराहे पर सैयद इफ्तेखार हुसैन, रविंद्र यादव और दिलीप सोनी ने फल बांटे। मयंक यादव जोंटी ने कंबल, तारिक सईद अज्जू ने नीमसराय में फल, विदुप अग्रहरि ने कॉल्विन अस्पताल में मरीजों को फल और संदीप यादव ने संगम पर दूध वितरित किया। सचिन श्रीवास्तव ने दारागंज में बच्चों को कॉपी-पेंसिल, मोहम्मद शारिक ने नैनी वृद्धाश्रम में फल, धीरू यादव ने महिलाओं को शाल और संदीप यादव ने शांतिपुरम में श्रमिकों को हलवा बांटा।

केरला पब्लिक स्कूल की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन

अयान सिद्दीकी और खुशबू कुमारी बने ओवरऑल चैंपियन, विजेताओं को मेडल व पुरस्कार देकर किया सम्मानित



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। केरला पब्लिक स्कूल महराजगंज में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उत्साह, उमंग और खेल भावना के बीच भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। बालक वर्ग में कक्षा पांच के अयान सिद्दीकी तथा बालिका वर्ग में कक्षा पांच की खुशबू कुमारी ने शानदार प्रदर्शन कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि इंजीनियर विवेक गुप्ता, प्रबंधक आरके सनसाइन अकादमी महराजगंज तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. शांति शरण मिश्र, प्रदेश सह-संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ, भाजपा उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दो दिवसीय आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। खेल मैदान पर बच्चों का उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने लायक रही। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए भी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महिला शिक्षिकाओं के बीच म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सुलोचना शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में पूनम गुप्ता प्रथम, दिव्या शर्मा द्वितीय तथा उज्ज्वला विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष शिक्षकों की 200 मीटर दौड़ में अम्मार आलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता शिक्षक-शिक्षिकाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि इंजीनियर विवेक गुप्ता ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. शांति शरण मिश्र ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजनों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सकारात्मक सोच और मेहनत करने की भावना विकसित होती है। विद्यालय प्रबंधक फैज अहमद एवं प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ खेलकूद एवं रचनात्मक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

कार्यक्रम में सरिता गुप्ता, कंचन गुप्ता, सुलोचना शर्मा, कौशिकी पटेल, दिव्या शर्मा, पूनम गुप्ता, शहनाज खातून, उज्ज्वला विश्वकर्मा, शुभम प्रजापति, अम्मार आलम सहित समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। आयोजन विद्यार्थियों के लिए उत्साह, प्रेरणा और यादगार अनुभव का अवसर बना।

बस, टैक्सी, टेंपो व ई-रिक्शा स्टैंड पर पंपलेट बांटकर यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत महराजगंज यातायात पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न बस, टैक्सी, टेंपो एवं ई-रिक्शा स्टैंड पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालकों और यात्रियों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालकों एवं यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के महत्व के बारे में जानकारी दी। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, सड़क पर सतर्कता बरतने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।पुलिसकर्मियों ने बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है। थोड़ी सी लापरवाही न केवल वाहन चालक, बल्कि अन्य राहगीरों और यात्रियों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सड़क पर जिम्मेदारी और सावधानी के साथ चलना चाहिए। पुलिस ने आमजन से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दें और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनकर दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करें।

अधिवक्ता आत्महत्या के मामले में लिव-इन पर एफआईआर

प्रयागराज। महिला सिपाही के भाई अधिवक्ता पुष्पराज सिंह उर्फ विपिन की आत्महत्या के मामले में अब नया मोड़ आया है। उनके चाचा ने भतीजे की लिव-इन पार्टनर सोनम सिंह उर्फ नमिता सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि वह उनके भतीजे को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। उसकी कमाई अपने पास रखती थी और विरोध करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। इतना ही नहीं, कहती थी- 'मरने के बाद ही मुझसे छूट पाओगे, इसलिए तुम खुद ही मर जाओ।' परिजनों का दावा है कि लगातार मानसिक दबाव और प्रताड़ना से परेशान होकर ही पुष्पराज ने आत्मघाती कदम उठाया। फतेहपुर जिले के दमापुर गांव निवासी पुष्पराज सिंह उर्फ विपिन प्रयागराज के अल्लापुर में रहकर विधि व्यवसाय करते थे।

हवाई हमले और ब्लैकआउट की स्थिति से निपटने के लिए महराजगंज में मॉक ड्रिल

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज । हवाई हमले एवं ब्लैकआउट जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए रविवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर कलक्ट्रेट परिसर में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। शाम 6 बजे से 6:30 बजे तक चले अभ्यास में हवाई हमले की चेतावनी, ब्लैकआउट, आग लगने और 10 लोगों के फंसे होने की काल्पनिक स्थिति बनाकर विभिन्न विभागों की तत्परता एवं आपसी समन्वय परखा गया।सायरन बजते ही ब्लैकआउट लागू किया गया और विद्युत विभाग ने प्रकाश व्यवस्था बंद कर दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा, रेस्क्यू एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय हुईं। फायर सर्विस ने आग पर नियंत्रण का अभ्यास किया, जबकि रेस्क्यू टीम ने सभी 10 व्यक्तियों को सुरक्षित निकालकर मेडिकल पोस्ट पहुंचाया। स्वास्थ्य टीम ने ट्रायेज के दौरान सात लोगों को सामान्य श्रेणी में प्राथमिक उपचार दिया तथा तीन गंभीर घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर करने का अभ्यास किया।मॉक ड्रिल में आठ एंबुलेंस और सात फायर टेंडर तैनात रहे। सभी राहत एवं बचाव कार्य पूरे होने के बाद ब्लैकआउट समाप्त कर विद्युत व्यवस्था बहाल की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, एसडीएम विजय यादव, जिला आपदा विशेषज्ञ चंदन द्विवेदी सहित पुलिस, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

समाजसेवा और विकास की विरासत छोड़ गए राजमंगल पांडेय, 34वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व केंद्रीय मंत्री

राजमंगल पांडेय ने समाज को एक सूत्र में पिरोने की पेश की थी मिसाल, आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं



समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजमंगल पांडेय की 34वीं पुण्यतिथि रविवार को कसया स्थित राजभवन में सादगी एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा समाज के प्रति योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राजमंगल पांडेय ने अपने जीवन में सामाजिक समरसता, जनसेवा और विकास को सर्वोपरि रखा। उन्होंने समाज को एक सूत्र में पिरोने की ऐसी मिसाल पेश की, जिसे आज भी याद किया जाता है। उनके दरबार से कोई भी व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटता था। अपनी समस्या लेकर पहुंचने वाले लोगों की मदद करना और उनके समाधान का प्रयास करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा था। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार और रोजी-रोटी का प्रबंध कर उनके परिवारों को सहारा दिया। देवरिया और कुशीनगर के विकास में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन केवल राजनीतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं था, बल्कि जनसेवा, सामाजिक सरोकार और जरूरतमंदों की मदद के लिए समर्पित रहा। वक्ताओं ने कहा कि पद और प्रतिष्ठा समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, लेकिन व्यक्ति के अच्छे कर्म और समाज के लिए किए गए कार्य उसे पीढ़ियों तक जीवित रखते हैं। स्वर्गीय राजमंगल पांडेय आज भी अपने सेवा कार्यों और उदार व्यक्तित्व के कारण लोगों के बीच आदर के साथ याद किए जाते हैं। उनके बताए रास्ते पर चलना और उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम मे स्वर्गीय पाण्डेय के धर्मपत्नी रमाराज पाण्डेय ने आगंतुकों का स्वागत किया वही उनके पुत्र राजाराज पाण्डेय ने सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए आभार व्यक्त किया।

जो ब्राह्मण हित की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा : राजेंद्र नाथ त्रिपाठी

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

बछरावां-रायबरेली। कस्बे के रायबरेली रोड स्थित एक मैरिज लॉन में रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) की ओर से जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला के नेतृत्व में विशाल विप्र सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी पत्नी सहित मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमानंद चतुर्वेदी ने की। शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।मुख्य अतिथि राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ने की जरूरत है। समाज के लोगों पर हो रहे अत्याचार और अपमान के खिलाफ अब संगठित आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि समाज अपनी लड़ाई शास्त्र और शस्त्र दोनों के साथ आगे बढ़ाएगा। राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अब समाज उसी का समर्थन करेगा, जो ब्राह्मण हित की बात करेगा। उन्होंने कहा कि जो ब्राह्मण हित की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा।उन्होंने प्रत्येक परिवार से घर के पूजा स्थल पर भगवान परशुराम का चित्र और गुल्लक रखने तथा प्रतिदिन एक रुपये जमा करने की अपील की। सालभर में एकत्रित 365 रुपये संगठन को देने का आह्वान किया, ताकि संगठन मजबूत हो और समाज की आवाज संसद तक पहुंच सके।इस अवसर पर विद्यासागर अवस्थी, विनोद कुमार द्विवेदी, भगवान कुमार अवस्थी, राकेश त्रिवेदी सहित कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। विभिन्न कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

श्री अन्न की खेती की ओर लौटें किसान, पोषण और बेहतर स्वास्थ्य के साथ बढ़ाएं आयः- विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा

मिलेट्स की खेती, प्राकृतिक कृषि, दलहनी फसलों एवं उन्नत गन्ना उत्पादन की तकनीकों से किसानों को किया गया जागरूक

तमकुहीराज में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला, मेला एवं प्रदर्शनी के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने दी किसानों को महत्वपूर्ण जानकारियां

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

कुशीनगर । जनपद के तमकुहीराज कस्बा स्थित रामलीला मैदान में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला, मेला एवं प्रदर्शनी के दूसरे दिन विभिन्न कृषि विशेषज्ञों एवं वक्ताओं ने किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती, प्राकृतिक कृषि, फसल सुरक्षा, दलहनी फसलों तथा उन्नत गन्ना उत्पादन की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक फाजिलनगर सुरेन्द्र कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए विभिन्न कल्याण कारी योजनाएं संचालित कर रही है। किसानों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने श्री अन्न (मिलेट्स) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोटे अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें फाइबर, कैल्शियम एवं अन्य खनिज तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने, हड्डियों को मजबूत बनाने तथा पाचन तंत्र को बेहतर बनाए रखने में सहायक हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक अनाज के साथ-साथ अपने खेतों में मोटे अनाज की खेती को भी पर्याप्त स्थान दें, ताकि खेती में विविधता आने के साथ ही पोषण सुरक्षा को भी बढ़ावा मिल सके। उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से पराली न जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ ही मिट्टी के उपयोगी तत्व एवं सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है और फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को अपनी फसलों का बीमा कराने के लिए भी प्रेरित किया, ताकि दैवीय अथवा प्राकृतिक आपदा से फसलों को होने वाली क्षति की स्थिति में नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्राप्त हो सके। कृषि विज्ञान केंद्र, सरगटिया सेवरही की वैज्ञानिक ऋद्धि वर्मा ने मिलेट्स की खेती एवं उसके पोषण संबंधी महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

नेताजी के संघर्ष और समाजवादी विचारधारा को सुरेश पांडेय ने किया नमन

मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर पूर्व राज्य मंत्री ने साझा कीं पुरानी तस्वीरें

समृद्धि न्यूज ब्यूरो



रायबरेली। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व राज्य मंत्री सुरेश पांडेय ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नेताजी के साथ बिताए पुराने पलों की तस्वीरें साझा करते हुए उनके राजनीतिक संघर्ष, समाजवादी विचारधारा और संगठन को मजबूत बनाने में दिए गए योगदान को याद किया।दिल्ली में मौजूद सुरेश पांडेय ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का पूरा जीवन सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और वंचित वर्गों की आवाज बुलंद करने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उत्तर प्रदेश में समाजवादी विचारधारा को मजबूत आधार दिया और राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की उनकी कार्यशैली हमेशा याद की जाएगी।उन्होंने कहा कि नेताजी ने विपरीत राजनीतिक परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखी। मुख्यमंत्री से लेकर देश के रक्षा मंत्री तक की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जनसरोकारों के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।सुरेश पांडेय ने कहा कि नेताजी का स्नेह और मार्गदर्शन उनके राजनीतिक जीवन की अमूल्य धरोहर है। भले ही मुलायम सिंह यादव आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन सामाजिक न्याय और समाजवादी विचारधारा के प्रति उनका योगदान सदैव प्रासंगिक बना रहेगा।

ऊंचाहार में 14 से अधिक सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास

अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य : मनोज पांडेय

समृद्धि न्यूज ब्यूरो



ऊंचाहार (रायबरेली)। विकासखंड दीनशाह गौरा क्षेत्र में रविवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडेय ने 14 से अधिक नई सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के कई गांवों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।मंत्री ने पूरे बल्लू से बेहीखोर, अंबरा मथई से पूरे देवी तक सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत सुट्ठा हरदो में डेढ़ किलोमीटर पक्की सड़क तथा अलीपुर चकराई और जमनीपुर चरुहार में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके अलावा कोरौली बुधकर, चरुहार जियायक, गौरा हरदो, पूरे भोपाल सिंह, गौरा बाजार और साईं टिकरिया सहित अन्य ग्राम पंचायतों में भी सड़क परियोजनाओं की शुरुआत की गई।झरहा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उनका राजनीतिक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि झूठे वादों और नारों के सहारे जनता से वोट लेने वालों ने क्षेत्र के विकास की अनदेखी की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गरीबों, कमजोरों, पिछड़ों और दलितों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश आज विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उनका संकल्प है कि ऊंचाहार के प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचे और पात्र लोगों को उनका अधिकार मिले।इस मौके पर प्रधान शुभेंद्र सिंह, प्रधान शिवनारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष देवेश लोधी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदयभान गौतम, ब्लॉक प्रभारी अशोक मिश्रा, टिन्नी मिश्रा, धीरज, राम सुंदर, ककोरे, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अभिनव सिंह, अनुराग सिंह और रविंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

मायावती ने पूर्व कन्नौज बसपा जिलाध्यक्ष बबलू गौतम को फिर सौंपी कानपुर मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी

कन्नौज। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पूर्व कन्नौज जिलाध्यक्ष बबलू गौतम पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें कानपुर मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। 20 नवंबर 2026 को बबलू गौतम ने लखनऊ स्थित मायावती के आवास पर अपनी पत्नी और बेटे के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मायावती से आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान मायावती ने बबलू गौतम को दोबारा कानपुर मंडल की जिम्मेदारी सौंपी। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बबलू गौतम ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बहनजी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करेंगे। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

लखनऊ महारैली की तैयारी में जुटी भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी

कन्नौज। लखनऊ में 26 नवंबर को प्रस्तावित एआईएमआईएम, आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी की संयुक्त महारैली को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक कर महारैली की रणनीति तैयार की। नेताओं ने कन्नौज से करीब 10 हजार लोगों को महारैली में शामिल कराने का दावा किया। बैठक में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सूरज कर्ण ने कहा कि महारैली में जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक लखनऊ पहुंचेंगे। इसके लिए गांव और क्षेत्र स्तर पर संपर्क कर लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। भाजपा की बी टीम कहे जाने के सवाल पर सूरज कर्ण ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब दूसरे दल भी अपने दम पर चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें भाजपा की बी टीम क्यों नहीं कहा जाता? राजनीति में प्रत्येक दल को चुनाव लड़ने का अधिकार है। दूसरे दलों पर आरोप लगाने वालों को पहले अपने राजनीतिक फैसलों और भूमिका पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि महारैली के माध्यम से संगठन की ताकत और राजनीतिक भागीदारी को प्रदर्शित किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने एक स्वर में पढ़ी संविधान की प्रस्तावना

तिर्वा/कन्नौज। कैप्टन बीपीएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'एक स्वर, एक संविधान' विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संविधान के मूल सिद्धांतों, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार झा के निर्देशन तथा प्राधिकरण की सचिव पौमेला श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सचिव ने विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना समझाई। उन्होंने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन रहा। सचिव, विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों ने एक स्वर में प्रस्तावना पढ़कर संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान का संदेश दिया गया।

पेड़ पर फंदे के सहारे लटकता मिला युवक का शव

कन्नौज। दरगाह के पीछे एक नीम के पेड़ पर फंदे के सहारे एक 20 वर्षीय युवक का शव लटकता हुआ मिलने की खबर से हड़कंप मच गय।

बताते चलें कि, कन्नौज शहर के सदर कोतवाली के मोहल्ला शेखपुरा में हाजी शरीफ दरगाह के पीछे स्थित एक नीम के पेड़ पर फंदे के सहारे युवक का शव मिला है। सुबह 11 बजे के करीब युवक का शव मिलने के मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर अपनी सुपुर्दगी में लिया है। मृतक युवक की पहचान 20 वर्षीय रोहित पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। मामले कि सूचना जब परिजनों तक पहुंची तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला शुरू हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है और मामले में जांच पड़ताल शुरू करते हुए आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले में मृतक के परिजनों ने बताया कि, बीते शनिवार की रात 10 बजे के करीब रोहित घर से निकला था। परिजनों को लगा कि, मोहल्ले में शादी समारोह के चलते रोहित वहां गया होगा। काफी रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई तो उसकी खोजबीन शुरू की गई लेकिन कोई पता नहीं चल सका। सुबह दर्दनाक घटना की जानकारी पर परिजनों सहित आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आगे बताया कि रोहित बीते कुछ दिनों से किसी बात को लेक परेशान था। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि, जांच पड़ताल चल रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

योगी रथ के माध्यम से गांव-गांव पहुंचाई जाएगी सरकार की योजनाओं की जानकारी



छिबरामऊ, कन्नौज। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और घर तक योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को योगी रथ रवाना किया गया। शिव मंदिर, छिबरामऊ में भगवान शिव एवं सूर्य देवता की पूजा-अर्चना के बाद योगी रथ का विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस अभियान के माध्यम से योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का पत्रक गांव-गांव और घर-घर पहुंचाया जाएगा। साथ ही संगीत के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य आम जनता को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। अभियान के संयोजक धर्मेंद्र कश्यप एवं श्याम तिवारी हैं। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिवम त्रिपाठी, धर्मेंद्र कश्यप, श्याम तिवारी, गोपाल दुबे, ओम जाटव, मुकेश जाटव, दीपू सविता, भूपेंद्र शाक्य, विनोद जाटव, कक्कन दुबे, ऋषि दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गरीब मजदूरों को फल बांट कर मनाई नेताजी की जयंती

छिबरामऊ, कन्नौज। लखनऊ से अपने पैतृक गृह जनपद पहुंचे समाजसेवी एवं सपा नेता अन्वेष कुमार सिंह चौहान ने श्रद्धेय नेताजी की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वह छिब अपने पैतृक गांव कुंवरपुर कंडोली पहुंचे, जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इसके बाद वह सौ शैया अस्पताल पहुंचे। यहां भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए तथा मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद क्षेत्र के कई ईंट-भट्ठों पर पहुंचकर काम करने वाले गरीब मजदूरों को भी फल वितरित किए। इस मौके पर इंजीनियर अन्वेष कुमार सिंह चौहान ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी के समाजवादी सिद्धांत और मानवीय मूल्य हमेशा समाज को सेवा, सहयोग और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने नेताजी को नमन करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने और जीवनभर जरूरतमंदों की सहायता करने का संकल्प दोहराया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गोपाल गुप्त की 60वीं पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण, लोगों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

तिराहा पार्क में हुआ कार्यक्रम, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण रहे मुख्य अतिथि, मंत्री कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गोपाल गुप्त की 60वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर गुरसहायगंज स्थित तिराहा पार्क में उनकी प्रतिमा का अनावरण एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, मंत्री कैलाश राजपूत, जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, विधायक अर्चना पाण्डेय, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, फर्रुखाबाद के विधायकगण, दिल्ली प्रांत के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक भी पहुंचे और उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गोपाल गुप्त को श्रद्धांजलि अर्पित की, इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए श्रीगोपाल गुप्त का त्याग, संघर्ष और योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा, उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया, उनकी पुण्य स्मृतियों को शत-शत नमन किया गया।

कार्यक्रम में उनकी स्मृति को संजोने के उद्देश्य से प्रतिमा की स्थापना एवं पार्क का निर्माण कराने के लिए विधायक अर्चना पाण्डेय का आभार व्यक्त किया गया, सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रमुख समाजसेवी शंभू दयाल गुप्ता, दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी धर्मेंद्र कौशल सहित पूरे परिवार एवं सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा, कार्यक्रम में पहुंचे हजारों की संख्या में लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को नमन कर उन्हें पुष्प अर्पित किए, इस दौरान प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीगोपाल गुप्त जैसे महापुरुषों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, उन्होंने कहा कि ऐसे सेनानियों की स्मृति को जीवित रखना हम सबका दायित्व है, प्रतिमा का अनावरण आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति, त्याग और सेवा का संदेश देगा, उन्होंने कहा कि सरकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गोपाल गुप्त का जीवन सादगी, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा का प्रतीक था, उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगा, पूरा जीवन देश और समाज के लिए समर्पित कर दिया, उनकी प्रतिमा की स्थापना से नगर के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। इस मौके पर गोपाल दास गुप्ता समाजसेवी राधेश्याम सह बार गोपाल गुप्ता एडवोकेट कृष्ण मुरारी उर्फ बबलू गुप्ता देबू गुप्ता सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़, 100 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हड्डी के 60 और पेट के 40 मरीजों का हुआ परीक्षण, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी परामर्श एवं उपचार संबंधी सलाह

समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को गुरसहायगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, भगवान पेट एवं यकृत संस्थान एवं कानपुर चिकित्सा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में लगभग 100 मरीजों ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग से संबंधित 60 मरीजों तथा पेट एवं यकृत संबंधी बीमारियों से पीड़ित 40 मरीजों का परीक्षण किया गया, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया। शिविर में चलती फिरती दूरबीन जांच वाहन के माध्यम से आधुनिक जांच एवं उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, शिविर में पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श और अस्थि घनत्व जांच निःशुल्क रखी गई, जबकि दूरबीन जांच की सुविधा मात्र एक हजार रुपये में उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मंगलम चिकित्सालय के संचालक राम मिलन सिंह तोमर ने कहा कि नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य रहा है, वह वर्षों से नगरवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उनका प्रयास है कि लोगों को छोटी बड़ी बीमारियों के उपचार और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह के लिए बड़े शहरों की दौड़ न लगानी पड़े और उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि पेट, यकृत, घुटने एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं को अक्सर लोग सामान्य दर्द या परेशानी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि समय पर जांच और उपचार न होने पर यही समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं, ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को समय रहते जांच कराने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का अवसर मिलता है।

कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियां परखने पहुंचे डीएम-एसपी

मेंहदी घाट पर सुरक्षा, सफाई और रोशनी के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने को कहा

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार ने मेंहदी घाट का संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं समय से पूरी करें।

डीएम ने घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग, तीन पालियों में सफाई, पर्याप्त प्रकाश, शुद्ध पेयजल और साफ शौचालयों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम, चिकित्सा शिविर और घाट के दोनों ओर एंबुलेंस तैनात रहेंगी। कंट्रोल रूम, सीसीटीवी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम सक्रिय रखने को कहा। सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित गोताखोर, आपदा मित्र और सिविल डिफेंस की तैनाती होगी। फिसलन रोकने के लिए बालू भरी बोरियां लगाई जाएंगी।निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन दुकानों में सामग्री की गुणवत्ता पर डीएम ने नाराजगी जताई। एसडीएम सदर को सीमेंट, मौरंग और सरिया की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। एसपी ने मोटरबोटों पर पुलिसकर्मियों के साथ टॉर्च, सीटी, लाइफबॉय और अन्य सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से रखने को कहा। निरीक्षण में एएसपी अजय कुमार, सीएमओ डॉ. विकास चंद्रा सहित अधिकारी मौजूद रहे।

नेताजी की 87वीं जयंती पर सपाइयों ने किया नमन, 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प

सपा कार्यालय में जुटे नेता और कार्यकर्ता

मुलायम सिंह यादव के संघर्षों और योगदान को किया याद

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती रविवार को पार्टी कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए की ताकत के दम पर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आनंद बाबू यादव ने कहा कि नेताजी ने गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रजनीकांत यादव ने कहा कि नेताजी का कन्नौज से गहरा जुड़ाव रहा और उन्होंने यहां से लोकसभा चुनाव भी जीता था। पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिगंबर सिंह यादव ने रक्षा मंत्री रहते हुए शहीद जवानों के पार्थिव शरीर पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव पहुंचाने की परंपरा शुरू करने को उनका ऐतिहासिक योगदान बताया। रामशंकर लोधी ने मुफ्त सिंचाई, कर्जमाफी और कृषक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी और सयुस के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं। आकाश शाक्य ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय होने और मतदाता सूची पुनरीक्षण में पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने की अपील की। शशिमा सिंह दोहरे ने भावुक होते हुए कहा कि नेताजी उनके लिए पिता और अभिभावक के समान थे। वह बड़े नेताओं की भीड़ में भी छोटे कार्यकर्ताओं को पहचानकर उनका हालचाल पूछते थे।

बाबा साहब के विचारों से मिलेगी समानता और सामाजिक न्याय की प्रेरणा : असीम अरुण



भवानीपुर प्रताप में स्थापित हुई डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा मंत्री असीम अरुण ने किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। भवानीपुर प्रताप गांव में भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण ने प्रतिमा का लोकार्पण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रतिमा स्थापित होने पर ग्रामीणों में खुशी देखी गई। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन वंचित और कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने तथा समानता पर आधारित समाज बनाने के लिए समर्पित किया। उनका जीवन शिक्षा, संघर्ष और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर उन्होंने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक भेदभाव दूर करने और समरसता को मजबूत करने की जरूरत है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिला स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

राष्ट्रीय महा अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का दिया आमंत्रण

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, व्यापार को मजबूत बनाने तथा समाज के सर्वांगीण उत्थान से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और सभी विषयों पर सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एसोसिएशन के आगामी राष्ट्रीय महा अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया। रक्षा मंत्री ने आमंत्रण सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम के लिए शीघ्र समय देने का आश्वासन दिया।अंत में एसोसिएशन की ओर से रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक लोकेश अग्रवाल (लखनऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा (कानपुर), राष्ट्रीय महामंत्री राजीव वर्मा (आगरा), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश वर्मा (आगरा), राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामानंद वर्मा (कन्नौज), राष्ट्रीय प्रभारी सुधीर कुमार सिंह सोनी (हरदोई), प्रदेश संयोजक श्याम जी अग्रवाल (लखनऊ) तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा (हापुड़) शामिल रहे। महिला विंग से राष्ट्रीय संरक्षक अंजू अग्रवाल (लखनऊ) एवं राष्ट्रीय महामंत्री जया वर्मा (कानपुर) ने भी प्रतिनिधिमंडल में सहभागिता की।

हिंदू समाज को एकजुट करने को एकजुटता की है महती आवश्यकता: ऋषफ जी

कन्नौज। हिंदू समाज की एकजुटता ही हमारे समाज की मजबूती की नींव है। अगर हिंदू एक होगा तो हमें अपने अधिकारों को प्राप्त करने से लेकर हमारी सुरक्षा भी मजबूत होगी। उपरोक्त उद्गार विश्व हिंदू परिषद के हित चिंतक अभियान संकल्प के तहत आयोजित सदस्यता अभियान कार्यकम में संगठन के जिला संगठन मंत्री रिषफ जी ने कहे। बताते चलें कि, रविवार को तिर्वा नगर के मुख्य गांधी चौक चौराहे के निकट स्थित कलावती धर्मशाला के पास विहिप के उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ जिला संगठन मंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ भगवान श्रीराम के चित्र पर दीप प्रज्वलन करके किया। बताते चलें

युवा संसद में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता के लिए किया प्रेरित

नशामुक्त और विकसित भारत के संकल्प पर दिया जोर

युवाओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। मेरा युवा भारत, कन्नौज एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बाबा विश्वनाथ विद्या मंदिर हाई स्कूल, सैंसारपुर में ब्लॉक स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवाओं को नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी, संस्थापक रमेश अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार एवं यूथ क्लब अध्यक्ष नारायण सिंह का सम्मान किया गया। प्रशिक्षक ममता तिवारी, यशिका तिवारी, मनू दुबे एवं विकास कुमार ने मेरा युवा भारत और नशामुक्त भारत विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं को पोर्टल से जुड़कर प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण, युवा संवाद एवं स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। छिबरामऊ ब्लॉक के निवर्तमान प्रभारी नारायण त्रिपाठी ने युवाओं के जीवन को स्वामी विवेकानन्द जी से जुडने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा एवं प्रतिभा का सकारात्मक उपयोग ही विकसित भारत के संकल्प को साकार कर सकता है।

जयंती पर नेताजी मुलायम सिंह को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर कई जगह आयोजित कार्यक्रमों में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव ने कहा कि नेताजी के विचारों और समाजवादी सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए गए थे। इस मौके पर आलोक दुबे, अनुराग बाजपेई, हारुन खान, आरिफ खान, मोनू चौहान, अमित यादव, रमन यादव, राहुल कठेरिया, सौरव कटारिया, अंकुर सिंह यादव, भोला तिवारी, जय यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पीपल चौराहा पर आयोजित समाजवादी व्यापार सभा के कार्यक्रम में पद्म विभूषण से सम्मानित 'धरतीपुत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर, गोविंद यादव, अशोक चौहान, देवांग पाल, रामकुमार यादव, सलमान एवं सतीश सहित अन्य साथी उपस्थित रहे। आवास विकास कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर स्वदेश पाल, देवेश पाल, अंजू मिश्रा, गौरव यादव, आशीष सिंह, बीनू पाल, राजेश, मीना, गोलू यादव, अंकित कुमार, जबर सिंह, मेघनाथ पाल आदि मौजूद रहे।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती आयोजित

रामेश्वर पहलवान ने जीती पल्सर बाइक और ढाई लाख का इनाम

महिला विंग में प्रथम पूनम फोगाट को 1 लाख रुपये का मिला इनाम

फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर 193 विधानसभा अमृतपुर के ग्राम नवादा सिरोली मढ़ी के पास रविवार को एक भव्य अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सपा के नि0 प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव रहे। दंगल का उद्घाटन पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव ने फीता काटकर किया।

दंगल में देश के विभिन्न हिस्सों से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

महान भारत केसरी रामेश्वर पहलवान (हाथरस) ने भारत केसरी सोमवीर पहलवान (कुरुक्षेत्रए हरियाणा) को हराकर शानदार जीत दर्ज की। विजेता रामेश्वर पहलवान को दंगल के आयोजक डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक 150 सीसी पल्सर बाइक और 2 लाख 51 हजार रुपये की नकद राशि व ट्राफी भेंट की। उपविजेता रहे सोमवीर पहलवान (हरियाणा) को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2 लाख 11 हजार रुपये की नकद धनराशि प्रदान की गई। दंगल में दिल्ली केसरी आसिफ पहलवान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें भी 1 लाख रुपये की धनराशि व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह से तृतीय व चतुर्थीय एवं पंचम स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को 1-1 लाख रुपये व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा जिला केसरी राजेश पहलवान (आगरा), सुरेश पहलवान (मथुरा), शेरू (पंजाब) और सचिन (गोरखपुर) सहित कई दिग्गज पहलवानों ने अपनी कुश्ती का शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबलों में इंटरनेशनल महिला पहलवान पूनम फोगाट (कुरुक्षेत्र हरियाणा) ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिन्हें डा0 जितेन्द्र सिंहद यादव ने 1 लाख रुपये की धनराशि व ट्राफी देकर सम्मानित किया, जबकि अंशु मलिक (गाजियाबाद) को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दंगल का संचालन राष्ट्रीय एलाउंसर ठा0 पवन सिंह (मऊ) ने किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर कार्यक्रम के आयोजक डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, तहसीन सिद्दीकी, सर्वेश अंबेडकर, नागेंद्र शाक्य, अजीत कठेरिया, रामसेवक यादव, सरल दुबे, बलराम यादव मैनपुरी, विनय यादव, सत्यवीर गंगवार, मनदीप यादव, सुधांशु पाठक, डॉ0 नवरंग सिंह, रविंद्र सिंह यादव चुन्नू, साजिद खान, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, अंश दुबे, यूसुफ पटेल प्रधान, शुभम राय हनी, संतोष यादव, अरविंद कश्यप, धर्मेंद्र राजपूत, विजेंद्र सिंह प्रधान, रूकमंगल सिंह, अजीत यादव और हरीश सिंह यादव नगर पंचायत मोहम्मदाबाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक व ग्रामीणों की अपार भीड़ मौजूद रही। संचालन सुरेन्द्र सिंह गौर ने किया।



फीता काटकर दंगल का शुभारम्भ कराते रामसेवक यादव व कार्यक्रम के आयोजक डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, सरल दुबे

दंगल के जरिए नशा मुक्ति व परंपरा को बढ़ावा देने की पहलः डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं दंगल आयोजक डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव स्वयं पहलवान थे और उन्होंने राजनीति में भी अपने दांव-पेंच दिखाए। उन्हें पहलवानी बेहद पसंद थी, इसलिए उनकी जयंती पर दंगल आयोजित करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था।

डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि आज का युवा तेजी से नशे की चपेट में जा रहा है। जब युवा पहलवानी और इस तरह के पारंपरिक खेलों से जुड़ेंगे, तो वे नशे से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर साल यह दंगल आयोजित किया जाएगा और नशे के खिलाफ अभियान चलाकर युवाओं को गलत लत से बचाने का संदेश दिया जाएगा।



अखाड़े में पहलवानों के बीच डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, तहसीन सिद्दीकी आदि

दंगल के रोमांच में खुद को रोक नहीं पाए आयोजक

.....भीड़ के बीच जमीन पर बैठकर देखी कुश्ती.....



जमीन पर दर्शकों के बीच बैठकर कुश्ती देखते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव

फर्रुखाबाद। ग्राम नवादा सिरोली मढ़ी के पास आयोजित कुश्ती दंगल के दौरान रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया। दंगल में चारों ओर से उमड़ी अपार भीड़ और पहलवानों के दांव-पेंच पर गूंजती तालियों की गड़गड़ाहट के बीच ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने दर्शकों का ध्यान खींच लिया। मुकाबलों की बढ़ती रोमांचकता के बीच मंच पर बैठे कार्यक्रम के आयोजक एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव खुद को रोक नहीं पाए। वे मंच से उठकर नीचे आए और आम दर्शकों व भीड़ के साथ जमीन पर बैठकर कुश्ती का आनंद लेने लगे। सपा नेता डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव का इस तरह सादगी के साथ भीड़ के बीच जमीन पर बैठकर मुकाबले देखना लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। उनके इस अंदाज ने दर्शकों के उत्साह को और बढ़ा दिया और पूरे दंगल परिसर में तालियों व जयकारों से माहौल जीवंत हो उठा।



स्वास्थ्य, अनुशासन और परंपरा का संगम

फर्रुखाबाद। कुश्ती को हमारी प्राचीन परंपरा और जीवनशैली का हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे शरीर ताकतवर और दिमाग मजबूत बनता है। जीत-हार की आदत से बच्चों और युवाओं की ग्रुमिंग व अपग्रेडिंग बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद में इस तरह का पहला कार्यक्रम कराया गया है और आगे कई स्थानों पर अखाड़े बनवाकर इसकी शुरुआत की जाएगी। शहर के युवाओं के जिम जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि युवाओं को दंगल में भी आना चाहिए, क्योंकि यह हमारी मूल संस्कृति है।

कई राज्यों से पहुंचे पहलवान, अगले महीने विदेश से भी आएंगे खिलाड़ी

फर्रुखाबाद। डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि दंगल में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित कई प्रदेशों से पहलवान पहुंचे हैं। उन्होंने घोषणा की कि अगले महीने अंतरराष्ट्रीय दंगल कराने की योजना बनाई जा रही है, जिसमें विदेश से भी पहलवान बुलाए जाएंगे और फर्रुखाबाद में कुश्ती को एक नया आयाम दिया जाएगा।



जीतू पहलवान फर्रुखाबाद, नितिन पहलवान पटियाली का हाथ मिलवाते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव अजीत यादव



पूनम फोगाट, अंशु मलिक इंटरनेशनल महिला पहलवान का हाथ मिलवाते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, तहसीन सिद्दीकी, सरल दुबे आदि



दंगल को देखते हुए डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी चंद्रपाल सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी वरिष्ठ सपा नेता सरल दुबे



दंगल में डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते ग्राम नवादा की युवा साथी



पहलवान पागल बाबा लाठी हनुमान गढ़ी, सनी पहलवान गाजियाबाद की कुश्ती का शुभारम्भ कराते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व मंदीप यादव



रामेश्वर सिंह हाथरस, शेरा पहलवान पंजाब को आशीर्वाद देते जिलाध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह यादव, डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, तहसीन सिद्दीकी, सुरेन्द्र सिंह गौर



प्रथम पुरस्कार विजेता रामेश्वर सिंह द्वितीय पुरस्कार विजेता सोमवीर सिंह हरियाणा तृतीय पुरस्कार विजेता पूनम फोगाट हरियाणा को ट्राफी सौंपते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव



दंगल का देखते हुए अपार जन समूह



रामेश्वर सिंह पहलवान हाथरस, सोमवीर सिंह पहलवान हरियाणा हाथ मिलाते व विजेता को बाइक देते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव

नेताजी की जयंती पर वृद्धाश्रम में सपा नेताओं ने वितरित किये फल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव की जयंती पर रविवार को कादरी गेट स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गो को फल वितरित किए। फल प्राप्त करने के बाद वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने समाजवादी साथियों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव, नरेंद्र सिंह यादव, शशांक सक्सेना, महेश जाटव, आयुष यादव,समीर, मसरूर, शाहयार खां सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं मुलायम सिंह यादव का जन्म दिवस कार्यक्रम महानगर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान महासचिव रजत क्रान्तिकारी के नवदिया स्थित कार्यालय में आयोजन किया गया। सभी ने नेता जी के चित्र पुष्प पत्र अर्पित किए। रजत क्रान्तिकारी ने कहा कि नेता जी सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते हुए कमजोर, बेबस, लाचार, अपाहिज, शोषित, वंचितों की उनके हक दिलाने के साथ साथ उनमें स्वावलंबन, की चेतना जागृत की। इस दौरान जहान सिंह लोधी, प्रवेश कटियार, अजय कटियार, राजीव शाक्य, जियाउद्दीन, मुन्ना यादव, मसरूर खां, श्याम प्रकाश, सरदार रामपाल सिंह, रामजी मिश्रा, सेंकी यादव, अफसान खां, शक्ति यादव, गोविंद यादव आदि उपस्थित रहे।



फल वितरित करते एवं जयंती मनाते सपा नेता

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने अनाथ बेटी के किये हाथ पीले

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय के नेतृत्व में कमालगंज ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह गहिरवार के द्वारा संगठन के सभी पदाधिकारियों ने मिलकर शादी संपन्न करवाई। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के लगभग 50 लोगों ने कन्यादान किया। प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडे ने बताया कि इस बच्ची के मां-बाप बचपन में ही खत्म हो गए थे। अनाथालय में पली बड़ी हुई इसकी शादी का जिम्मा कमालगंज ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह गहवार ने अपने जिम्मे लिया। जब संगठन के सभी लोगों को जानकारी हुई तो सभी ने बढ़-चढ़कर योगदान किया। प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडेय ने बताया कि यह पहली शादी है, जिसको अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने करवाया है। आगे भविष्य में हम सभी लोग मिलकर अन्य ऐसी कन्याओं की शादियां करवाएंगे, जिनका कोई नहीं होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा, अशोक कुमार कुशवाहा, जियारूल रहमान मुफीद, मंजुल मिश्रा, संजीव सिंह, सुनीत कालरा, आसिफ जमा खान, अभिनव कटियार, राजेश यादव, जय ओम शुक्ला, मनीष यादव, सनी कटियार, अनुराग अवस्थी, पुष्पेंद्र सिंह गहरवार, पारस बॉथम, आशीष तिवारी, डॉ0 गीतेश तिवारी, क्षितिज शर्मा, अतुल मिश्रा, जतिन कुशवाहा, सहदेव कुशवाहा, विनीत शाक्य मौजूद रहे।



द्वादश वार्षिकोत्सव एवं 655वाँ पार्थिवेश्वरनाथ रुद्राभिषेक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पांचाल घाट गंगा तट पर श्री गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा गंगा स्वच्छता अभियान के जन जागरण हेतु आयोजित द्वादश वार्षिकोत्सव एवं 655वाँ श्रीपार्थिवेश्वरनाथ रुद्राभिषेक भव्यता एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बड़े गुरु जी महाराज ओंकारदास ब्रह्मचारी, संरक्षक ईश्वरदास महाराज एवं कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यदेव पाण्डेय उपस्थित रहे। संतों ने गंगा स्वच्छता अभियान में भक्तों का जन जागरण कर प्रेरणा प्रदान की और कहा कि गंगा केवल नदी नहीं, माँ हैं, इनकी स्वच्छता ही सच्ची सेवा है। द्वितीय दिवस में भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का 655वाँ रुद्राभिषेक विद्वान आचार्य ओंकारनाथ मिश्रा ने विधिवत वेद की ऋचाओं के साथ सम्पन्न कराया गया। पवित्र जल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, पंचामृत, इक्षुरस, औषधियों के रस की रसधाराओं एवं गंगाजल के साथ रुद्राष्टाध्यायी के पाठ द्वारा संस्थापक अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय ने पत्नी अभिषेक कर सभी के लिए मंगल कामना हेतु पूजन किया। इस अवसर पर आनंददास, सुनील, मौनी महाराज, रामदास, दिवाकरानंद ने भी मंगल कामनाओं के साथ पूजन किया। इसके पश्चात संत भोज, भंडारा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। सायंकाल राम राज्याभिषेक में बड़े गुरु ओंकारदास ब्रह्मचारी ने भगवान श्री राम का राजतिलक किया। भजन संध्या में नवीन मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, गौरव मिश्रा, देवेंद्र दुबे आदि ने स्वर संगम के साथ संगीत में भजन संध्या में भक्ति रस की गंगा में भक्तों को आनंदित किया। सत्यव्रत पाण्डेय ने सभी लोगों का अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, पुष्प मालाओं के साथ स्वागत किया। रात में भक्तों ने गंगा में दीपदान कर दीपोत्सव मनाया। श्रीरामचरित मानस का वाचन ओम पाण्डेय, दिलीप मिश्रा, राजेश मिश्रा, अभिषेक बाजपेई, रोहित अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर प्रभात अवस्थी, प्रभात मिश्रा, अवधेश पाण्डेय, तरुण पाण्डेय, रघुवंश मिश्रा, विजय अग्निहोत्री, उमाशंकर गुप्ता, बबिता पाठक, अलोक मिश्रा, शरद बाजपेई, अनुराग वर्मा, सुबोध गुप्ता, गोपाल कृष्ण मिश्रा, शीलेन्द्र पाण्डेय, सर्वज्ञ पाण्डेय, गुणज्ञ पाण्डेय, देवनारायण मिश्रा, सौरभ तिवारी, विजय अग्निहोत्री, रोहित तिवारी, बसंत शुक्ला, अनमोल अग्निहोत्री, राहुल वर्मा, हर्षित भजन, अरविंद दीवाना, विनय गुरु जैन, तनुज तिवारी, बलबीर सिंह, राम नारायण सिंह, दिलीप अवस्थी, मनोज मिश्रा, मनोज दीक्षित, रोहित तिवारी, अक्षत मिश्रा, आकाश वर्मा, गोपाल कृष्ण, सुरेंद्र सिंह चौहान, अनमोल अग्निहोत्री, गोविंद अवस्थी, अमन दुबे, सचिन मिश्रा आदि रहे।



पार्थिवेश्वरनाथ का रुद्राभिषेक करते भक्तगण

भागवत कथा में दक्ष की कथा व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंजा पंडाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

कादरीगेट कृष्णा नगर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर शनिवार को कथा स्थल पर भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास अविचल महाराज ने दक्ष प्रजापति की कथा एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य लीला का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि दक्ष प्रजापति ने अहंकार में आकर भगवान शिव का अपमान किया, जिसके कारण माता सती ने यज्ञ कुंड में अपने प्राण त्याग दिए। उन्होंने समझाया कि अहंकार मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो। जो व्यक्ति भगवान और संतों का अपमान करता है, उसका विनाश निश्चित है। इसके बाद जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा प्रारंभ हुई, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास ने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए जन्म लेते हैं। कंस के अत्याचारों से त्रस्त देवकी-वसुदेव की पुकार पर भगवान ने भादों की अंधेरी रात में मथुरा के कारागार में अवतार लिया। जन्मोत्सव के दौरान भगवान के बाल स्वरूप का भव्य अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर, नाच-गाकर जन्मोत्सव मनाया। बच्चा स्वामी महाराज का समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। महाराज ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया और सभी भक्तों को कथा श्रवण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा कलियुग में मोक्ष का सबसे सरल साधन है। उनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर जितेंद्र कुमार मिश्रा, नरेंद्र शुक्ला, एसएल मिश्रा, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, सर्वेश दीक्षित, सुमित मिश्रा, जितेंद्र सिंह, प्रदीप मिश्रा, रोहित दीक्षित, प्रेम प्रकाश मिश्रा, पप्पू मिश्रा, मुकेश मिश्रा, मधुरेश दीक्षित, बंटू दीक्षित उपस्थित रहे।



कथा का श्रवण करते भक्तगण

खबरें एक नजर में

फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग के अंडर-18 मुकाबले शुरू यंग स्टार व पीएन एकेडमी ने जीते मैच



खिलाड़ी को शील्ड देते विक्रम अग्रवाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम में फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग सीजन-16 के अंतर्गत रविवार से अंडर-18 आयु वर्ग के मैच शुरू हो गए। दूसरा मैच यंग स्टार ने गायत्री स्कूल को हराया। दूसरा मुकाबला यंग स्टार और गायत्री स्कूल के बीच खेला गया। यंग स्टार के कप्तान निखिल मिश्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जो सही साबित हुआ। यंग स्टार की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 192 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें रोहन ने 54, अंश ने 37, ऋषभ यादव ने 30 और ओम तिवारी ने 24 रन बनाए। गायत्री स्कूल की ओर से काजल यादव, आनंद, सक्षय और हर्षित ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गायत्री स्कूल की टीम 9.4 ओवर में 85 रन ही बना सकी। टीम के लिए सक्षय ने 20, पार्थ ने 16 और ऋषि ने 11 रन बनाए। यंग स्टार की ओर से रिषु यादव ने 4 और निखिल मिश्रा ने 3 विकेट झटके। शानदार प्रदर्शन के लिए गगन कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहला मैच पीएन एकेडमी कायमगंज ने 86 रन से दर्ज की। पहला मैच पीएन एकेडमी कायमगंज और नितिन इलेवन फतेहगढ़ के बीच खेला गया। पीएन एकेडमी कायमगंज के कप्तान पार्थ पाठक ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 142 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाजी में आदित्य ने 32, गगन ने 29, काबिल ने 24 और पार्थ पाठक ने 13 रन का योगदान दिया। नितिन इलेवन की ओर से शिव प्रताप ने 4, पीयूष ने 2 तथा ऋषि श्रीवास्तव व अंश ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नितिन इलेवन फतेहगढ़ की टीम 9 ओवर में 56 रन बनाकर सिमट गई। टीम के लिए फरस ने 16 और अंश ने 9 रन बनाए। इस तरह पीएन एकेडमी कायमगंज ने यह मुकाबला 86 रन से जीत लिया। मो0 शमी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी विक्रम अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। मो0 शमी ने 4 ओवर में 8 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

धूमधाम से मनाया गया 78वां एनसीसी दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

एनसीसी की 78वीं स्थापना दिवस पर 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ में कर्नल एएस मलिक के निर्देशन में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें एनसीसी की स्थापना उद्देश्य तथा युवाओं के चरित्र निर्माण के बारे में बताया गया।

78वीं एनसीसी दिवस पर लगभग 70 एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी दिवस के अवसर पर एनसीसी के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक ने एनसीसी दिवस मनाए जाने का कारण बताते हुए कहा कि इस दिवस के मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करना, जीवन में समयबद्धता, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का महत्व समझाना, युवाओं में नेतृत्व, निर्णय लेने और जिम्मेदारी निभाने की क्षमता विकसित करना, ईमानदारी, आत्मविश्वास, साहस और नैतिक मूल्यों का विकास करना, समाज और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए प्रेरित करना, जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना, युवाओं को सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रति सम्मान तथा राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना है। वहीं एनसीसी अधिकारी कैप्टन गिरिजा शंकर ने कहा कि एनसीसी दिवस प्रत्येक वर्ष नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इस वर्ष एनसीसी दिवस 22 नवंबर, रविवार को मनाया जा रहा है। वर्ष 1948 में दिल्ली में एनसीसी की पहली यूनिट स्थापित किए जाने के अवसर की स्मृति में यह दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नवंबर 1948 के अंतिम रविवार को दिल्ली में पहली एनसीसी यूनिट स्थापित किए जाने के समारोह की अध्यक्षता की थी। एनसीसी अधिनियम 1948 के अंतर्गत संगठन का गठन 16 जुलाई 1948 को हुआ था। जबकि नवंबर का चौथा रविवार परंपरागत रूप से एनसीसी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल एक वर्दी या प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित युवाओं का एक सशक्त आंदोलन है। एनसीसी कैडेट देश की युवा शक्ति के प्रतिनिधि हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने जीवन में अनुशासन, नेतृत्व, एकता, सेवा और समर्पण के आदर्शों को अपनाएँ। हमें गर्व है कि एनसीसी के माध्यम से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक बनने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हैं। एनसीसी दिवस पर हम संकल्प लें कि राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में सदैव अपना योगदान देंगे। समापन एनसीसी सॉन्ग से किया गया। इस अवसर पर बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिकए,एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खारोड, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार शैलेंद्र सिंह, सूबेदार गिरिराज किशोर के साथ अन्य पी स्टाफ मौजूद रहा।



रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स

नरसिंह अवतार व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर गुलाल उड़ाकर मनाया उत्सव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विकास खंड कमालगंज के गांव कुन्दनगनेशपुर में अध्यापक धनपाल राजपूत के आवास पर चल रही श्रीमदभागवत कथा के व्यास पं0 रामजी मिश्र ने अपने श्रीमुखारबिंद से अमृतमयी कथा का रसपान कराते हुए भगवान के अनन्य भक्तों ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, भक्त प्रहलाद कथा जिसमें बताया कि हिरणाकश्यप ने बेटे प्रहलाद को मारने के लिए बहुत प्रयास किए, लेकिन मार न सका। जिसको राखै साईया मार सके न कोय, हिरणाकश्यप को मिले वरदान से भगवान ने नरसिंह का रूप धारण करके बगैर अस्त्र शस्त्र के अपने नाखूनों से ही हिरणाकश्यप का प्रांणात कर किया। कई यातनाएं झेलने के बाद भी बेटे प्रहलाद ने पिता की सदगति के लिए भगवान से विनय की।

नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद शिविर में 86 मरीजों की हुई जांच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेवा धर्म समिति के तत्वावधान में रविवार को ग्रामीण बैंक शुक्ररूल्लापुर मार्केट परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कानपुर आई सेंटर से पहुंचे डॉ0 राम शर्मा और उनके सहयोगी अभिषेक ने मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर का शुभारंभ डा0 राजेश बाबू दुबे, अंकुर श्रीवास्तव, जितेंद्र चतुर्वेदी, अनिल अवस्थी, हरिओम अवस्थी, उमेश शुक्ला ने मां गंगा के चित्र व स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत संस्था सचिव अविनाश सारस्वत, अमन शुक्ला, अभिजीत मिश्रा, विवेक मिश्रा, स्वदेश अवस्थी ने माल्यार्पण कर किया। शिविर में डॉ0 राम शर्मा ने कुल 86 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। जिनमें से 14 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इस दौरान अविनाश सारस्वत नीरज, शैलजा सारस्वत, अभिजीत मिश्रा, विवेक मिश्रा, अमन शुक्ला, स्वदेश अवस्थी, आजाद खान मौजूद रहे।



युवा कवि दिलीप कश्यप बने वीणा सहित्य परिषद के अध्यक्ष

गोष्ठी में वही काव्य की धारा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था वीणा साहित्य परिषद् के तत्वावधान में साधारण सभा बैठक में कार्यकारणी की घोषणा की गई एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

रविवार को शहर के लाल सराय स्थित कलमकार भवन में आयोजित साधारण सभा बैठक में कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से युवा कवि दिलीप कश्यप कलमकार को अध्यक्ष व राम मोहन शुक्ल को महामंत्री व नीरज शर्मा को कोषाध्यक्ष, जय प्रकाश मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रियांशु पाण्डेय उपाध्यक्ष, विशाल श्रीवास्तव को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। संरक्षक मण्डल में वरिष्ठ कवि राम शंकर अवस्थी, राम अवतार शर्मा इंदु, कृष्ण कांत अक्षर, नलिन श्रीवास्तव, दिनेश अवस्थी ने नई कार्यकारणी की घोषणा की। वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इंदु ने कहा कि वीणा साहित्य परिषद् जनपद की प्राचीन संस्थाओं में से एक है। इसकी स्थापना वर्ष 1980 में जेपी टंडन अलौकिक तथा राम शंकर अवस्थी ने की थी, इसका उद्देश्य नव साहित्यकारों को संरक्षण देना है। वरिष्ठ कवि राम शंकर अवस्थी अबोध ने कहा कि वीणा साहित्य परिषद् अपने पूर्व गौरव को पुनः प्राप्त करेगी। वरिष्ठ गज़लकार नलिन श्रीवास्तव ने कहा तूने चादर कहां बिछाली है, ये इमारत तो गिरने वाली है, सैकड़ों कत्ल करके भी उसने, आज गंगाजली उठा ली है। कृष्ण कांत अक्षर ने कहा कि बाँसुरी की भाषा शिशुपाल कब मानते है, उनके लिए कराल चक्र होना चाहिए। दिनेश अवस्थी, विपिन अवस्थी, देवेश तिवारी, विशाल श्रीवास्तव, प्रियांशु पाण्डेय आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन राम मोहन शुक्ल ने किया। अध्यक्षता कृष्णकांत अक्षर ने की। इस मौके पर सर्वेंद्र कुमार अवस्थी, रोहित दीक्षित, नीरज शर्मा, अभिषेक चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।



चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के सुधीर बने अध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की जनपद शाखा के सहयोगी घटक उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ का चुनाव एवं कार्यकारिणी गठन संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार निर्वाचित हुए। जिन्होंने सचिन कुमार से दो मत अधिक प्राप्त कर जीत दर्ज की। बाद में सचिन कुमार को सर्वसम्मति से कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, महामंत्री पद पर विक्रम सिंह राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनीता देवी तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश सारस्वत ने की। निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी प्रणवीर सिंह की उपस्थिति में तथा पर्यवेक्षक विजय शंकर तिवारी व मनोज कुमार के संचालन में संपन्न कराई गई। आशीष कुमार शुक्ला ने संगठन को मजबूत व संगठित रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी साथी की समस्या होने पर महासंघ को अवगत कराया जाए। विजय शंकर तिवारी कोषाध्यक्ष ने कहा कि सहयोग राशि केवल संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए है। प्रमोद कुमार दीक्षित अध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही सभी संघों के सहयोग से एक मंच पर आकर कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित और महामंत्री आशीष कुमार शुक्ला मौजूद रहे। महासंघ के महामंत्री ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई।



समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर किया विरोध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की जनपद शाखा ने अपनी विभिन्न मांगों और विभागीय कार्यप्रणाली के विरोध को लेकर विकास खंड सभागार बढ़पुर में बैठक आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन व ज्ञापन की रणनीति तय की गई। बैठक के दौरान समिति ने प्रमुख रूप से चार बड़े बिंदुओं पर अपनी बात रखी। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी की कथित भ्रष्ट नीतियों और अशिष्ट भाषा शैली का कड़ा विरोध किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के रोके जा रहे वेतन का तत्काल भुगतान कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। शाम 5 बजे के बाद आयोजित होने वाली बैठकों का विरोध जताया गया। कर्मचारियों की अन्य सेवा संबंधी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण कराए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इन सभी मांगों और समस्याओं को लेकर 23 नवम्बर को सुबह 10:30 बजे मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

व्यापार मंडल के कृष्ण कुमार द्विवेदी बने नगर महामंत्री

नगर कमेटी में हुई नई नियुक्तियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर कमेटी में रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। नगर महामंत्री पद पर कृष्ण कुमार द्विवेदी, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आकाश श्रीवास्तव तथा नगर कोषाध्यक्ष पद पर सौरव गुप्ता को दायित्व सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने बताया कि नगर कमेटी के महामंत्री रहे विवेक कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा युवा जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद नगर महामंत्री का पद रिक्त चल रहा था। इस रिक्त पद पर कृष्ण कुमार द्विवेदी का चयन जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता और जिला कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल की आम सहमति से किया गया है। नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता की सहमति से आकाश श्रीवास्तव को नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा जिला कमेटी व नगर अध्यक्ष की सहमति से सौरव गुप्ता को नगर कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने आशा व्यक्त की है कि तीनों नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने पदों की गरिमा बनाए रखते हुए व्यापारिक हितों के लिए कार्य करेंगे, व्यापारी समाज का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।



खबरें एक नजर में

सपा की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

सुलतानपुर। मीरानपुर गांव में शनिवार को समाजवादी पार्टी की संगठनात्मक बैठक विधानसभा महासचिव रियाज अहमद खान के आवास पर हुई। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव ने की। मुख्य अतिथि इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान रहे। बैठक में बूथ कमेटियों की समीक्षा और आवश्यकतानुसार पुनर्गठन के साथ कार्यकर्ताओं के मोबाइल में पीडीए स्वाभिमान ऐप डाउनलोड कराने पर चर्चा हुई। विधायक ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में जोन, सेक्टर प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार युवक व दो युवतियां घायल

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के पूनी भीम पट्टी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-731 स्थित अंडरपास के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक और दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया गया, जहां स्वाति निषाद की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायलों की पहचान शुभम कुमार गौतम निवासी बेदूपारा, लम्भुआ, पूजा निषाद निवासी कादीपुर खुर्द और स्वाति निषाद निवासी कुर्मियान रामपुर, लम्भुआ के रूप में हुई। तीनों चांदा फोरलेन स्थित एक होटल में काम करते हैं। बताया जाता है कि शुभम दोनों युवतियों को लेने बाइक से गया था। वापस लौटते समय पूनी भीम पट्टी अंडरपास के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में शुभम और पूजा का सीएचसी प्रतापपुर कमैचा में उपचार चल रहा है।

अधिवक्ताओं को मिलेगी वातानुकूलित सभागार की सौगात, आज होगा भूमि पूजन

सुलतानपुर। लंभुआ तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए वातानुकूलित सभागार का निर्माण कराया जाएगा। सोमवार को सुबह 11 बजे भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। इसमें निषाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक इंजी. प्रवीण निषाद शामिल होंगे। सभागार का निर्माण सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक एवं निषाद पार्टी के स्थानीय नेता डॉ. आशीष तिवारी की ओर से कराया जा रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष साधू सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. आशीष तिवारी ने अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए सभागार निर्माण की घोषणा की थी। इसी क्रम में सोमवार को निर्माण कार्य की शुरुआत होगी। सभागार बनने से अधिवक्ताओं को बैठकों, विचार-विमर्श और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।

सड़क हादसे में अधिवक्ता घायल, लखनऊ रेफर

सुलतानपुर। अधिवक्ता अय्यूब उल्लाह खान रविवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह सुलतानपुर से बाइक से बल्दीराय तहसील क्षेत्र के कल्याणपुर नटौली में एक मुकदमे के सिलसिले में मुआयना करने जा रहे थे। वल्लीपुर बाजार से पहले एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए।सूचना पर पहुंचे अरशद पवार ने उन्हें अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार, अधिवक्ता के दाहिने पैर और हाथ की एक अंगुली में फ्रैक्चर हुआ है। इसके अलावा सिर, कमर, बाएं पैर और दाहिने हाथ में भी चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

एसपी ने कई थानेदार बदले, दो उपनिरीक्षक को मिला थाने का प्रभार

सुल्तानपुर। काफी दिनों से एक थाने पर जमे कई थाना प्रभारियों को एसपी विनीत जायसवाल ने इधर से उधर किया।एसपी द्वारा तबादला सूची के अनुसार प्रभारी एंटी भू माफिया सेल प्रमोद मिश्रा को मोतिगरपुर प्रभारी,हलियापुर प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव को गोसाईगंज थाना प्रभारी,पुलिस में तैनात शिव नारायण मिश्रा को लंभुआ थाना प्रभारी,धम्मौर प्रभारी रहे कमलाकांत त्रिपाठी को कोतवाली देहात थाना प्रभारी,कोतवाली देहात थाना प्रभारी रहे धर्मवीर सिंह को धम्मौर थाना प्रभारी,धनपतगंज थानाध्यक्ष रही अंजू मिश्रा को महिला थानाध्यक्ष,देहली चौकी इंचार्ज रहे संदीप त्रिपाठी को धनपतगंज थानाध्यक्ष,कादीपुर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक तरुण पटेल को चांदा थानाध्यक्ष नियुक्त किया है।वही शनिवार आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी निरीक्षक मोतिगरपुर अनिरुद्ध सिंह,गोसाईगंज प्रभारी निरीक्षक अखंडदेव मिश्रा व चांदा प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा को लाइन हाजिर किया था। लंभुआ कोतवाल रहे धीरज कुमार गैर जोन के लिए रिलीव किए गए।

गौकशी का अवशेष मिलने से हड़कंप, मुकदमा दर्ज

कुड़वार सुल्तानपुर। शारदा सहायक खंड 49 के किनारे गौकशी के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ सीओ सिटी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। बंधुआ कला थाना क्षेत्र पड़वापुर मझगंवा के मध्य नहर की पटरी के दक्षिणी तरफ अजियाउरदेई अल्पिका के पास सुल्तानपुर अमेठी बार्डर रविवार सुबह गौकशी के अवशेष मिलने पर हड़कंप मच गया।जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों सहित गौरक्षा वाहनी के जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा ने पुलिस कप्तान विनीत जायसवाल को सूचना दी।सूचना पर एसपी ने तत्काल बंधुआ कला थानाध्यक्ष प्रमोद पटेल के साथ सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर सीओ सिटी ने निरीक्षण किया।सीओ ने बताया कि घटना सही है।पुलिस के तरफ से मुकदमा दर्ज आरोपियों की तलाश की जा रही है।जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

पेड़ से गिरकर युवक जख्मी

कुंडा-प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के भीख का पुरवा पुरनेमऊ गांव निवासी शिव दर्शन यादव का 24 वर्षीय बेटा भोरे यादव शनिवार दोपहर किसी काम से पेड़ पर चढ़ा था। संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरकर घायल हो गया। घबराए परिजन उसे सीएचसी कुंडा ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया।

मारपीट कर अंगूठा काटने पर मुकदमा दर्ज

कुंडा-प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी रामलाल का 49 वर्षीय बेटा शिवमूरत 19 नवंबर की शाम अपने घर के सामने बैठा था। तभी गांव का ही युवक पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर डंडे से उसको पीटा और बाएं हाथ के अंगूठे को काट दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो वह जान से मारने की धमकी देते भाग निकला। पीड़ित शिव मूरत की तहरीर पर पुलिस ने जलालपुर गांव निवासी सचिन कुमार के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है।

बुखार पीड़ित मासूम की मौत

कुंडा-प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के पूरे जीत चौधरी गांव निवासी धीरेन्द्र सिंह का सात वर्षीय मासूम बेटा कई दिनों से बुखार से पीड़ित चल रहा था। उसकी मां, बेटे का इलाज गांव के ही निजी चिकित्सक से करा रही थी। रविवार सुबह करीब आठ बजे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। मां उसको सीएचसी लाई। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

तेज रफ्तार बाइक पत्थरों से फिसली, युवक की मौत

कंपिल, समृद्धि न्यूज। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पड़े पत्थरों से फिसल गई। जिससे बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो का इलाज जारी है। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी राजकुमार माथुर का बीस वर्षीय पुत्र आकाश अपने दोस्त चंदन व कुनाल के साथ रविवार दोपहर एक बजे बाइक कंपिल बाजार से घर वापस जा रहे थे। कंपिल अलीगंज मार्ग पर गांव गिरधारी नगला के निकट तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पड़े पत्थरों से फिसलकर अनियंत्रित हो गई। जिससे तीनों बाइक सवार युवक सिर के बल सड़क पर जा गिरे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस व स्वजनों को दी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को लोहिया रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान आकाश की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। तीनों बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। मृतक आकाश छः भाई विकाश, विक्रम, शिवम, सनी बहिन प्रियंका में दूसरे नंबर का था। मृतक की मां फूलन देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। स्वजनों के अनुसार मृतक बीएससी का छात्र था। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तेज रफ्तार बाइक मोड़ पर फिसल गई। स्वजनों ने किसी प्रकार की सूचना नहीं दी है।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुचिया में महिला ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली के मोहल्ला कुचिया निवासी अधिवक्ता सत्यम मिश्रा की 38 वर्षीय पत्नी अजीता मिश्रा ने रविवार सुबह अपने दो मंजिले मकान की खूंटी में दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह गहलोत और तिकोना चौकी इंचार्ज शाकिर अली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया गया है कि फतेहगढ़ में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता सत्यम मिश्रा की तिकोना पुलिस चौकी के पास फर्नीचर की दुकान है। अजीता का मायका फतेहगढ़ के मोहल्ला नवदिया में है, जहां वह एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षण कार्य करती थीं। वह तीन दिन पहले ही ससुराल आई थीं। उनके परिवार में पुत्र विनम और बेटी पीहू हैं।

महिला व युवा मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने पर जोर, गांवों में कराएं मुनादी

डीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, बीएलओ को घर-घर पहुंचने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्धारित मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों, बीएलओ और सुपरवाइजर से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति जानी। उन्होंने महिला और युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर विशेष जोर दिया। डीएम ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और पात्र महिलाओं का नाम प्राथमिकता से सूची में जोड़ा जाए। मतदाता सूची में महिला-पुरुष अनुपात सुधारने के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गरिमा सोनकरिया ने बीएलओ और सुपरवाइजर से घर-घर सर्वेक्षण तथा प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने गांवों में मुनादी और लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार कराने तथा बीएलओ को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। नवविवाहित महिलाओं और नए युवा मतदाताओं को चिह्नित कर उनका नाम सूची में शामिल कराने को कहा। अधिकारियों को अभियान पारदर्शिता और समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

पराली लदे ट्रैक्टर की टक्कर से तीन वर्षीय बच्ची की मौत, महिला का पैर टूटा



मोतिगरपुर, सुलतानपुर। शारदा सहायक खंड-16 नहर के पास खरगपुर के निकट रविवार दोपहर धान की पराली लदे ट्रैक्टर की टक्कर से दो बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का बायां पैर टूट गया। दूसरी बाइक पर आठ माह का बच्चा भी सवार था। जानकारी के अनुसार, भवानीपुर निवासी रेशमा (32) अपने पति आलोक के साथ बाइक से दियरा बाजार स्थित मायके जा रही थीं। इसी दौरान ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं, पेमापुर निवासी पूजा यादव (25) अपने आठ माह के बेटे अर्पित और तीन वर्षीय बेटी कृतिका के साथ पड़ोसी हरीश निषाद की बाइक से ढकवा, प्रतापगढ़ जा रही थीं। ट्रैक्टर की चपेट में आने से कृतिका गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कृतिका को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रेशमा को प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में लेकर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से परिवार में मातम छा गया।

702वें उर्स-ए-मख़दूम व मेला शेखपुर की तैयारियों को लेकर बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 702वें उर्स-ए-मख़दूम व मेला शेखपुर की तैयारियों को लेकर दरगाह कैंपस में सज्जादानशीन हज़रत मौलाना अज़ीज़ुल हक़ हाशमी ग़ालिब मियाँ सोहरवर्दी की सरपरस्ती में बैठक हुई। मेला कमेटी अध्यक्ष भुवन बर्तरिया व अन्य सदस्यों के सुझावों पर मेले को 5 सेक्टरों में बांटकर प्रत्येक का इंचार्ज नियुक्त किया गया। छड़ियों की सूचना के लिए अलीदराज़ को जिम्मेदारी दी गई तथा नेटवर्क समस्या से निपटने के लिए सेक्टर इंचार्जों को वॉकी-टॉकी देने का निर्णय लिया गया। हाफिज़ खुर्शीद व डॉ. जेपी वर्मा ने परंपराओं पर विचार रखे, जबकि प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए 23 नवंबर को एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिलेगा। उर्स व मेला 23 से 30 नवंबर तक चलेगा। 23 नवंबर को शाम 6 बजे परचम कुशाई, रात 9 बजे महफ़िले मीलाद और तड़के 3:30 बजे सज्जादानशीन भक्तों के साथ भोजपुर स्थित चिल्लेगाह जाएंगे। जहां 24 से 28 नवंबर तक क़याम रहेगा और 28 नवंबर को महफ़िले सिमा होगी। 29 नवंबर को शेख जी के डोले व छड़ियों के साथ दरगाह शेखपुर वापसी होगी, इसी दिन मेला शेखपुर लगेगा तथा रात 9 से सुबह 5 बजे तक जश्न-ए-सरकारे मदीना होगा। 30 नवंबर को सुबह फज्र की नमाज़ के बाद आखिरी कुल होगा। बैठक में इसरार अहमद, योगेंद्र कुमार, रामसेवक, गौरव गुप्ता, अरीब खान, वारिस खान, ऋषि वर्मा, आयुष दुबे, मो. तरीक, बिल्लू श्रीवास्तव, सलमान सोहरवर्दी, विजय शर्मा व तौफ़ीक़ सोहरवर्दी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

23 से 30 नवंबर तक होगा आयोजन

मारपीट कर पत्नी व तीन बच्चों को घर से निकालने का आरोप, पति पर केस दर्ज

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के गड़मा कोइरीपुर गांव में पत्नी और तीन बच्चों के साथ मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता बंदना गौतम का आरोप है कि उसका पति गोरेलाल गौतम शराब के नशे में आए दिन मारपीट करता था। करीब एक माह पहले उसने मारपीट कर उसे तीन बच्चों समेत घर से निकाल दिया। तब से वह लम्भुआ थाना क्षेत्र के बेदुपारा स्थित मायके में रह रही है। पीड़िता ने पति पर दूसरी शादी करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी पति का कहना है कि पत्नी शादी के बाद ज्यादातर समय घर से बाहर रहती थी, जिसके कारण उसने दूसरी शादी की। अब पहली पत्नी घर आकर विवाद कर रही है।

दिलीप चौहान हत्याकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



अखंडनगर थाना क्षेत्र के सखौली गांव में दिलीप चौहान की हत्या के मामले में वांछित आरोपी आरोप चौहान को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। शनिवार रविवार की रात पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सजमपुर अंडरपास के पास हुई मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस के अनुसार 16 नवंबर को हुई दिलीप चौहान की हत्या के मामले में आरोप चौहान पुत्र राजेश चौहान निवासी जगदीशपुर साड़ी, थाना अखंडनगर वांछित था। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने फायरिंग की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।हत्याकांड में दो नामजद आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा कार्यालय पर हुआ भण्डारा

सपा नेताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



परिचय-मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते सपा नेता

आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय में समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पद्म विभूषण से सम्मानित, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में किया गया। नेताओं एवं पदाधिकारियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और विजय यादव द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। संचालन सपा नेता मुन्ना यादव ने किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि नेताजी ने सदैव समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य किया।

अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि नेताजी का जीवन संघर्ष और जनसेवा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया।

उर्मिला राजपूत ने कहा कि नेताजी ने अपने राजनीतिक जीवन में गरीबों, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया। जमालुद्दीन सिद्दीकी, ने कहा कि नेताजी ने हमेशा सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सर्वसमाज के हितों को प्राथमिकता दी। नदीम अहमद फारूकी ने कहा कि नेताजी ने समाज के हर वर्ग को राजनीतिक भागीदारी और सम्मान दिलाने का कार्य किया। विजय यादव पूर्व महानगर अध्यक्ष ने नेताजी मुलायम सिंह यादव जी के साथ बिताए अपने व्यक्तिगत संस्मरण साझा करते हुए कहा कि नेताजी का कार्यकर्ताओं के प्रति स्नेह, अपनापन और सम्मान देने का तरीका हमेशा याद रहेगा। सर्वेश अंबेडकर, ओमप्रकाश शर्मा, राजीव शाक्य, सुरेंद्र सिंह गौर ने विचार रखे। इस मौके पर भोला यादव, शिवम पटेल, बीना शर्मा, अजय यादव, मनोज यादव, नंदकिशोर दुबे, शिव शंकर शर्मा, रामजी वाजपेयी, रामपाल सिंह यादव, मुजाहिद अंसारी, मसरुर अहमद, विकास गुप्ता मौजूद रहे।

2027 चुनाव में मजबूत गठबंधन से मुकाबला दिलचस्प होगा: सलमान खुर्शीद

बोले- गठबंधन न हुआ तो लोकतंत्र को होगा नुकसान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में यदि मजबूत गठबंधन बनता है तो मुकाबला बेहद दिलचस्प होगा और नतीजों में कुछ भी संभव है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का उद्देश्य केवल किसी को सत्ता से हटाना नहीं होना चाहिए, बल्कि जनता के सामने स्पष्ट विचारधारा, नीतियों और एक मजबूत विकल्प के साथ आना चाहिए। समाजवादी पार्टी के साथ सीटों के तालमेल पर खुर्शीद ने कहा कि बातचीत सकारात्मक और संतोषजनक दिशा में आगे बढ़ रही है तथा दोनों दलों के बीच समन्वय बन रहा है। उन्होंने बताया कि आखिरी दौर तक सीटों की संख्या में 10-12 सीटों का फेरबदल हो सकता है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर संवाद सकारात्मक है। गठबंधन न होने की स्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि इसके दूरगामी परिणाम लोकतंत्र और सहयोगी दलों के लिए ठीक नहीं होंगे। वहीं, चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने और मुस्लिम-दलित समीकरण को लेकर उन्होंने कहा कि गठबंधन में विभिन्न दलों के बीच तालमेल स्वाभाविक है। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पर चिंता जताते हुए खुर्शीद ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और किसी को भी इससे वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फॉर्म-6 और फॉर्म-7 से जुड़ी आपत्तियों पर विचार चल रहा है और मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा हैदराबाद समिट में विदेशी मेहमानों के बयानों और देश की छवि को लेकर उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी व संवाद कानून के दायरे में हैं तथा किसी बयान या देश की प्रतिष्ठा पर आपत्ति का निर्णय संविधान व अदालत के दायरे में होना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, उजैर अली खान, ऊषा दुबे, अंबार अली, आफताब हुसैन, तारीख बशीर, अशोक कुमार और मुफ्ती जफर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से मजदूर घायल

फर्रुखाबाद। रेलवे रोड पर रविवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मजदूरी कर घर लौट रहे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चिलौली पठान निवासी सलीम पुत्र दराब खाँ रविवार को दिनभर मजदूरी करने के बाद पैदल अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह रेलवे रोड स्थित सुजूकी एजेंसी के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीलक्स बाइक यूपी 76एई/9847 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से सलीम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

डीएम-एसपी की अध्यक्षता में ब्लैकआउट मॉकड्रिल एक्सरसाइज हुई आयोजित

हवाई हमले, अग्निकांड व अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारियों का किया गया अभ्यास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मॉकड्रिल करते अधिकारी व कर्मचारी



मौजूद डीएम व एसपी

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सायं 06 बजे पुलिस लाइन स्थित अग्निशमन केन्द्र में ब्लैकआउट मॉकड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से हवाई हमले, अग्निकांड एवं अन्य संभावित आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान अपनाए जाने वाले बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। डीएम ने बताया कि मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमलों अथवा शत्रुतापूर्ण परिस्थितियों जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों की तैयारियों का आकलन करना है। इसके साथ ही एयर रेड अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं ब्लैकआउट संबंधी व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना, आपातकालीन स्थिति में नागरिकों को समय रहते सचेत करने तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों का अभ्यास करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। डीएम ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आपदा अथवा किसी भी अप्रत्याशित आपातकालीन परिस्थिति में जनहानि को न्यूनतम रखने के लिए पूर्व तैयारी, समयबद्ध सूचना तंत्र, त्वरित प्रतिक्रिया तथा आमजन की जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसी मॉकड्रिल से वास्तविक परिस्थितियों में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को समझने और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने की क्षमता विकसित होती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, क्षेत्राधिकारी नगर अभय वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी माथुर, उपायुक्त उद्योग सोनल जिंदल, आपदा प्रबंधक आयुष्मान परिहार, नागरिक सुरक्षा कोर के कर्मचारी एवं स्वयंसेवक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सपा कार्यालय पर मनाई गई नेताजी की 87वीं जयंती



कुंडा-प्रतापगढ़। विधान सभा क्षेत्र कुंडा कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव नेताजी की 87वीं जन्म जयंती वरिष्ठ सपा नेता राम अवध यादव काका की अध्यक्षता तथा योगेंद्र मिश्रा उर्फ मौला महाराज के मुख्य आतिथ्य में समारोह पूर्वक रविवार को केक काटकर मनाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए राम अवध काका ने नेता जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी तीन बार उत्तर प्रदेश के मख्यमंत्री व एक बार भारत सरकार के रक्षा मंत्री रहते हुए देश-प्रदेश में जनकल्याण के कार्य किए है। इसी के कारण प्रदेश की शोषित पीड़ित, पिछड़े दलित अल्पसंख्यक व सर्वहारा वर्ग के लोग अपना मसीहा मानते हैं। मौला महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी ने जिन उद्देश्यों को लेकर समाजवादी पार्टी की स्थापना की थी। हम सब उनके सपनों को साकार करनेक लिए संकल्प लेते हैं, कि विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। तभी इस तानाशाही भाजपा सरकार का अंत तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना होगी। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश यादव एडवोकेट, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सरोज एडवोकेट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नोखे लाल यादव, संदीप पाल एडवोकेट, संजय गुप्ता कल्लू विश्वकर्मा, राकेश पासी, ईशु यादव, मोहम्मद इमरान, हनुमत पटेल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

डीएम ने प्रा.वि. पुलिस लाइन में स्थापित मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

आलेख्य मतदाता सूची एवं फार्म-6, 7 व 8 की उपलब्धता का लिया जायजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मतदेय स्थल का निरीक्षण करती डीएम

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा बूथ लेबल अधिकारियों बीएलओ के पास फार्म-6, 7 एवं 8 की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन फतेहगढ़ में स्थापित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित बूथ लेबल अधिकारियों से प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, नाम विलोपित कराने एवं मतदाता विवरण में संशोधन कराने के लिए उपलब्ध फार्म-6, 7 एवं 8 की स्थिति का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बूथ लेबल अधिकारी आलेख्य मतदाता सूची का गहनतापूर्वक अध्ययन करें तथा प्रत्येक मतदाता प्रविष्टि का नियमानुसार परीक्षण सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित होने से वंचित न रहे तथा अपात्र प्रविष्टियों एवं त्रुटिपूर्ण विवरणों का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी बूथ लेब